राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 342
गुरूवार 08 अक्टूबर, 2026

तापमान
अधिकतम 31°C
न्यूनतम 22°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-16 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

# भारत विकसित होने तक न रुकूंगा, न थकूंगा : मोदी

## 25 साल की सेवा पर बोले प्रधानमंत्री, 140 करोड़ देशवासी बनाएंगे विकसित भारत

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** सरकार के मुखिया के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने राजनीतिक सफर को व्यक्तिगत उपलब्धि के बजाय जनविश्वास, राष्ट्रसेवा और सामूहिक संकल्प की यात्रा के रूप में पेश किया। 'विकसित भारत संकल्प सभा' में उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जब तक भारत विकसित नहीं होता, वह न रुकेंगे, न थकेंगे और न अपने पथ से डिगेंगे। प्रधानमंत्री ने देश के सामने छोटे नहीं, बल्कि असाधारण लक्ष्य रखने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के सामने समस्याएं भले ही बड़ी हों, लेकिन उनके समाधान के लिए 140 करोड़ देशवासी मौजूद हैं।

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित सभा में मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यात्रा आज 25 वर्ष के पड़ाव तक पहुंची है। उन्होंने इस लंबे सफर का श्रेय जनता के निरंतर विश्वास, कार्यकर्ताओं के परिश्रम और लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिया।

उन्होंने कहा कि 25 वर्षों का जनविश्वास और अनुभव उनकी बड़ी पूंजी है, लेकिन यह केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे देश की पूंजी है। भावुक नजर आए प्रधानमंत्री ने कहा, 'देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है, इसलिए देश के लिए मेरा दायित्व भी सबसे अधिक है।' ■ शेष पेज 15 पर

### संकल्प

- 2047 तक भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचाने का संकल्प
- आत्मनिर्भर भारत, गरीबी उन्मूलन, मैन्युफैक्चरिंग और वैश्विक नेतृत्व पर जोर
- कहा-देश ने बहुत दिया, इसलिए हर नागरिक का मुझ पर सबसे बड़ा हक




### सीएम योगी बोले-बदल गया भारत

**लखनऊ, 07 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उनकी राजनीतिक यात्रा को 'गांव से ग्लोबल और जनसेवा से राष्ट्रसेवा' तक पहुंचने वाली यात्रा बताया। हजरतगंज स्थित पटेल पार्क में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा में योगी ने कहा कि गुजरात के एक छोटे से गांव से निकले सामान्य कार्यकर्ता से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक मोदी की 25 वर्ष की यात्रा देश में आए बदलावों से जुड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस यात्रा को 2047 के विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

### प्रधानमंत्री ने गणेश मंदिर में पूजा कर लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजधानी के सरोजिनी नगर स्थित श्री विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। बुधवार को ही सरकार के प्रमुख के रूप में उनके 25 वर्ष पूरे हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा पूरी निष्ठा के साथ देशसेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मंदिर में पूजा की जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान श्री गणेश से देशभर के लोगों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## महंगाई पर आरबीआई का ब्याज वार, रेपो रेट 5 .50%

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** महंगाई के बढ़ते दबाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों पर सख्त रुख अपनाया है। आरबीआई ने बुधवार को रेपो रेट में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर इसे 5.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। फरवरी 2023 के बाद यह पहली बार है, जब केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में इजाफा किया है। इस फैसले का सीधा असर आने वाले दिनों में कर्ज की लागत और आम लोगों की ईएमआई पर पड़ सकता है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद यह फैसला सामने आया।

केंद्रीय बैंक ने वैश्विक स्तर पर बढ़ती महंगाई की आशंका, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए मौद्रिक नीति को और सख्त करने का फैसला किया है। रेपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई बैंकों को अल्पावधि के लिए कर्ज देता है। इसके बढ़ने से बैंकों के लिए धन की लागत बढ़ती है और इसका असर आगे चलकर ग्राहकों को दिए जाने वाले ऋण पर पड़ सकता है। खासकर फ्लोटिंग रेट वाले होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरें बढ़ सकती हैं। ऐसे में नई और मौजूदा ऋण लेने ■ शेष पेज 15 पर




- कच्चे तेल की तपिश के बीच मौद्रिक नीति सख्त
- 25 आधार अंक बढ़ी दर, फरवरी 2023 के बाद पहली बढ़ोतरी
- होम, कार और पर्सनल लोन की ईएमआई पर बढ़ सकता है बोझ

### संक्षिप्त समाचार

#### सीईसी नियुक्ति कानून पर सुप्रीम कोर्ट फिर करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** उच्चतम न्यायालय मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े संशोधित कानून पर आए हालिया विभाजित फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने को सहमत हो गया है। वकील गोपाल शंकरनारायणन ने बुधवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले को मेंशन किया और दो न्यायाधीशों के विभाजित फैसले को वापस लेने की मांग की।

इस पर पीठ ने कहा, 'हम देखेंगे।' 23 सितंबर को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने इस मामले पर अलग-अलग राय दी थी।

#### पीएम मोदी और सेना प्रमुख से मिले बांग्लादेश के उच्चायुक्त

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिशों के बीच बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक त्रिवेदी सोमवार को अचानक नई दिल्ली पहुंचे और मंगलवार दोपहर करीब एक बजे प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने सेना प्रमुख से भी बातचीत की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि सेना प्रमुख और बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त के बीच हुई बातचीत में दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब भारत और बांग्लादेश 2024 में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रभावित हुए संबंधों को फिर से सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच राजनयिक संपर्क बढ़े हैं।

#### प्रदर्शनकारी छात्र असामाजिक तत्व नहीं, विरोध का अधिकार : हाईकोर्ट

**मुंबई, 07 अक्टूबर।** महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अहम टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्र असामाजिक तत्व नहीं हैं और उन्हें अपनी शिकायतों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है।

पुणे के निवासियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि सरकार को यह भरोसा दिलाना होगा कि एमपीएससी परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और बिना किसी गड़बड़ी के आयोजित हों। अदालत ने कहा कि छात्रों ने परीक्षा की तैयारी में घंटों मेहनत की है। यदि उन्हें लगता है कि प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है और उनकी बात नहीं सुनी जा रही, तो उन्हें विरोध करने का अधिकार है। राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल मिलिंद साठे ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और उनकी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं।

## अफ्रीका के साथ भारत का रिश्ता अब पीढ़ियों की साझेदारी : जयशंकर



**अकरा, 07 अक्टूबर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अफ्रीका संबंधों को नई वैश्विक व्यवस्था की अहम धुरी बताते हुए कहा कि भारत अफ्रीका को अपने दिल में बसाए हुए है और दोनों पक्ष ऐसी साझेदारी का निर्माण करेंगे, जो केवल आज की जरूरतों तक सीमित न होकर आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी आकार दे। घाना के फॉरेन सर्विस इंस्टीट्यूट में 'अफ्रीका और ग्लोबल साउथ' विषय पर आयोजित विशेष सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच सहयोग, रणनीतिक स्वायत्तता और विकास को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा उथल-पुथल भरे दौर में कूटनीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को टकराव में बदलने से कैसे रोका जाए और हित अलग होने के बावजूद सहयोग के रास्ते कैसे खुले रखे जाएं।

उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति इसी व्यापक सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

# एफआईआर को राहुल ने बताया मेडल, बोले लड़ाई जारी रहेगी

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** आकाशवाणी भवन परिसर में कथित तौर पर जबरन प्रवेश करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और 'इंडिया' ब्लॉक के अन्य सांसदों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग की ओर मार्च किया था। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद प्रदर्शनकारी बैरिकेड के पास बैठ गए थे। बाद में कुछ नेताओं ने बैरिकेड पार कर आकाशवाणी भवन परिसर में प्रवेश किया।

पुलिस के मुताबिक, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर जाने की चेतावनी दी गई थी। प्रदर्शन जारी रखने से इनकार करने पर कुछ नेताओं को हिरासत में लिया गया, जिन्हें कुछ घंटे बाद रिहा कर दिया गया। इसके बाद परिसर में कथित जबरन प्रवेश को लेकर शिकायत दर्ज कर एफआईआर की गई।

### प्रतिक्रिया



- आकाशवाणी भवन में प्रवेश पर राहुल-प्रियंका समेत विपक्षी सांसदों पर एफआईआर दर्ज
- नेता प्रतिपक्ष बोले-सीईसी ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा

एफआईआर पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनके खिलाफ पहले से करीब 45 एफआईआर हैं और वह 100 एफआईआर का आंकड़ा देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हर एफआईआर मेरे लिए एक मेडल की तरह है।'

राहुल ने स्पष्ट किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर उनका विरोध जारी रहेगा। राहुल गांधी ने दावा किया कि करीब 300 लोकसभा और राज्यसभा सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के सांसद अब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे और देश को बताएंगे कि उनके अनुसार चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्रवाई के पीछे केंद्र सरकार है और कहा कि 'ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी विरोध जारी रखने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की गतिविधियां लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही हैं।

### ज्ञानेश कुमार से सवाल, भाजपा क्यों कर रही वकालत : रंजीत

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष के आरोपों को दोहराते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग से सवाल पूछ रहा है, लेकिन जवाब देने के बजाय भाजपा नेता आयोग का पक्ष रख रहे हैं। रंजीत ने सवाल किया कि अगर चुनाव आयोग स्वतंत्र है तो उसके प्रमुख खुद सामने आकर विपक्ष के सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहे। रंजीत रंजन ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष करीब दो वर्षों से चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## आबे की मित्रता भारत-जापान के विश्वास की विरासत : योगी

**वाराणसी, 07 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे की स्मृति में बना आबे मेमोरियल कॉरिडोर भारत-जापान की मित्रता, विश्वास और साझा विरासत का जीवंत प्रतीक है।

रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कॉरिडोर के लोकार्पण के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह स्थान नई पीढ़ी के लिए एक जीवंत क्लासरूम होगा, जहां युवा सीख सकेंगे कि दूरदृष्टि रखने वाले नेताओं की मित्रता किस तरह दो देशों के भविष्य को नई दिशा दे सकती है। योगी ने कहा कि आबे को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि भारत-जापान की मित्रता हर वर्ष और मजबूत होती जाए। उन्होंने कहा कि ■ शेष पेज 15 पर

### उद्घाटन




- मुख्यमंत्री ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में किया आबे मेमोरियल कॉरिडोर का उद्घाटन
- कॉरिडोर को बताया नई पीढ़ी का जीवंत क्लासरूम

### 20 आईपीएस के तबादले, जौनपुर-बस्ती समेत कई जिलों के कप्तान बदले

**लखनऊ, 07 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। तबादला सूची में कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। जौनपुर, बस्ती, बलिया, गाजीपुर, बाराबंकी, मऊ, जालौन, बागपत और हापुड़ समेत कई जिलों में पुलिस कप्तान बदले गए हैं। तबादले के तहत यशवीर सिंह को बस्ती से जौनपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, जबकि जौनपुर के एसपी कुंवर अनुपम सिंह को पीएसी मुख्यालय, लखनऊ भेजा गया है।

इसी तरह ओमवीर सिंह को बलिया से बस्ती का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है और बलिया की कमान ईरज राजा को सौंपी गई है। रवीना त्यागी को बाराबंकी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, बाराबंकी के एसपी अर्पित विजयवर्गीय को पुलिस ■ शेष पेज 15 पर



नई दिल्ली में बुधवार को चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर आप का प्रदर्शन, सौरभ भारद्वाज बोले- काटे गए वोट दोबारा जोड़े जाएं।

- छाया तरुणमित्र

### राजपाल यादव को पैतृक संपत्ति बेचने की सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बकाया रकम चुकाने के लिए अभिनेता राजपाल यादव को पैतृक संपत्ति बेचने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को उनके दो करोड़ रुपये के तत्काल भुगतान की व्यवस्था पर गौर किया। इसमें 1.15 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट दिया जाएगा, जबकि शेष 85 लाख रुपये संपत्ति खरीदने का इच्छुक व्यक्ति 12 अक्टूबर तक चुकाएगा। इससे पहले पांच अक्टूबर को कोर्ट ने यादव को छह अक्टूबर तक शिकायतकर्ता को भुगतान करने का निर्देश दिया था और उनके रवैये पर नाराजगी जताई थी।

15 सितंबर को कोर्ट ने पांच करोड़ रुपये जमा करने के लिए अंतिम समयसीमा पांच अक्टूबर तय की थी।

### 99 .6 फीसदी नेटवर्क विद्युतीकृत के बावजूद आपातकाल में डीजल की जरूरत

# बिजली से दौड़ रही रेल, फिर भी संकट में डीजल ही सहारा

सुभाष पाण्डेय

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर।** भारतीय रेल की तस्वीर पिछले एक दशक में इतनी तेजी से बदली है कि कभी डीजल के धुएं से पहचानी जाने वाली रेल अब लगभग पूरी तरह बिजली की ताकत पर दौड़ रही है। मार्च 2026 तक रेलवे के कुल 70,142 रूट किलोमीटर में से करीब 69,873 किलोमीटर पर विद्युतीकरण हो चुका था। यानी 99.6 फीसदी नेटवर्क बिजली के दायरे में आ चुका है।

लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक ऐसा सच भी है, जो डीजल इंजन को अभी रेलवे से विदा नहीं होने देता। क्योंकि रेल की रफ्तार सिर्फ पटरी पर नहीं, बिजली की लगातार उपलब्धता पर भी टिकी है।

सोचिए, हजारों किलोमीटर का नेटवर्क इलेक्ट्रिक हो चुका है और किसी हिस्से में अचानक ओवरहेड तार टूट जाए, बिजली आपूर्ति ठप हो जाए या प्राकृतिक आपदा से लाइन प्रभावित हो जाए। इलेक्ट्रिक इंजन वहीं निर्भर हो जाएगा जहां बिजली मिलेगी। ऐसे संकट में डीजल इंजन रेलवे के लिए वैकल्पिक ताकत बन जाता है। यही वजह है कि रेलवे डीजल इंजन को पूरी तरह कबाड़ घोषित करने के बजाय रणनीतिक बैकअप के तौर पर बनाए हुए है। यह बदलाव अचानक नहीं आया।

2009-10 में सिर्फ 18,927 रूट किलोमीटर इलेक्ट्रिफाइड था। मार्च 2014 तक यह आंकड़ा 21,614 किलोमीटर पहुंचा। इसके बाद विद्युतीकरण की रफ्तार कई गुना बढ़ी और 2026 तक नेटवर्क करीब 70 हजार किलोमीटर के स्तर पर पहुंच गया।

2019-25 के बीच रेलवे ने प्रतिदिन 15 किलोमीटर से ज्यादा ट्रैक इलेक्ट्रिफाइड किया, जबकि 2004-14 के दौरान यह रफ्तार करीब 1.42 किलोमीटर प्रतिदिन थी। इसका सीधा असर डीजल की खपत पर पड़ा। 2024-25 में विद्युतीकरण के चलते करीब 180 करोड़ लीटर डीजल की बचत हुई। रेलवे के मुताबिक इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन डीजल की तुलना में करीब 70 फीसदी ज्यादा ■ शेष पेज 15 पर

### विकल्प

- शंटिंग से आपदा तक, रेलवे के लिए डीजल अब बैकअप
- तार टूटा, ग्रिड बैठा तो इलेक्ट्रिक ट्रेनें थमेंगी, डीजल संभालेगा मोर्चा
- 2024-25 में 180 करोड़ लीटर डीजल बचाया, लेकिन जरूरत पड़ने पर विकल्प अभी जरूरी

## टंकी बनी मौत का कुआं, जहरीली गैस से चार बच्चों की मौत

**मथुरा / वृंदावन, 07 अक्टूबर।** वृंदावन के चैतन्य विहार क्षेत्र स्थित एक निजी गुरुकुल में बुधवार को दर्दनाक हादसे में चार नाबालिग छात्रों की मौत हो गई। सभी की जान अंडरग्राउंड पानी की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से गई। हादसे में एक छात्र किसी तरह टंकी से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने चार बच्चों की मौत की पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार, आशीष शर्मा द्वारा संचालित 'वृंदावन गुरुकुलम' में करीब 200 बच्चे पंजीकृत हैं, जबकि वर्तमान में लगभग 100 बच्चे परिसर में रह रहे थे। शाम के समय गुरुकुल परिसर में बनी भूमिगत पानी की टंकी से तेज दुर्गंध आने के बाद पांच छात्रों ने उसकी सफाई करने का प्रयास किया। पांचों बच्चे टंकी के भीतर उतर गए।आशंका है कि टंकी के अंदर जहरीली गैस बनी हुई थी। गैस के संपर्क में आने के बाद सभी छात्र बेहोश हो गए।

इनमें चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक छात्र किसी तरह बाहर निकल आया। मृतक सभी बच्चे दूसरे राज्यों के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद गुरुकुल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर बच्चों को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के भूमिगत पानी की टंकी में उतरने की अनुमति कैसे दी गई, यह जांच का प्रमुख बिंदु होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गुरुकुल के संचालन और उसकी मान्यता की भी जांच की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में नगरीय निकाय उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में आज तहसील सलोन के सभागार में नगरीय निकाय उप निर्वाचन-2026 के अंतर्गत नगर पंचायत सलोन के रिक्त पद पर होने वाले उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

**● डीएम ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश**

बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर (आर0ओ0), सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (ए0आर0ओ0), जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, कार्मिकों की तैनाती तथा अन्य निर्वाचन व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखी जाए। निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की गहन जानकारी रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल उसका नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

बैठक के दौरान निर्वाचन से संबंधित तैयारियों, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं, कार्मिकों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न बूथो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी कानून व्यवस्था सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, उपजिलाधिकारी सलोन अंकित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनायक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी बटालियन रायबरेली के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 680 कैडेट्स की ट्रेनिंग शुरू

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** 66 यूपी बटालियन ने बैसवाड़ा डिग्री कॉलेज, लालगंज में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू किया। इस 10-दिवसीय शिविर में जिले के अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों के 680 सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग के एन सीसी कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। यह कैंप 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा और इसका मकसद अनुशासन, लीडरशिप और देशभक्ति जैसे अहम गुणों को सिखाना है। शिविर के पहले दिन रजिस्ट्रेशन और बायोमेट्रिक अटेंडेंस की प्रक्रिया हुई।




शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी कर्नल उदय भानु ,सेना मेडल ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना पैदा करना, उन्हें भविष्य के लिए ज़िम्मेदार और अच्छा नागरिक बनाना और यह तय करना है कि वे अपनी ज़िम्मेदारियों को ठीक से निभाएं। कमान अधिकारी ने अनुशासन और कड़े प्रशिक्षण के महत्व पर भी जोर दिया और बताया कि शिविर नए एनसी सी पाठ्यक्रम के अनुसार चलाया जाएगा। छात्रों को हथियारों की ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, ड्रोन ट्रेनिंग, फर्स्ट एड, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी चीजें सिखाई जाएंगी।

कमांडिंग ऑफिसर ने डी एम रायबरेली एस डी एम लालगंज और बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कैंप को आसानी से चलाने में पूरा सहयोग दिया।

# जमीन के विवाद में चार लोगों पर हमला, तीन महिलाएं घायल

**खीरों, रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के वंशीखेड़ा मजरे जोगापुर बारिगांव में पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर रविवार शाम दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के चार लोगों ने दूसरे पक्ष की तीन महिलाओं समेत चार लोगों पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, फावड़ा और बांका से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर जयदेव को पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया, जबकि नीलम और सोनादेवी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**● दो महिलाओं का जिला अस्पताल और घायल जेठ का पीजीआई में चल रहा इलाज**

वंशीखेड़ा निवासी पूजा पत्नी कुलदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के ही नाथूराम पुत्र मोहनदास ने उनकी पैतृक जमीन पर जानवर बांधकर कब्जा कर लिया था। इस संबंध में उन्होंने शनिवार को खीरों थाने में प्रार्थनापत्र दिया था। रविवार को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नाथूराम का कब्जा हटवाकर मामले का निस्तारण कर दिया। आरोप है कि पुलिस के वापस जाने के बाद शाम करीब छह बजे नाथूराम, उनके बेटे रामदीन, हरगोविन्द और सोनम पत्नी अरविन्द ने पूजा को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके जेठ जयदेव, जेठानी नीलम और सास सोनादेवी पर भी आरोपितों ने कुल्हाड़ी, फावड़ा और बांका से हमला कर दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## माध्यमिक विद्यालयीय एथलीट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**लालगंज रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलीट प्रतियोगिता 2026-27 के तीन दिवसीय प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर 3000 मीटर पैदल चाल बालक बालिका जूनियर और सीनियर, हैमर थ्रो बालक बालिका सीनियर जूनियर, बाधा दौड़ , बालक बालिका सीनियर जूनियर एवं सब जूनियर हुई। सीनियर बालिका हैमर थ्रो में तन्वी सिंह इंटर कॉलेज पूरे पांडे ने प्रथम,काजल बैसवारा इंटर कालेज द्वितीय, सोनिका सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज उसेरू तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो जूनियर बालक प्रफुल्ल इंटर कॉलेज रामबाग प्रथम, देवेश सिंह इंटर कॉलेज रामबाग द्वितीय ,अखंड प्रताप सिंह गंगाराम बाराती तृतीय स्थान किया।

# जनगणना 2027 : 106 फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का प्रथम बैच प्रारम्भ

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जनगणना-2027 को सुचारू, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार, रायबरेली में 106 फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण का प्रथम बैच प्रारम्भ हुआ। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**● जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**● जनगणना से संबंधित 40 प्रश्नों एवं उनके सही उत्तर दर्ज करने की प्रक्रिया की दी गई विस्तृत जानकारी**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर आशुतोष तिवारी एवं ऋषभ गुप्ता द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना में पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों, प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर दर्ज करने की प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों एवं सूचनाओं के संकलन तथा गणना कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना की प्रक्रिया में संकलित आंकड़ों का उपयोग विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में किया जाता है। ऐसे में जनगणना कार्य से जुड़े प्रत्येक कार्मिक का अपने दायित्वों एवं निर्धारित प्रक्रिया की पूरी जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान सभी फील्ड ट्रेनर जनगणना कार्य से संबंधित प्रत्येक बिंदु को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक समझें, ताकि तहसील एवं चार्ज स्तर पर प्रगणकों तथा अन्य संबंधित कार्मिकों को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल उसका समाधान प्राप्त करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, प्रश्नावली में सूचनाओं की सही प्रविष्टि, गणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा कार्मिकों की जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षुओं द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अपनी जिज्ञासाएं एवं शंकाएं रखीं, जिनका मास्टर ट्रेनरों द्वारा समाधान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## 11 अक्टूबर को होगी जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक

**अयोध्या, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़ी योजनाओं पर सुझाव और विचार-विमर्श के लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक 11 अक्टूबर को होगी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। उपनिदेशक पर्यटन, अयोध्या/देवीपाटन मंडल ने बताया कि बैठक में जिले के पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## मीडिएशन सेन्टर में पति पत्नी ने किया समझौता

**प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के अध्यक्ष / जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय के आदेशानुसार चल रहे मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत आज सिविल जज सी डि/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी द्वितीय के निर्देशन में आज मध्यस्थता केन्द्र सिविल कोर्ट से विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट /मीडिएटर ने आपसी सुलह समझौता से पति पत्नी की विदाई कराकर विवाद को समाप्त कराया। ज्ञात हो कि रीनू व सन्तोष कुमार (पति पत्नी) के बीच चल रहे विवाद में आज दोनों पक्ष ने आपसी विवाद और मतभेद को समाप्त करते हुए साथ साथ रहने का निर्णय ले लिया ।दोनों के संसर्ग से पुत्र व पुत्री हैं ।मध्यस्थता केन्द्र में आज विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट मीडिएटर के द्वारा दोनों पक्ष को समझाया गया जिस पर दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से साथ साथ रहने और वैवाहिक सम्बन्ध बनाए रखने का निर्णय लिया।

IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित
**उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (वृन्दावन योजना)
सेक्टर-9, आफिस काम्प्लेक्स, प्रथम तल
वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ

पत्रांक-5484/सं0प्र0/वृ0यो0/लखनऊ दिनांक 07.10.2026

**सर्वसाधारण को सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की वृन्दावन योजना, लखनऊ में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या- 1B/215, प्रदेशन पत्रांक-485 दिनांक 24-04-2001 द्वारा श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राजेश कुमार के पक्ष में आवंटित है। परिषद द्वारा आवंटी श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राजेश कुमार के पक्ष में विक्रय-विलेख दिनांक 20-09-2026 को निष्पादित है। भवन के आवंटी श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राजेश कुमार ने उक्त भवन को श्रीमती विमला रानी पत्नी श्री भीम सिंह को दिनांक 21-09-2016 को विक्रय किया गया। तत्पश्चात श्रीमती विमला रानी पत्नी श्री भीम सिंह द्वारा परिषद से नामान्तरण कराए बिना ही भवन को श्री शोभित हर्ष पुत्र श्री राज कुमार हर्ष को दिनांक 14-01-2021 को विक्रय किया गया। भवन के वर्तमान क्रेता श्री शोभित हर्ष पुत्र श्री राज कुमार हर्ष ने अपने नामान्तरण आवेदन दिनांक 22-09-2026 द्वारा सूचित किया है कि उक्त भवन के मूल आवंटी श्रीमती ज्योति पत्नी श्री राजेश कुमार, निवासिनी- मकान नं०- 12/159, इन्दिरा नगर, लखनऊ एवं वर्तमान विक्रेता श्रीमती विमला रानी पत्नी श्री भीम सिंह, निवासिनी- मकान नं०- 12/159, सेक्टर-12, इन्दिरा नगर, लखनऊ का वर्तमान में कोई जानकारी एवं अता-पता नहीं चल पा रहा है। वर्तमान क्रेता श्री शोभित हर्ष पुत्र श्री राज कुमार हर्ष द्वारा उक्त भवन के क्रय उपरान्त स्वंय के पक्ष में अंतरित किये जाने का अनुरोध करते हुये अंतरण हेतु प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। किसी हितबद्ध पक्ष अथवा अन्य व्यक्ति जिन्हें उक्त अंतरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30(तीस) दिन के अन्दर इस कार्यालय में अपना पक्ष आवश्यक साक्ष्यों सहित लिखित रूप से प्राप्त करा सकता है अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात यह समझा जायेगा कि उक्त अंतरण में किसी को कोई आपत्ति नहीं है और दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या- 1B/215 को श्री शोभित हर्ष पुत्र श्री राज कुमार हर्ष के पक्ष में अंतरित करने की कार्यवाही की जायेगी। यह विज्ञापन आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रपत्रों के आधार पर प्रकाशन कराया जा रहा है। यदि भवन के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो नामान्तरण आदेश मा० न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन ही मान्य होगा तथा नामान्तरण हेतु प्रस्तुत किये गये प्रपत्रों/तथ्यों में कोई प्रपत्र/तथ्य गलत अथवा असत्य पाया जायेगा तो श्री शोभित हर्ष पुत्र श्री राज कुमार हर्ष के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

सम्पत्ति प्रबन्धक

# डीएम ने जीआईसी मैदान में सरस मेले का किया शुभारंभ

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तत्वावधान में जीआईसी मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला-2026 का उद्घाटन किया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, परियोजना निदेशक डीआरडीए/उपायुक्त एनआरएलएम मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह उपस्थित रहीं।



इसके पश्चात स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉलों तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 28 स्टॉलों का अवलोकन किया गया और महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों एवं उनके व्यवसायिक प्रयासों की सराहना की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने हुनर एवं मेहनत के बल पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं तथा उन्हें बाजार उपलब्ध होने से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को उचित मंच एवं बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में सरस मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं।

सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, घरेलू उपयोग की सामग्री, परंपरागत एवं स्थानीय उत्पादों सहित अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए हैं, जिससे आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हो रही है।

कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों की गुणवत्ता, बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि उनके उत्पादों को स्थानीय स्तर के साथ-साथ व्यापक बाजार भी उपलब्ध हो सके और उनकी आय में वृद्धि हो। इस अवसर उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर.वी. सिंह, एलडीएम सुबोध मिश्रा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ कांग्रेसियों ने निकाली पैदल यात्रा

**लालगंज रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के कस्बे लालगंज में लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत वोटर अधिकार यात्रा लालगंज ब्लाक से गांधी चबूतरे तक निकाली गई। पूरी यात्रा के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता वोट चोर गद्दी छोड़ व जनता की आवाज लोकतंत्र की आवाज जैसे नारे लगाते रहे। कांग्रेस कार्यकताओं ने पदयात्रा के दौरान ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह एवं नगर अध्यक्ष प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में पूर्व विधायक प्रत्याशी सुधा द्विवेदी , पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी, जिला सचिव अजय प्रताप सिंह, सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सरकारी भूमि से काटे तीन प्रतिबंधित जामुन के पेड़, मुकदमा दर्ज कराने को दी तहरीर



**खीरों, रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के केतनापुर मजरे देवगांव में सरकारी भूमि पर खड़े प्रतिबंधित प्रजाति के तीन जामुन के पेड़ बिना अनुमति और परमिट के काट दिए गए। जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और काटी गई लकड़ी को कब्जे में लिया। ग्राम प्रधान प्रशासक अशोक कुमार ने मामले में कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। वन विभाग के अनुसार मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

बताया गया कि केतनापुर में ग्राम सभा की सरकारी भूमि पर जामुन के तीन पेड़ खड़े थे। आरोप है कि खीरों निवासी लकड़हारे अनवर खां उर्फ चीनी ने बिना किसी अनुमति के तीनों पेड़ों को काटकर धराशायी कर दिया। सूचना मिलने पर फारेस्टर अवनीन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और कटी हुई लकड़ी का निरीक्षण किया। वन विभाग के रेंजर लालगंज नीरज जोशी ने बताया कि सरकारी भूमि से जामुन के तीन प्रतिबंधित पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है। ग्राम प्रधान प्रशासक अशोक कुमार ने खीरों थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। मामले में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। काटी गई जामुन की लकड़ी ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दी गई है।

**Format C-7**
(For political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011).

**Name of Political Party:** Bharatiya Janata Party
***Name of Election: Rajya Sabha Biennial-Election 2026**
**Name of State/UT:** Uttar Pradesh

(1) Name of the Constituency - Uttar Pradesh
Name of the Candidate - Ram Pratap Singh

| Sl No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **Criminal antecedents** | | |
| (i) | a. | Nature of the offences | 1- 143,148,149,153A IPC<br>2- 127A RP Act |
| | b. | Case No. | 1- Case No- 1196/2006<br>2- Case No- 10/2012 |
| | c. | Name of the Court | 1- CJM- Lucknow<br>2- ACJM- Agra |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1- No<br>2- No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | The candidate is selected on the basis of names forwarded by District unit of the party. His name is forwarded on the basis of merit, his social work and popularity. He has also served as MLA from his constituency. |
| 3 | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | He has been implicated in the case due to political rivalry. He has been strongly associated and is extremely popular in this constituency hence he has been preferred over the other candidates. |

# पुलिस महकमे में फेरबदल, कई निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिले में कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी की ओर से जारी आदेश में तत्काल प्रभाव से अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। माना जा रहा है कि जिन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को लेकर सुधार की जरूरत महसूस की जा रही थी, वहां व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक मनबोध तिवारी को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक ऊंचाहार बनाया गया है। निरीक्षक विन्ध्य विनय रावत को पीआरओ पुलिस अधीक्षक पद से प्रभारी निरीक्षक सलोन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं निरीक्षक बलवंत सिंह शाही को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ भेजा गया है। इसी क्रम में निरीक्षक राजीव सिंह को प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ से प्रभारी निरीक्षक चंदापुर स्थानांतरित किया गया है, जबकि निरीक्षक अरविंद सिंह को प्रभारी निरीक्षक चंदापुर से गैर जनपद के लिए कार्यमुक्त किया गया है। निरीक्षक अंजेश सिंह को पुलिस लाइन से पीआरओ पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा निरीक्षक सुरेंद्र कुमार को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। उन्हें मॉनिटरिंग सेल के कार्यों के अतिरिक्त विशेष जांच प्रकोष्ठ के कार्यों का भी संपादन करने की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक बाबू खान को अपराध शाखा से चुनाव सेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार द्वारा किए गए इस फेरबदल को जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। नए अधिकारियों के सामने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की चुनौती होगी।

## महिलाओं को दी सुरक्षा व अधिकारों की जानकारी

**रायबरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के तहत रायबरेली पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों और शासन की महिला कल्याण एवं सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी।



जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़ और साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। टीमों ने वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवा 102 और एंबुलेंस सेवा 108 के उपयोग के बारे में भी बताया गया। पुलिस टीमों ने महिला हेल्प डेस्क, जनसुनवाई पोर्टल, जिला संरक्षण अधिकारी, महिला आयोग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली सहायता और कानूनी अधिकारों की भी जानकारी दी। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

# राजेश वर्मा फिर बने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष

## ओबीसी मामलों की संसदीय समिति के रहे हैं चेयरमैन, पुनः अध्यक्ष पद की कमान सौंपे जाने पर समर्थकों में खुशी



**सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** वरिष्ठ भाजपा नेता व सीतापुर से चार बार लोकसभा सदस्य रहे राजेश वर्मा को उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। लंबे संसदीय अनुभव और पिछड़ा वर्ग से जुड़े विषयों पर काम करने के गहरे अनुभव के चलते उन्हें मिली यह जिम्मेदारी प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान राजेश वर्मा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी संसदीय समिति के प्रतिष्ठापूर्ण चेयरमैन पद के दायित्व का भी निर्वहन कर चुके हैं। अगस्त 2024 में प्रदेश सरकार ने श्री वर्मा को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

आयोग में दो उपाध्यक्ष और 24 सदस्य भी नामित किए गए थे। अब उन्हें पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है। आयोग में अपने ऐतिहासिक निर्णयों व कामकाज की छमता से श्री वर्मा ने विगत दिनों में तमाम रचनात्मक कार्य किए जो कि सुर्खियों में रहे।

इस पद पर श्री वर्मा की नियुक्ति के बाद पिछड़ा वर्ग से जुड़े विभिन्न पेचीदा मामलों में पुनः उनके संसदीय अनुभवों का लाभ आयोग को मिलेगा, ऐसा तय समझा जा रहा है। आयोग में अध्यक्ष पद के अपने विगत कार्यकाल में पूर्व सांसद श्री वर्मा ने पिछड़े वर्गों से संबंधित शिकायतों, आरक्षण तथा सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक हितों से जुड़े विषयों पर विचार कर शासन को अपनी कई संस्तुतियां दी थीं जो कि सुर्खियों में रही थीं। वह विभिन्न पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को सुनने और उनके समाधान के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी की जिम्मेदारी बखूबी निभाते रहे हैं। पूर्व सांसद राजेश वर्मा की पुर्ननियुक्ति से जनपद ही नहीं वरन प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह है। प्रदेश की राजनीति में उनकी सक्रियता और दायित्व पहले ही काफी चर्चाओं में हैं।

## हाईकोर्ट ने स्वीकारी याचिका

**महमूदाबाद/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** उदासीन संगत की बेशकीमती भूमि मामले में डीएम की याचिका उच्च न्यायालय ने स्वीकार ली है। सभी पक्षों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 20 नवंबर तय की गई है। महंत संतोष दास द्वारा 4.8149 हेक्टेयर भूमि के किए गए बैनामे निरस्त कराने की मांग की गई है। मामले में तत्कालीन तहसीलदार अनिल कुमार पर कार्रवाई के लिए, राजस्व परिषद को पत्र तथा रजिस्ट्रार कानूनगो राकेश सिंह पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विधायक आशा मौर्या व पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा समेत विभिन्न संगठनों ने भूमि बिक्री का विरोध किया था। तत्कालीन डीएम आमोद कुमार ने 2006 में मुकदमा कराया था जो 2024 में खारिज हो गया था।

## बिसवां ने जीती खो-खो की दोनों जूनियर स्पर्धाएं

**सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपद स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स व जूनियर खो खो प्रतियोगिताएं हुईं। शुभारंभ बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने किया। खो-खो बालक व बालिका दोनों वर्गों में बिसवां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में ऐलिया और बालिका वर्ग में मिश्रिख दूसरे स्थान पर रहे। एथलेटिक्स में बालक वर्ग की 100 व 200 मीटर दौड़ में सचिन बेहटा प्रथम रहे। 400 व 600 मीटर में शिवा ऐलिया ने बाजी मारी। लंबी कूद में अंकित सकरन, गोला फेंक में सूर्यकांत तथा चक्का फेंक में नजर मोहम्मद प्रथम रहे। बालिका वर्ग में 100 मीटर में प्रतीक्षा, 200 मीटर में संध्या परसेंडी, 400 मीटर में सुमेरा बिसवां, 600 मीटर में कौशल्या बिसवां, लंबी कूद में खुशबू देवी खैराबाद, गोला फेंक में प्रांशी बेहटा और चक्का फेंक में शबनम बिसवां प्रथम रहीं।

# बाढ़ सम्बन्धी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**लहरपुर देहात/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** तहसील क्षेत्र में मदनापुर घाट, कल्ली, लखनियापुर, खजुरा और चिल्हिया समेत बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को विभिन्न समस्याओं को ले कर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ व लगातार जलभराव से उनके खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। मौजूदा हालात में कई किसान परिवार भोजन के संकट से रूबरू हैं। जल भराव से पूरे क्षेत्र में आवागमन बाधित है।

रोड की पुलिया टूटी हुई है जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत हो रही है। धरने की सूचना पर लहरपुर तहसीलदार और थाना सकरन प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। तहसीलदार ने कहा कि राजस्व टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर रही हैं। पात्र किसानों को नियमानुसार राहत व क्षतिपूर्ति दी जाएगी। धरने में तत्काल राहत हेतु राशन किट उपलब्ध कराने की मांग की। मांग के सापेक्ष उन्हें दो दिन में राहत किट देने को आश्वस्त किया गया जिसके बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन खत्म हो गया।

# सीतापुर से निकली सेवा ज्योति, विकसित भारत का लिया संकल्प

## लालबाग चौराहे पर पीएम के वर्चुअल संबोधन के बाद रवाना हुई यात्रा




**सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भाजपा ने सेवा ज्योति यात्रा के तहत लालबाग चैराहे पर जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व प्रदेश सह प्रभारी प्रदीप वर्मा रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद कार्यकताओं ने विकसित भारत का सामूहिक संकल्प लिया। अतिथियों ने सेवा ज्योति प्रज्ज्वलित कर यात्रा रवाना की। मुख्य अतिथि प्रदीप वर्मा ने कहा कि विकसित भारत केवल नारा नहीं बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प है।

सीतापुर की धरती से निकली सेवा ज्योति जिले में विकास और सुशासन का संदेश पहुंचाएगी। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि सेवा, समर्पण और संकल्प ही विकसित भारत का मंत्र है। उन्होंने यात्रा में शामिल लोगों का अभिवादन किया। सभा के बाद जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों की बैठक भी हुई। इस दौरान विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, राज्यमंत्री राकेश राठौर, विधायक मनीष रावत, विधायक निर्मल वर्मा, सीतापुर पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद थे।

### प्रदीप वर्मा का किया स्वागत

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, प्रदेश के सह प्रभारी व राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा के प्रथम बार सीतापुर आगमन पर भाजपा जिला कार्यालय में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठनात्मक बैठक भी हुई जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों, मंडल व बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रदीप वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल समेत क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया व अन्य लोग मौजूद थे।

## रामलीला में स्कूली बच्चे करेंगे पात्रों का मंचन

**तम्बौर/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** कस्बा तंबौर में आगामी 14 से 22 अक्टूबर तक होने वाले रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां तेज हैं। इस बार रामलीला के मंच पर स्थानीय स्कूली बच्चे अलग-अलग किरदार निभायेंगे। देवी मंदिर परिसर में बच्चों का रिहर्सल जारी है। तंबौर थाने से सटे देवी मंदिर परिसर में स्कूली बच्चे रामलीला के पात्रों के मंचन हेतु रिहर्सल करने में जुटे हैं।

आयुष्मान श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह रिहर्सल जारी है। तंबौर की रामलीला सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि कस्बे की पुरानी सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सौहार्द से जुड़ी रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह परंपरा दशकों पुरानी है जिसका पीढ़ी दर पीढ़ी मंचन होता आया है। बच्चों में रामलीला के पात्रों का अभिनय करने के लिए खासा उत्साह है।

## सीएचसी की टीमों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाएं

**महमूदाबाद/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जलभराव और बाढ़ के बाद संक्रामक बीमारियों की आशंका को देखते हुए सीएचसी महमूदाबाद की तीन विशेष टीमें प्रभावित गांवों में लगातार राहत कार्य कर रही हैं। अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में टीमों ने अंगिठुवा, दुरिया, तुनूरी व सुजातपुर गांवों में शिविर लगा कर घर घर स्वास्थ्य जांच की। दवा बांटी व जागरूक किया। जलभराव से कटे घरों तक भी स्वास्थ्यकर्मी पहुंच रहे हैं। इस कार्य में डॉ. रुबाना, डॉ. यथार्थ, डॉ. प्रियंका, डॉ. अनुराग, सहयोगी अंशु शुक्ला, अनूप और रूपेश यादव शामिल हैं।

## संदिग्ध स्थिति में पेंड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सकरन/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के लखुआबेहड़ गांव निवासी पंकज यादव (23) पुत्र रामदत्त यादव का शव बुधवार सुबह गांव के बाहर उसकी बाग में पेंड़ से लटकता मिला। उसके पास ही उसका मोबाइल पड़ा था। वह मंगल को बहराइच से घर आने के बाद बीती रात खाना खाने के बाद परिजनों के साथ सोया था। सूचना पा कर पुलिस ने मौका मुआयना कर शव नीचे उतरवाया व उसे पीएम के लिए भेजा। परिजनों ने उसकी हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने पीएम रिपोर्ट से सत्यता सार्वजनिक होने की बात कही है।

## चार को सात-सात वर्ष की सजा

**सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** थाना हरगांव पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 82/17 के चार अभियुक्तों रोज अली, अतीक, छोटकन्न व समी को न्यायालय ने सुनवाई के दौरान दोषसिद्ध पाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने प्रत्येक को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 12-12 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में लगा स्वास्थ्य शिविर

**अटरिया/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगा कर ग्रामीणों की जांच की और दवाएं बांटीं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से नाई की मौत

**अटरिया/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** कुंवरपुर चैराहे पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बलवंतपुर मजरा कुंवरपुर निवासी विनोद कुमार 40वर्ष पुत्र मुन्नालाल की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## बाजार से बाइक चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**तम्बौर/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी शिवांश श्रीवास्तव गत शाम सब्जी व अन्य सामान खरीदने चकपुरवा बाजार गए थे। वहां उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक बाजार में खड़ी कर दी व सामान लेने लगे। लौटने पर उन्हें उनकी बाइक गायब मिली जिसकी उन्होंने काफी खोजबीन भी की पर बाइक का कोई पता न चला। इस पर पीड़ित ने तम्बौर थाने में बाइक चोरी की लिखित तहरीर दी है। बाइक की डिग्गी में पैनकार्ड और दो एटीएम भी रखे हैं।

## मनोज त्रिवेदी प्रदेश पदाधिकारी मनोनीत

**सिधौली/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बखतखेरा मजरा गोधना निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज त्रिवेदी को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी ने प्रदेश मीडिया वॉच प्रभारी मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर भाजपाइयों ने खुशी जताकर उन्हें बधाई दी है। श्री त्रिवेदी इससे पहले अवध क्षेत्र के सोशल मीडिया सहसंयोजक समेत विभिन्न प्रतिष्ठापूर्ण पदों पर रहे हैं। विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, ललित मिश्र, अनूप श्रीवास्तव, बच्चे प्रसाद बाजपेई, आदित्य त्रिपाठी, कमल पांडेय, विनोद पांडेय, कसमंडा मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ल व नीरज सिंह ने उन्हें बधाई दी है।

## हुई बैठक

**सिधौली/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** ब्लाक मुख्यालय पर संचारी रोग दस्तक अभियान को लेकर बीडीओ राजेश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरके सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईएमए ने बाढ़ पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटीं दवाएं




**सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बाढ़ पीड़ितों के सेवार्थ चल रहे कार्यों की कड़ी में बुधवार को सहगल धर्मशाला में शरणार्थी लोगों का आईएमए टीम ने चिकित्सीय परीक्षण कर पीड़ितों को जरूरी दवाओं के साथ परामर्श दिया। संगठन की तरफ से इस दौरान डा. राजकुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, डा. विनोद कुमार त्रिपाठी उपाध्यक्ष, डा. सुनील वैश्य पूर्व सचिव, डा. चित्रा वैश्य, डा. शानू कुमार वर्मा संयुक्त सचिव, डा. तरुण सैगल उपाध्यक्ष, डा. प्रवीण रस्तोगी, डा. शोएब अख्तर व डा. आफताब अहमद रोगियों की सेवा में लगे नजर आये।

औषधि वितरण में सुनील दीक्षित व पारस टण्डन ने सहयोग किया। शिविर संचालन में धर्मशाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने मदद की। अंत में समाजसेवी व संगठन के उपाध्यक्ष डा. विनोद त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर सख्ती

**तम्बौर/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** कस्बा तम्बौर-अहमदाबाद में कब्रिस्तान की सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर राजस्व विभाग ने सख्ती की है। राजस्व निरीक्षक ने मस्जिद जियाउल उलूम के मुतवल्ली मौलाना शाहिद अली को नोटिस जारी कर गाटा संख्या 541 की करीब 0.03180 हेक्टेयर भूमि पर बने पक्के निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं। सात दिन में कब्जा न हटाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर खर्च भू राजस्व की तरह वसूलने की चेतावनी दी गई है। नोटिस में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश का भी हवाला दिया गया है।

# मिश्रिख प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी मुंबई इंडियंस




**मिश्रिख/सीतापुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मेला मैदान में आयोजित छह दिवसीय मिश्रिख प्रीमियर लीग सीजन 1 नाइट क्रिकेट टूनामेंट का बीती देर रात समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स जमुनापुर को हरा कर खिताब जीता।

अंतिम दिन दो सेमी फाइनल और फाइनल देखने को हजारों दर्शक मैदान में पहुंचे। पहले सेमी फाइनल में मुंबई इंडियंस ने विश्वास पैंथर्स को 64 रन से हराया। मुंबई इंडियंस के 145 रन के लक्ष्य के सापेक्ष विश्वास पैंथर्स टीम 81 रन पर सिमट गई। दूसरे सेमी फाइनल में सनराइजर्स जमुनापुर ने केके इलेवन को हरा कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक अभिषेक व समाजसेवी अखंड प्रताप वर्मा ने टॉस कराया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी कर आठ ओवर में 88 रन बनाए। जैदान ने पांच गेंदों में 24 रन की पारी खेली।

सनराइजर्स जमुनापुर टीम मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी के सामने न टिक सकी। मुंबई इंडियंस ने खिताब जीता। जैदान को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज तथा नबील बैग को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला।

पुरस्कार वितरण में रामशंकर सूरज प्रताप सर्राफ के प्रो. विश्वजीत वर्मा की ओर से सूरज प्रताप वर्मा ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। टूनामेंट आयोजक गोलू कश्यप व रोहित वर्मा रहे। संयोजन, मीडिया व अन्य व्यवस्थाओं का जिम्मा मयंक शेखर शुक्ला ने संभाला। संयोजक ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। फाइनल में ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, स्वदेश, अखंड प्रताप वर्मा, सोनू सागर, अंकित शुक्ला व देवेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# संविदा एएनएम ने किया डिप्टी सीएम आवास का घेराव

## समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर 20 दिनों से धरने पर बैठी हैं महिलाएं



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** प्रदेश के विभिन्न जनपदों मे संविदा पर तैनात महिला स्वास्थ्य कार्यकत्री (एएनएम) पिछले बीस दिनो से समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर धरने पर बैठी हैं।

महिलाओ का धैर्य बुधवार को जबाब दे दिया और अचानक सैकड़ो की संख्या मे महिलाओं ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास पहुंचकर घेराव कर दिया। महिलाएं अपनी मागों के समर्थन में नारे लगाने लगीं। सूचना पाकर पहुचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह से समझा बुझाकर लगभग दो घण्टे बाद उन्हे पुनः ईको गार्डेन भेजा जहां पर महिलाएं पुनः धरने पर बैठ गयीं हैं।

धरनारत संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों ने संयुक्त रूप से एक स्वर में कहा कि हमारी मुख्य मांग यह है कि हम लोगों ने नियमित एएनएम की तरह ही 18 माह का प्रशिक्षण प्रदेश के विभिन्न एएनएम कालेज से लिया है और विभाग के नियमित एएनएम की तरह ही प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केन्दों पर हमलोग लगभग 15 बर्षो से पूरी मेहनत व लगन से कार्य कर रहे है, किन्तु नियमित एएनएम का वेतन 45 से 50 हजार है और उसी डिग्री व प्रशिक्षण के आधार पर हमलोग भी उन्ही के सामान कार्य कर रहे है ,तो हमलोगो का वेतन 10 से 15 हजार है। बहुत कार्यकत्रियां तो ऐसी हैं जिनकी उम्र भी अधिक हो गयी है। अब वह अन्य सेवाओ मे भी नही जा सकती है।

इस प्रकार हमलोगों के साथ सीधे तौर पर भेदभाव हो रहा है और 20 दिनो से हमलोग अपनी मागों को लेकर धरने पर बैठे है, किन्तु सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे हम महिलाओं के समक्ष गम्भीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। इसलिए विवश होकर हम सभी बहनें समान कार्य समान वेतन की न्यायपूर्ण मागों को पूरा होने तक मरो -मिटो की आर-पार की लड़ाई के उद्देश्य से संघर्ष करते रहेंगे।

## लखनऊ में ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन का सम्मेलन कल से

**लखनऊ।** ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम नौ से ग्यारह अक्टूबर तक आयोजित होने वाली, इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 39वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस होगी। ये जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर विवेक गर्ग ने दी। उन्होंने बताया इसमें देश-विदेश के एक हजार से अधिक कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ होगें। यह कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में होगा। अध्यक्ष डॉ विवेक के गर्ग ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन इसलिए भी खास है कि इंडियन एसोसिएशन आफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी अपने 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती बना रहा है।

## विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं : स्वतंत्रदेव

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। कहा कि विपक्ष का कोई एजेंडा नहीं है और उन्होंने सत्ता में रहते हुए केवल देश व राज्य को लूटने का काम किया है। इस कार्य में सपा एवं कांग्रेस दोनों ने ही सत्ता के दौरान जनहित से कहीं अधिक व्यक्तिगत एवं पारिवारिक हित साधने का काम किया।

स्वतंत्र देव सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार और गुंडई को इस क दर बढ़ावा दिया कि जनता परेशान हो गयी थी। यह लोग सिमी जैसे खुंखार आतंकी संगठनों का समर्थन करने में देश प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ 'सेवा संकल्प अभियान' संपन्न हुआ, जिसके तहत जनता की सेवा और विकास कार्यों को आगे बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके है। करोड़ों जरूरतमंदों को पक्का मकान, शौचालय, मुफ्त राशन व गैस कनेक्शन मिल चुका है जिसका वह सदुपयोग कर रहे हैं। इससे उनकी सामाजिक स्थित में भी काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आज देश के अंदर आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो चुके है। उपद्रव की जगह उत्सव हो रहे है जिसमें हजारों लोग शामिल हो रहे है। काशी में काशी विश्वनाथ कैरीडोर और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना जातिवाद, क्षेत्रवाद और वंशवाद को छोड़कर केवल राष्ट्रवाद और विकासवाद अपनाने से ही साकार होगा।

# प्रबंधन के फैसले से उपभोक्ता हैरान, डिवीजन मोहनलालगंज में नाम काकोरी




**मोहनलालगंज, लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** वर्टिकल सिस्टम लागू करने के दौरान मध्यांचल प्रबंधन की ओर से लिए गए अजब गजब फैसलों से लाखों उपभोक्ता भी हैरान हैं। अमौसी जोन के 11 केवी एवं एलटी डिवीजन में काकोरी इलाके का कोई भी गांव शामिल नहीं है। फिर मोहनलालगंज में स्थित इस डिवीजन का नाम काकोरी रखा गया है।

इतना ही नही मामले की शिकायत मिलने के दस माह बाद भी बिजली निगम के अफसर डिवीजन कार्यालय के बोर्ड से लेकर सरकारी दस्तावेजों में डिवीजन का नाम काकोरी ही लिख रहे हैं। राजधानी में 15 नवम्बर 2025 को बिजली निगम ने वर्टिकल सिस्टम लागू कर लेसा किस गोमती में शामिल मोहनलालगंज डिवीजन का नाम बदलकर 11 केवी एवं एलटी काकोरी कर दिया था। इस डिवीजन में मोहनलालगंज वृंदावन शारदानगर जैती खेड़ा और बिजनौर के कुल 18 विद्युत उपकेन्द्र शामिल किए गए हैं।

फिर भी इस डिवीजन का नाम मोहनलालगंज के बजाए काकोरी रख दिया गया। जिसे लेकर क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक कई बार मुद्दा उठाकर डिवीजन का नाम बदलने की मांग की। लेकिन वर्टिकल सिस्टम के दस माह बीतने के बाद भी अब तक काकोरी डिवीजन का नाम नहीं बदला जा सका है। लिहाजा मोहनलाल गंज तहसील के सवा लाख उपभोक्ताओं में सैकड़ों लोग अक्सर काकोरी डिवीजन को तलाशते हुए भटकते रहते हैं।

विभागीय अधिकारियों की मानें तो वर्टिकल सिस्टम लागू करने के दौरान मोहनलालगंज डिवीजन का नाम काकोरी किए जाने का निर्देश उच्च स्तर से किया गया है। जिसमें किसी तरह का संशोधन प्रबंधन की ओर से ही किया जा सकता है।

## हजारों दीदियां बनीं लखपति, बढ़ा मान-सम्मान : केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** नगराम थाना क्षेत्र के बजगिहा गांव में गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिवशंकर गोस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी राजू गोस्वामी और उनकी पत्नी शिवकुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद पीड़ित ने नगराम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बलरामपुर अस्पताल ने हासिल किया सर्वोच्च स्थान



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल आठ वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के पांच वर्ष पूरे होने के गौरवशाली अवसर पर राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य आयुष्मान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राज्य-स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन और जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए बलरामपुर अस्पताल को पीएमजेएवाई के अंतर्गत 'प्री-ऑथ' एवं 'क्लेम इंसेंटिव' के सबसे प्रभावी और उत्कृष्ट उपयोग के लिए प्रदेश के जिला अस्पतालों में चुना गया व सम्मानित किया गया।

### अस्पताल के अधिकारियों ने ग्रहण किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान बलरामपुर अस्पताल की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का मान बढ़ाते हुए अस्पताल के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. बीकेएस. चौहान और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

स्वास्थ्य क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण महाकुंभ में प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, हेकाली झिमोमी, सचिव रितु माहेश्वरी और साचिस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिला बदर आरोपी उल्लंघन करने पर गिरफ्तार

**गोसाईगंज लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में जिला बदर आरोपी गुंडागर्दी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत था जिसको 6 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था लेकिन आरोपी तय सीमा से पहले निवास करते हुए पाया गया जिसके ऊपर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज थे जिसके तहत आरोपी शिवम पुत्र नंदकिशोर निवासी लोखरिया थाना गोसाईगंज लखनऊ को जिला बदर घोषित किया गया था पुनः आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरुवार, 08 अक्टूबर 2026
विक्रम संवत्- 2083, आश्विन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी

## बड़े सवालों का प्रतिबिंब

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार और संस्थाओं की निष्पक्षता दोनों ही आधार स्तंभ हैं। 6 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में घटे घटनाक्रम, राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक का चुनाव आयोग तक मार्च, आकाशवाणी भवन परिसर में नौ घंटे का धरना, दिल्ली पुलिस की कार्रवाई और चुनाव आयोग का बयान, इन तीनों को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक साथ लोकतंत्र की कसौटी पर रखकर देखना जरूरी है। यह घटना सिर्फ राजनीतिक नाटक नहीं, बल्कि मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' के आरोपों से जुड़े बड़े सवालों का प्रतिबिंब है। राहुल गांधी की रणनीति को पहले समझें। विपक्ष का आरोप है कि विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया में करोड़ों नाम हटाए गए और इससे सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला गया। पुलिस ने रास्ता रोका तो राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेता आकाशवाणी भवन परिसर में घुस गए और धरने पर बैठ गए। करीब नौ घंटे तक वे वहां रहे। राहुल ने बार-बार कहा कि तीन सौ से ज्यादा विपक्षी सांसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते हैं। बैरिकेड चढ़ना, अचानक रास्ता बदलना और धरना जारी रखना, यह सब विपक्ष की ओर से सड़क पर मुद्दे को जीवित रखने की कोशिश थी। राजनीतिक रूप से यह रणनीति विपक्ष को एकजुट दिखाने और मुद्दे को मीडिया केंद्र में रखने में सफल रही। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या औपचारिक अपॉइंटमेंट मांगने के बजाय धरना और मार्च ही एकमात्र रास्ता था? संसदीय लोकतंत्र में संस्थाओं से संवाद का रास्ता पहले आजमाना चाहिए था। फिर भी, शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार संविधान प्रदत्त है और इसे कुचलना लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं। पुलिस की सख़्ती दूसरे पक्ष को दशार्ती है। भारी बैरिकेडिंग, सांसदों को हिरासत में लेना और अंत में बलपूर्वक हटाकर बस में बैठाना, यह सब प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का कर्तव्य है, खासकर राजधानी के संवेदनशील इलाकों में। लेकिन जब विपक्षी सांसद और नेता शांतिपूर्ण तरीके से बैठे हों, तो नौ घंटे बाद बलपूर्वक हटाने का दृश्य कई सवाल खड़े करता है। क्या बातचीत और समझौते का कोई रास्ता नहीं निकाला जा सकता था? क्या हिरासत में लेना और फिर रिहा करना सिर्फ औपचारिकता थी? लोकतंत्र में पुलिस को तटस्थ और संयमित रहना चाहिए। अगर विरोध को दबाने का आभास बने तो संस्थाओं पर भरोसा और कमजोर होता है। साथ ही, यह भी सच है कि बिना अनुमति के सरकारी परिसर में लंबे समय तक जमावड़ा व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। चुनाव आयोग का जवाब तीसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आयोग ने साफ कहा कि शाम चार बजे तक किसी भी दल ने बैठक के लिए औपचारिक समय नहीं मांगा था। पुलिस से जानकारी मिलने के बाद ही पता चला कि प्रतिनिधिमंडल मिलना चाहता है। संस्था की स्वतंत्रता और प्रक्रिया का पालन जरूरी है। बिना पूर्व सूचना के अचानक पहुंचकर बैठक की मांग करना प्रशासनिक रूप से उचित नहीं कहा जा सकता। लेकिन विपक्ष का यह आरोप भी गंभीर है कि कई बार अपॉइंटमेंट मांगा गया और नहीं मिला। चुनाव आयोग जैसी संस्था पर राजनीतिक दबाव या पक्षपात का आरोप अगर गहराता है, तो लोकतंत्र की जड़ें हिलती हैं। मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव और उसके पारदर्शिता पर उठे सवालों का जवाब आयोग को तथ्यों के साथ देना चाहिए। सिर्फ प्रक्रिया का हवाला देकर नहीं, बल्कि जनविश्वास बहाल करने के लिए सक्रिय संवाद भी जरूरी है। इन तीनों को कैसे देखा जाए? राहुल गांधी की रणनीति राजनीतिक विरोध को सड़क पर ले जाने का प्रयास है, जो लोकतंत्र में वैध है लेकिन संस्थाओं से संवाद का विकल्प नहीं बन सकता। पुलिस की सख़्ती व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास है, लेकिन बल प्रयोग का दृश्य लोकतांत्रिक मयार्दा पर सवाल खड़ा करता है। चुनाव आयोग का जवाब प्रक्रियागत है, लेकिन आरोपों के बीच निष्पक्षता साबित करने की जिम्मेदारी भी उसी की है। तीनों पक्षों को खुद पर नजर डालनी चाहिए। विपक्ष को संस्थागत तरीकों से मुद्दा उठाना चाहिए, प्रशासन को संयम बरतना चाहिए और चुनाव आयोग को पारदर्शिता बढ़ाकर विश्वास जीतना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती विरोध, व्यवस्था और संस्था–तीनों के संतुलन में है। अगर कोई एक पक्ष हावी हो जाए तो लोकतंत्र कमजोर पड़ता है। इस घटना से सबक लेकर संवाद और जवाबदेही को मजबूत करना ही सही रास्ता है।

## क्या बिहार की नियति बन चुका है बाढ़ का प्रकोप?



निर्मल रानी

**पड़ोसी देश नेपाल और मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश जैसे ऊपरी राज्यों में हुई भारी बारिश के बाद इन दिनों बिहार की गंडक, कोसी और गंगा समेत कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं और बाढ़ का विकराल रूप धारण कर चुकी हैं।**

इस समय राज्य के 15 से अधिक जिले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं और 50 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो चुकी है। कई जगहों पर मुख्य व पुराने जमींदारी तटबंध टूटने के कारण सैकड़ों गाँवों में पानी भर गया है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी और गंगा तटीय क्षेत्र इस समय सबसे गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पश्चिम चंपारण, बगहा, बेतिया, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी, गोपालगंज, सारण, छपरा,और मुजफ़्फ़रपुर आदि क्षेत्र गंडक नदी की बाढ़ से प्रभावित हैं। बगहा में गंडक का पानी रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच चुका है और अकेले बगहा में ही 24 घंटे में चार जगहों पर तटबंध टूटने से भारी तबाही हुई है। इसी तरह गंगा और सोन नदी में आई बाढ़ से पटना के दानापुर दियारा, गांधी घाट, बेगूसराय, भागलपुर के सुल्तानगंज, कहलगांव, खगड़िया, वैशाली, भोजपुर, लखीसराय, और बक्सर आदि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुये हैं। जबकि कोसी और बागमती नदी के कारण सुपौल, सहरसा, और मधेपुरा के निचले इलाके भी जलमग्न हो चुके हैं।

तेज बहाव और उफनती नदियों के कारण छपरा जिले के सारण,मकेर और पानापुर प्रखंडों में मुख्य बांध टूटने से पानी तेजी से कचौंलिया, अमनौर, जगदीशपुर, परसा जैसे नए रिहाइशी इलाकों की तरफ बढ़ रहा है और इन इलाकों में मिट्टी का भारी कटान हो रहा है। जबकि गोपालगंज के शीतलपुर में जमींदारी बांध टूटने से गंडक नदी का तेज बहाव आसपास के सात गांवों की जमीनों को तेजी से काट रहा है।

इसी तरह पश्चिम चंपारण के योगापट्टी और मधुबनी ब्लॉक के सिसवा कुटी क्षेत्र में गंडक नदी का भयानक कटान जारी है, जहां पूरी की पूरी जमीन नदी में समाती जा रही है। उधर भागलपुर के ममलखा गाँव और पटना के दानापुर दियारा क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे भीषण कटान हो रहा है, जिससे किनारे बसे गांवों का वजूद ही खतरे में पड़ गया है। कुछ इलाकों में तीन फीट तक, जबकि निचले हिस्सों में छह से आठ फीट तक पानी जमा होने की खबर है।

राज्य के 250 से अधिक गाँवों के भीतर कई-कई फीट पानी भर चुका है, जिससे हजारों मकान डूब गए हैं। भागलपुर के ममलखा और छपरा के हजलपुर जैसे गांवों से दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए हैं, जहाँ तेज बहाव और भीषण भू कटान के चलते दो-दो मंजिला पक्के मकान ताश के पत्तों की तरह ढहकर कुछ ही सेकंडों में नदी



में विलीन होते देखे गए। लाखों लोग अपने घर छोड़कर ऊंचे स्थानों और बांधों पर तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। इसी तरह हजारों एकड़ में लगी और तैयार धान, मक्का और सब्जियों की फसलें पूरी तरह पानी में डूबकर नष्ट हो चुकी हैं। बाढ़ के कारण किसानों की आजीविका पूरी तरह ठप हो गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर तो नुकसान का सटीक वित्तीय मूल्यांकन बाढ़ का पानी उतरने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा परन्तु शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक नुकसान बेहद व्यापक है।

50 लाख से अधिक लोग इस आपदा से सीधे तौर पर प्रभावित हैं। विभिन्न जिलों में पानी में डूबने की घटनाओं के कारण अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, पशुपालन विभाग के अनुसार, लगभग 70,000 मवेशी प्रभावित हुए हैं और उनके लिए चरागाह तथा चारे की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। उधर छपरा और उत्तर बिहार के अन्य हिस्सों में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 722 पर 7 से 8 फीट तक पानी बहने के कारण परिवहन और संपर्क पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीण सड़कें, छोटे पुल-पुलिया और बिजली के बुनियादी ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

बिहार में लगभग प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ और जल प्रलय राज्य के लिये हमेशा ही एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। इसमें भौगोलिक कारणों के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था और नीतियों की भी बड़ी भूमिका रही है। इस समस्या के पीछे सरकार की जिम्मेदारी और कथित भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकताओं और विशेषज्ञों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार बाढ़ प्रबंधन में पूरी तरह दीर्घकालिक योजना बनाने में विफल रही है। नदियों में वर्षों से जमा हो रही गाद को निकालने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते जिससे नदियों का तल ऊंचा हो गया है और उनकी पानी सोखने की क्षमता कम हो गई है। जबकि आलोचक मानते हैं कि केवल नए तटबंध बनाना ही समाधान नहीं है, क्योंकि वे पानी के प्राकृतिक प्रवाह को रोकते हैं। दशकों से कोसी या अन्य नदियों पर उच्च बांध बनाने की दिशा में नेपाल सरकार के साथ कोई ठोस अंतरराष्ट्रीय सहमति पाना भी इस समस्या के मुख्य कारणों में एक है।

उधर वर्तमान एनडीए सरकार और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि बिहार की बाढ़ एक प्राकृतिक और भौगोलिक आपदा है जो मुख्य रूप से नेपाल में होने वाली अत्यधिक भारी बारिश और वहां से अचानक छोड़े जाने वाले पानी पर निर्भर करती है। सरकार के अनुसार जल संसाधन विभाग हर साल बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों की मरम्मत और कटाव रोकने के लिए हजारों करोड़ रुपये का बजट आवंटित करता है।

इसके साथ ही बिहार में बाढ़ नियंत्रण और राहत फंड में भ्रष्टाचार के आरोप भी दशकों से एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहे हैं। विपक्ष, स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों द्वारा अक्सर आरोप लगाए जाते हैं कि बाढ़ नियंत्रण के नाम पर मिलने वाले टेंडर और मरम्मत कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताएं होती हैं। कई बार मानसून से ठीक पहले आनन-फानन में मिट्टी और सैंडबैग लगाने का काम केवल कागजों पर या फिर बेहद कमजोर तरीके से किया जाता है, जो पानी के पहले बहाव में ही बह जाता है।

विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों के अनुसार, हर साल तटबंधों के टूटने के पीछे घटिया निर्माण सामग्री और रखरखाव में होने वाली लापरवाही इसकी मुख्य वजह है। हाल ही में सारण और सीतामढ़ी जैसे जिलों में बांध टूटने के बाद स्थानीय जनता द्वारा कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। इतना ही नहीं बल्कि बाढ़ पीड़ितों को मिलने वाले नकद मुआवजे जैसे प्रति परिवार मिलने वाली नकद राशि और अनाज वितरण में भी जमीनी स्तर पर बिचौलियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा धांधली की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं।

सत्ता पक्ष यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करता है कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में अर्थात 2005 से पहले आपदा प्रबंधन के नाम पर भारी लूट होती थी, जिसे वर्तमान सरकार ने पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाकर सुधारा है। बहरहाल इन राजनैतिक आरोपों प्रत्यारोपों का भुगतान उस जनता को करना पड़ता है जोकि अपने घरों,खेतों व फसलों को तबाह व बर्बाद होते हुये देखने को मजबूर रहती है और शायद यह स्वीकार कर चुकी है कि बाढ़ का प्रकोप बिहार की नियति बन चुका है।

ये लेखिका के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## विश्व दृष्टि दिवस : छोटा स्क्रीन बड़ा खतरा



बाल मुकुन्द ओझा

अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि दिवस हर साल अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 8 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। इस दिवस की थीम लव योर आइज यानी अपनी आंखों का ख्याल रखे रखी गई है। इस दिवस की शुरूआत उन लोगों का समर्थन करने के महत्व को समझने के लिए की गई है जो ठीक से देख नहीं सकते। इस दिन का ध्यान विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित है कि ऐसी स्थितियों में लोगों की सहायता के लिए क्या कुछ किया जा सकता है। दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से देख नहीं सकते हैं क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुँच की सुविधा नहीं है। इनमें से एक अरब लोग निवारण किये जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित हैं। भारत बहुत बड़ी आबादी वाला एक विशाल देश है। दुनिया में अंधी आबादी में इसका सबसे ज्यादा हिस्सा है अर्थात 15 मिलियन। दुनिया में हर तीन अंधे लोगों में से एक भारत से हैं। इन 15 मिलियन अंधे लोगों में से 3.5 मिलियन के आसपास मामलों में मुख्य कारक कॉर्नियल अँधापन है जो हर साल करीब 30,000 लोगों में अंधेपन को फैलाने के लिए जिम्मेदार है।

बच्चों का स्क्रीन टाइम कितना होना चाहिए और आंखों को सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता किन बातों का ध्यान रखें। यह हम सब के लिए जानना जरुरी है। आंखों की देखभाल बाल्यकाल से ही की जानी चाहिए।

किसी भी बच्चे की आंखों की पहली बार जांच पांच साल के होने तक हो जानी चाहिए। इस उम्र में अगर बच्चे की आंखों में किसी प्रकार की कोई परेशानी रहती है तो वह इसी अवस्था में ठीक हो जाती हैं। आज का युवा आंखों की समस्या से ज्यादा परेशान हैं क्योंकि वह अपना ज्यादतर समय कंप्यूटर, मोबाइल फोन, रंगीन टीवी, वीडियो गेम और टैबलेट पर बिताते हैं। उनकी यह बेपरवाही और लापरवाही उन्हें असमय आँखों का दुश्मन बना देती है और यह दंश उन्हें ताउम्र झेलना पड़ता है।

नेत्रों की महत्ता का पता हमें तब चलता है जब हम किसी नेत्रहीन व्यक्ति की क्रियाओं को देखते हैं। मार्ग पर चलना तो दूर, घर पर चलने-फिरनें में भी असुविधा होती है। नेत्रहीन व्यक्ति को हर समय किसी न किसी के सहारे की आवश्यकता होती है, उसका दैनिक जीवन भी मुश्किलों से भर जाता है। हमारे सभी धर्मों में दया, परोपकार, जैसी मानवीय भावनाएँ सिखाई जाती हैं। यदि हम अपने नेत्रदान करके मरणोपरांत किसी की सहायता कर सकें तो हम अपने धर्म का पालन करेंगे। नेत्रदान करने वाले व्यक्ति की मृत्यु के 6 से 8 घंटे के अंदर ही नेत्रदान कर देना चाहिए। जिस व्यक्ति को नेत्रदान के कॉर्निया का उपयोग करना है, उसे 24 घंटे के भीतर ही कॉर्निया प्रत्यारोपित कराना जरूरी होता है। नेत्रदान का मतलब शरीर से पूरी आंख निकालना नहीं होता।

इसमें मृत व्यक्ति की आखों के कॉर्निया का उपयोग किया जाता है। मृत्यु के बाद एक व्यक्ति चार लोगों को रोशनी दे सकता है। पहले दोनों आंखों से केवल दो ही कार्निया मिलती थी लेकिन अब नई तकनीक आने के बाद से एक आंख से दो कार्निया प्रत्यारोपित की जा रही हैं। डीमैक तकनीक से होने वाला यह प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। खास बात यह है कि व्यक्ति के मरने पर उसकी पूरी आंख नहीं बदली जाती है केवल रोशनी वाली काली पुतली ही ली जाती है। दोनों कार्निया एक साथ नहीं बदली जाती है। मौत के छह घंटे तक ही कार्निया प्रयोग लायक रहती हैं। आँखों की कुछ बीमारियों के लक्षण तब तक दिखाई नहीं देते जब तक कि काफी नुकसान न हो जाए। इसीलिए नियमित जांच अनिवार्य है, वैकल्पिक नहीं। आँखों के स्वास्थ्य को बनाए रखना केवल एक व्यक्ति का नहीं कर्तव्य है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नेत्रदान द्वारा बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया जा सकता हैं। मृत्यु के बाद किसी जरूरतमंद को अपनी आंखें देने की प्रक्रिया नेत्रदान कहलाती है। नेत्रदान महादान है, मनुष्य के जीवन में हर अंग का महत्व है, लेकिन दृष्टि के बिना जीवन का पूरा सुख नहीं मिलता। आंखें खुशी और दुख दोनों का भाव व्यक्त करती है। स्क्रीन टाइम ज्यादा होने का सबसे पहला असर बच्चों की आंखों की रोशनी पर पड़ रहा है। स्क्रीन को नजदीक और एकटक देखने से आंखें ड्राई होने लगती हैं यही हालात रहने पर आंखों की रोशनी कम होने लगती है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## सूडोकु नवताल- 7941

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7940 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## दैनिक पंचांग

8 अक्टूबर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.39 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 08.54 ब.से |
| मंगल | कर्क में | धनु | 11.10 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.15 बजे से |
| गुरु | कर्क में | कुंभ | 15.02 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.34 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.45 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.43 बजे से |
| | | कर्क | 23.57 बजे से |
| | | सिंह | 02.13 बजे से |
| | | कन्या | 04.25 बजे से |

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 281 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 22.17 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 21.20 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 10.44 बजे तदनन्तर वणिज 22.17 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 48' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872856 **जूलियन दिन** 2461321.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 26 **विशेष** गुरु प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि, कलि युग दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## श्रीकृष्ण दर्शन को निकले भाई-बहन से पेनल्टी वसूली का आरोप!



पियूष कुमार कश्यप

एक वीडियो, दो युवा भाई-बहन और आधी रात की एक ऐसी घटना, जिसने रेलवे की व्यवस्था, महिला सुरक्षा और ऑनलाइन टिकट प्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रा का उद्देश्य कोई मौज-मस्ती या सैर-सपाटा नहीं था। दो सगे भाई-बहन–18 वर्षीय उदय और 20 वर्षीय उपासना सिंह–लखनऊ से मथुरा श्रीकृष्ण और राधा रानी के दर्शन के लिए निकले थे। उनके पास ऑनलाइन बुक कराया गया ई-टिकट था।

यात्रा 6 अक्टूबर 2026 की रात 11:20 बजे लखनऊ से मथुरा के लिए 13237/पीएनबीई कोटा एक्सप्रेस से निर्धारित थी और मथुरा पहुंचने का समय 7 अक्टूबर की सुबह 6:35 बजे था। टिकट पर कुल भुगतान राशि 568 रुपये दर्ज है। लेकिन इसी यात्रा के दौरान रात करीब ढाई बजे का एक वीडियो सामने आया, जो इस पूरे प्रकरण को गंभीर बना देता है।

वीडियो लेखक के पास सुरक्षित इस वास्तविक वीडियो में कथित तौर पर टिकट जांच को लेकर यात्रियों और टीटीई के बीच बातचीत होती दिखाई देती है। वीडियो में टिकट जांच कर रहे टीटीई का नाम राजेश कुमार बताया गया है। बातचीत के दौरान यात्रियों की ओर से कथित रूप से यह सवाल भी उठता सुनाई देता है कि उनसे पैसे क्यों लिए जा रहे हैं और क्या यह किसी तरह की वसूली है। वीडियो में पुरुष यात्री द्वारा मौजूद पुलिसकर्मियों से उनका नाम और बैच पूछते हुए भी दिखाई देता है। यहां सबसे गंभीर प्रश्न समय को लेकर है। रात के लगभग 2:30 बजे। एक ट्रेन। दो युवा भाई-बहन। और उनमें से एक केवल 20 वर्ष की महिला। वीडियो में महिला यात्री के आसपास पुरुष पुलिसकर्मी खड़े दिखाई देते हैं। यदि वीडियो में दिखाई देने वाला दृश्य उसी समय का है, तो यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि इतनी रात में महिला यात्री की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए क्या कोई महिला सुरक्षा कर्मी वहां मौजूद थी? यदि नहीं, तो रेलवे और संबंधित सुरक्षा व्यवस्था के पास इसका क्या जवाब है?

वीडियो में महिला यात्री के हाथ में 500 रुपये के कुछ नोट भी दिखाई देते हैं। इन नोटों की मौजूदगी और बातचीत की पूरी परिस्थितियां अपने आप में कई सवाल खड़े करती हैं। हालांकि वीडियो के आधार पर किसी कर्मचारी पर रिश्वत लेने का अंतिम आरोप लगाना जांच का विषय होगा, लेकिन यदि कोई यात्री कैमरे पर यह कह रहा है कि उससे पैसे लिए जा रहे हैं, तो रेलवे के लिए इस शिकायत की निष्पक्ष जांच आवश्यक हो जाती है। इस पूरे मामले का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। टिकट ऑनलाइन बुक किया गया था। टिकट पर दोनों यात्रियों के नाम, उम्र, यात्रा का विवरण और भुगतान की राशि साफ दर्ज है। लेकिन टिकट की वर्तमान स्थिति आरएलडब्ल्यूएल/40 और आरएलडब्ल्यूएल/41 है। टिकट पर स्वयं स्पष्ट किया गया है कि पूरी तरह प्रतीक्षा सूची वाले ई-टिकट पर यात्री को ट्रेन में चढ़ने की अनुमति नहीं होती और ऐसे यात्री को टिकटविहीन माना जाता है।

यही तथ्य अब एक बड़ा सवाल खड़ा करता है–अगर रेलवे की व्यवस्था किसी ई-टिकट को यात्रा के लिए मान्य नहीं मानती, तो आम यात्री के लिए टिकट बुकिंग की प्रक्रिया इतनी जटिल क्यों है कि भुगतान करने के बाद भी उसे यह स्थिति स्पष्ट रूप से समझ नहीं आती? ऑनलाइन टिकट के लिए यात्री ने मूल किराए के अलावा सुविधा शुल्क और एजेंट सर्विस चार्ज भी दिया। इस टिकट पर 530 रुपये किराया, 17.70 रुपये सुविधा शुल्क और 20 रुपये एजेंट सर्विस चार्ज सहित कुल 568 रुपये का भुगतान दर्ज है। डिजिटल इंडिया के दौर में जब रेलवे यात्रियों को ऑनलाइन टिकट, मोबाइल सुविधा और डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की बात करता है, तब आम यात्री के सामने नियमों की यह जटिलता क्यों बनी हुई है? क्या टिकट बुक करते समय यात्री को इतनी स्पष्ट भाषा में नहीं बताया जाना चाहिए कि कौन-सी स्थिति में वह ट्रेन में यात्रा कर सकता है और कौन-सी स्थिति में नहीं?

और यदि किसी यात्री की टिकट स्थिति यात्रा के समय तक पूरी तरह प्रतीक्षा सूची में ही रहती है, तो उसके सामने रात के बीच यात्रा को लेकर क्या सुरक्षित और व्यावहारिक विकल्प रहता है?

यह सवाल और भी गंभीर तब हो जाता है जब यात्री दो युवा भाई-बहन हों और यात्रा का उद्देश्य धार्मिक दर्शन हो। यह भी स्पष्ट है कि दोनों यात्री अलग-अलग उम्र के होते हुए भी एक ही परिवार के भाई-बहन हैं। इसलिए किसी भी बाहरी व्यक्ति द्वारा उनके संबंध या यात्रा के उद्देश्य को लेकर अनावश्यक संदेह करना उचित नहीं होगा। लेकिन यदि आधी रात को टिकट विवाद के बीच महिला यात्री को अगले स्टेशन पर उतारने जैसी बात कही गई हो, तो रेलवे को यह भी बताना होगा कि ऐसी स्थिति में उस महिला की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होती? क्या किसी महिला यात्री को रात के अंधेरे में केवल टिकट विवाद के कारण अगले स्टेशन पर उतार देना पर्याप्त समाधान है? या रेलवे को पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिला यात्री सुरक्षित रहे, उसके साथ महिला सुरक्षा कर्मी उपलब्ध हों और पूरे प्रकरण की पारदर्शी प्रक्रिया के तहत जांच हो?

यह मामला केवल दो यात्रियों का नहीं है। यह उस व्यवस्था का सवाल है जिसमें एक ओर रेलवे यात्रियों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराता है और दूसरी ओर वही यात्री टिकट की स्थिति, नियमों और जांच प्रक्रिया के बीच उलझ जाता है। इस घटना का पूरा वीडियो वीडियो लेखक के पास सुरक्षित है। यदि वीडियो में दिखाई देने वाली घटनाएं वास्तविक हैं, तो संबंधित रेलवे अधिकारियों को वीडियो, टिकट, टिकट जांच की प्रक्रिया और उस समय ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। रेलवे देश की जीवनरेखा है। यात्रियों से केवल टिकट खरीदने की अपेक्षा नहीं, बल्कि सम्मान, पारदर्शिता और सुरक्षा की भी अपेक्षा होती है। इसलिए सवाल सीधा है–ऑनलाइन टिकट प्रणाली आखिर यात्री की सुविधा के लिए है या उसे नियमों के जाल में उलझाने के लिए?और सबसे बड़ा सवाल– रात के ढाई बजे, एक 20 वर्षीय महिला यात्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी थी? इन सवालों का जवाब केवल उदय और उपासना को नहीं, बल्कि उन लाखों यात्रियों को चाहिए जो हर दिन रेलवे की ऑनलाइन व्यवस्था पर भरोसा कर-के यात्रा करते हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**वृष-** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन-** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**कर्क-** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**सिंह-** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**कन्या-** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**तुला-** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक-** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने. के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**धनु-** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मकर-** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभ-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन-** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# मुख्यमंत्री की विजयादशमी शोभायात्रा की सुरक्षा में चूक की कोई गुंजाइश नहीं

## गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर डीएम-एसएसपी ने कसी सुरक्षा व्यवस्था



गोरखपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गोरखनाथ मंदिर से विजयादशमी के अवसर पर निकलने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारंपरिक शोभायात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में निकलने वाली इस महत्वपूर्ण शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर बुधवार को गोरखनाथ थाने में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में शोभायात्रा के पूरे मार्ग, मंदिर परिसर, आसपास के क्षेत्रों, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयार किए गए प्लान पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा में शामिल होते हैं। ऐसे में आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम लोगों और विभिन्न स्थानों से आने वाले लोगों की भीड़ जुटती है। इसे देखते हुए सुरक्षा के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को भी बेहद महत्वपूर्ण माना गया। डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं और ड्यूटी में लगाए जाने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को उसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बताई जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शोभायात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें और किसी भी संभावित समस्या का पहले से आकलन कर उसका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने भीड़ वाले स्थानों और संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने तथा आपसी समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत और प्रभावी रहनी चाहिए। पुलिस अधिकारी अपने-अपने दायित्व वाले क्षेत्रों का पहले से निरीक्षण कर लें और तैनाती से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूरी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ-साथ शोभायात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। किसी भी परिस्थिति में अव्यवस्था पैदा न हो, इसके लिए पुलिस बल को पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रखा जाए।

# विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा



सहजनवा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में भव्य एवं ऐतिहासिक सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सहजनवा रेलवे स्टेशन से हुआ। विधायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी रेलवे स्टेशन से थाना चौराहा तक पैदल यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद थाना चौराहा से वाहनों के माध्यम से यात्रा गोरखपुर क्लब के लिए रवाना हुई।

यात्रा में कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सेवा, राष्ट्रहित और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता राम जियावन मौर्य पिछड़ा आयोग सदस्य डॉ आर डी सिंह, वरिष्ठ व्यापारी पुरुषोत्तम अग्रवाल, गोपाल गुप्ता पूर्व विधायक जीएम सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव, शशी प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद शुक्ला जिला मंत्री मनोज सिंह, अभिमन्यु मौर्य, मंजू त्रिपाठी, पुष्पांजलि पांडेय, निहारिका त्रिपाठी, रामपाल सिंह, मनोज जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सूर्यनाथ विश्वकर्मा रवि प्रताप सिंह विजय बहादुर सिंह इंद्र कुमार निगम, नागेंद्र सिंह, रोशन सिंह रवि सिंह सोलंकी, नरेंद्र शुक्ला, मनीष पांडेय, मदन मुरारी गुप्ता, प्रमोद राय, राम बुझारत पासी, रविंद्र तिवारी, ऋषिकेश जायसवाल, चंदन सिंह, अजय यादव अभिषेक सिंह, नीरज उपाध्याय, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पति की मौत के बाद जमीन-मकान पर कब्जे का आरोप, शारदा देवी ने लगाई न्याय की गुहार



गोरखपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। रामगढ़ताल क्षेत्र की रहने वाली शारदा देवी पत्नी स्व. अनिल निषाद ने अपने पति की मारपीट के बाद उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने और जमीन-मकान पर जबरन कब्जे का आरोप लगाया है। शारदा देवी ने गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर उन्हें कार्रवाई के नाम पर थाने और तहसील भेजा जाता है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी उनकी जमीन और मकान पर दीवार आदि का निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास करते हैं। शारदा देवी ने बताया कि वह मेहया नई कालोनी, पानी की टंकी के पास, थाना रामगढ़ताल क्षेत्र की निवासी हैं। उनके मुताबिक 8 दिसंबर 2025 को अमित और धर्मेंद्र पुत्र बाबूलाल, अनिल पुत्र धर्मेंद्र, रविशंकर पुत्र बाबूलाल, अंचित पुत्र धर्मेंद्र और मिट्टू यादव ने उनके पति अनिल निषाद के साथ मारपीट की थी। इस मामले में रामगढ़ताल थाने में मुकदमा अपराध संख्या 816/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। शारदा देवी का आरोप है कि मुकदमे में सुलह कराने को लेकर उनके पति पर दबाव बनाया जा रहा था। पति द्वारा सुलह से इनकार करने के बाद विपक्षी पक्ष ने उनकी जमीन और मकान पर जबरन कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनके पति और उनके साथ भी मारपीट की गई। शारदा के अनुसार मारपीट में गंभीर चोट लगने के बाद उनके पति का इलाज कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान 29 जनवरी 2026 को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पति के शव का पोस्टमार्टम 30 जनवरी को कराया गया। शारदा देवी के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण एंटीमार्टम इंजरी, हेड इंजरी और कोमा बताया गया है। पति की मौत के बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी रामगढ़ताल थाने के साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी।

# मुख्यमंत्री की शोभायात्रा के रूट पर डीएम-एसएसपी का पैदल मार्च

गोरखपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गोरखनाथ मंदिर से विजयादशमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने अधीनस्थ अधिकारियों और पुलिस जवानों के साथ गोरखनाथ मंदिर से रामलीला मैदान तक शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग का रूट मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने पूरे मार्ग की बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, भीड़ नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और आम लोगों के शामिल होने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की रणनीति तैयार की है। रूट मार्च के दौरान डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों के साथ मार्ग में आने वाले प्रमुख स्थानों, भीड़ जुटने वाले क्षेत्रों और संवेदनशील बिंदुओं को देखा तथा वहां आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर से शुरू होकर रामलीला मैदान तक पहुंचने वाले शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ तैयारियों को परखा। अधिकारियों ने यह भी देखा कि शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

भीड़ बढ़ने की स्थिति में उसे नियंत्रित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर यातायात को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने को लेकर भी मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। रूट मार्च के दौरान डीएम दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कोस्तुभ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए। मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मी अपने-अपने निर्धारित स्थान पर मुस्तैद रहें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने शोभायात्रा मार्ग पर तैनाती व्यवस्था, पैदल गश्त और भीड़ प्रबंधन से संबंधित तैयारियों को भी देखा। प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की मौजूदगी सुनिश्चित करने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की आत्महत्या के मामले में पत्नी समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज संवाददाता), 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामपुर गोपालपुर टोला अजायबा में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने 15 सितंबर कि रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की भाभी की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। क्षेत्र के रामपुर गोपालपुर निवासी शकुन्तला देवी का आरोप है कि उसके देवर भानु प्रताप का विवाह 4 नवंबर 2025 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार बुढ़ाडीह छोटका टोला निवासी दिलीप की पुत्री नेहा के साथ हुआ था। पिछले दो माह से देवर का अपनी पत्नी नेहा से संबंध खराब चल रहा था। नेहा किसी अन्य व्यक्ति से बात करती थी, जिसको लेकर दोनों में विवाद हो रहा था। इससे भानू काफी दुखी रहता था। यह भी आरोप है कि रिश्ता ठीक कराने के नाम पर नेहा की मौसी अंजली देवी ने भानू से 50 हजार रुपये भी ले लिए थे। इसके बाद भी रिश्ता ठीक नहीं हुआ तो भानू और दुखी रहने लगा। पत्नी नेहा, उसकी मौसी अंजली देवी और पिता दिलीप उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करते थे। इसी प्रताड़ना से तंग आकर भानू ने 15 सितंबर की रात 11 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज में हुआ। क्रिया-कर्म से होने के बाद भाभी शकुन्तला ने मंगलवार को गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक जे पी पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### अनियंत्रित ट्रक ने कार में मारी टक्कर महिला डाक्टर को 400 मीटर घसीटा

सहजनवा गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सहजनवा थाना क्षेत्र के मुरारी इंटर कालेज के सामने खलीलाबाद से गोरखपुर शिफ्ट डिजायर कार से गोरखपुर जा रही महिला डाक्टर के कार में अनियंत्रित कार ने टक्कर मारने के बाद कार में सवार डाक्टर को करीब 400 मीटर घसीट कर ले गया। ग्रामीणों ने दौड़ कर ट्रक को रोका पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी से हरप्रीत त्रिपाठी जो पेशे से डॉक्टर है। वह दिन में 11 बजे के करीब अपनी शिफ्ट डिजायर कार वढ56इअ2997 को चलाकर खलीलाबाद से गोरखपुर जा रही थी। उसी दौरा पीछे से आ रहा अनियंत्रित ट्रक वढ 41इक9596 जो बाराबंकी से आलू लाद कर बिहार जा रहा था। मुरारी इंटर कालेज के पास पहुंचा था। की अनियंत्रित ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मारने के बाद करीब 400 मीटर घसीटते हुए ले गया भयावह दृश्य देखकर चौराहे के लोग दौड़े और ट्रक को रोका और महिला डाक्टर को कार से सुरक्षित निकाल जिन्हें मामूली चोटे आई थी। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया। इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि डाक्टर की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कूड़ा फेंकने से मना करने पर घर में घुसकर कर पीटा, सात आरोपियों पर केस दर्ज

सहजनवा गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ टोला इन्द्रा चक में 27 सितंबर को कूड़ा फेंकने से मना करने पर विपक्षियों ने पीड़ित के गर्म घुसकर स्वजन को मारपीट कर घायल कर दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के नौसढ़ टोला इन्द्रा चक निवासी अमरजीत पुत्र स्व अर्जुन निषाद के पट्टीदार 27 सितंबर को दरवाजे पर कूड़ा फेंक रहे थे। इसके बाद विपक्षी गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो गये। और गोलबंद होकर शाम 5.30 बजे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा राड़ लेकर घर में घुस आए।बेटा, पत्नी, भांजे को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए। बेटे को मार कर हाथ तोड़ दिया। आरोपी अपने साले को शाम 6 बजे बुला लिया और घर में घुसकर कर मारा पीटा। और दो पहिया भाषण और सीमेंट सीट तोड़ दिए। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत दर्ज कराया आदेश पर पुलिस ने आरोपी किसमावती देवी, कोइल निषाद,श्याम सुंदर, ऋषिकेश, शीला,बृजेश,अखिलेश निषाद के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,बलवा, अंगभंग करना,तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर मारने पीटने की धमकी जमीन कब्जा करने का प्रयास, केस दर्ज

सहजनवा गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गीडा थाना क्षेत्र के बोकटा वार्ड 2 में विपक्षी पीड़ित के घर में घुसकर कर मारने पीटने की धमकी देते हुए जमीन कब्जा करने का प्रयास करने लगे थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के वार्ड 2 बोकटा निवासी कैलाश यादव पुत्र स्व भागीरथी यादव का आराजी नम्बर 163 जमीन का न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। 5 अक्टूबर को सुबह ,9 बजे के करीब विपक्षी मकान का गेट खोलकर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने की धमकी देते हुए जमीन कब्जा करने का प्रयास करने लगे।

# अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचलन गोंडा से 11 से

गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा नवरात्रि के अवसर पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05078/05077 गोंडा-तुलसीपुर-गोंडा अनारक्षित अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी का संचलन गोंडा से 11 से 25 अक्टूबर, 2026 तक तथा तुलसीपुर से 12 से 26 अक्टूबर, 2026 तक प्रतिदिन 15 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। फलस्वरूप 05078 गोंडा-तुलसीपुर अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 11 से 25 अक्टूबर, 2026 तक प्रतिदिन गोंडा से 23.30 बजे प्रस्थान कर सुभागपुर से 23.52 बजे, दूसरे दिन इंटियाथोक से 00.11 बजे, भवानीपुर कलाँ से 00.26 बजे, बलरामपुर से 00.37 बजे, झारखण्डी से 00.44 बजे, गैंजहवा से 00.58 बजे, कौवापुर से 01.27 बजे तथा लक्ष्मनपुर से 01.38 बजे छूटकर तुलसीपुर 01.55 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05077 तुलसीपुर-गोंडा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 12 से 26 अक्टूबर, 2026 तक प्रतिदिन तुलसीपुर से 03.10 बजे प्रस्थान कर लक्ष्मनपुर से 03.20 बजे, कौवापुर से 03.30 बजे, गैंजहवा से 03.41 बजे, झारखण्डी से 03.50 बजे, बलरामपुर से 03.58 बजे, भवानीपुर कलाँ से 04.08 बजे, इंटियाथोक से 04.21 बजे तथा सुभागपुर से 04.40 बजे छूटकर गोंडा से 05.00 बजे पहुँचेगी।

# 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य समापन



सहजनवां, (गोरखपुर) मुरारी इंटर कॉलेज, सहजनवां में 3 से 7 अक्टूबर तक आयोजित पांच दिवसीय 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 का बुधवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 मंडलों तथा एक कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में बालक-बालिकाओं ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा, दमखम और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। 696 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग। प्रतियोगिता में लगभग 333 बालक और 363 बालिकाओं समेत कुल 696 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पांच दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहजनवां उपजिलाधिकारी नमन मेहता रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विजेता खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित किया गया। अंत में ध्वज अवरोहण के साथ प्रतियोगिता का विधिवत समापन हुआ मुख्य अतिथि नमन मेहता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक गोरखपुर सतीश सिंह ने कहा कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना खिलाड़ियों के लिए स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने तथा खेल के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। टीमों ने जीते ओवरऑल खिताब। बालिका वर्ग में अंडर-14 आयु वर्ग का ओवरऑल खिताब कस्तूरबा गांधी विद्यालय ने अपने नाम किया। टीम ने 5 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक हासिल किए।

वहीं अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग में वाराणसी मंडल ओवरऑल विजेता रहा। अंडर-17 में वाराणसी मंडल ने 5 स्वर्ण और 1 कांस्य, जबकि अंडर-19 में 4 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक हासिल किए। बालक वर्ग में अंडर-14 का ओवरऑल खिताब मुरादाबाद मंडल ने जीता। मुरादाबाद मंडल ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक हासिल किए।

# साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन हडपसर पुणे से 13 से

गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 01431/01432 हडपसर (पुणे)-गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन हडपसर (पुणे) से 13 अक्टूबर से 20 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को तथा गाजीपुर सिटी से 15 अक्टूबर से 22 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक रविवार एवं बृहस्पतिवार को 12 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

01431 हडपसर (पुणे)-गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 13 अक्टूबर से 20 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को हडपसर से 06.55 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 08.12 बजे, अहिल्यानगर से 09.32 बजे, बेलापुर से 10.30 बजे, कोपरगांव से 11.34 बजे, मनमाड से 13.15 बजे, जलगांव से 15.25 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खंडवा से 19.00 बजे, इटारसी से 21.20 बजे, पिपरिया से 22.12 बजे, नरसिंहपुर से 23.07 बजे, दूसरे दिन मदन महल से 00.45 बजे, कटनी से 02.55 बजे, मैहर से 04.12 बजे, सतना से 06.05 बजे, मानिकपुर से 08.05 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.50 बजे, वाराणसी जं. से 15.20 बजे, जौनपुर से 17.40 बजे तथा औंड़िहार से 18.35 बजे छूटकर गाजीपुर सिटी 20.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 15 अक्टूबर से 22 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक रविवार एवं बृहस्पतिवार को गाजीपुर सिटी से 04.00 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 05.15 बजे, जौनपुर से 07.05 बजे, वाराणसी जं. से 08.30 बजे, प्रयागराज छिवकी से 13.00 बजे, मानिकपुर से 16.27 बजे, सतना से 17.30 बजे, मैहर से 18.00 बजे, कटनी से 18.55 बजे, मदन महल से 20.30 बजे, नरसिंहपुर से 21.45 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.20 बजे, इटारसी से 01.15 बजे, खंडवा से 03.48 बजे, भुसावल से 06.25 बजे, जलगांव से 06.52 बजे, मनमाड से 09.05 बजे, कोपरगांव से 10.12 बजे, बेलापुर से 10.56 बजे, अहिल्यानगर से 12.00 बजे तथा दौंड कॉर्ड लाइन से 15.12 बजे छूटकर हडपसर 16.20 बजे पहुँचेगी।इस गाडी में शयनयान श्रेणी के 06, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुम्बई से 11 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक

गोरखपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) से 11 अक्टूबर से 20 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को तथा मऊ से 13 अक्टूबर से 22 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 12 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-मऊ द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 11 अक्टूबर से 20 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.38 बजे, कल्याण जं. से 12.55 बजे, इगतपुरी से 14.45 बजे, नासिक रोड से 15.15 बजे, जलगांव से 18.48 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, खंडवा से 21.00 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.01 बजे, पिपरिया से 00.52 बजे, नरसिंहपुर से 01.55 बजे, मदन महल से 03.25 बजे, कटनी से 04.50 बजे, मैहर से 06.40 बजे, सतना से 07.15 बजे, मानिकपुर से 09.02 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.15 बजे, वाराणसी जं. से 16.00 बजे, जौनपुर से 18.15 बजे, शाहगंज से 19.05 बजे, खोरासन रोड से 19.30 बजे, आजमगढ़ से 20.05 बजे तथा मुहम्मदाबाद से 20.30 बजे छूटकर मऊ 21.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 13 अक्टूबर से 22 नवम्बर, 2026 तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को मऊ से 04.15 बजे प्रस्थान कर मुहम्मदाबाद से 04.30 बजे, आजमगढ़ से 05.05 बजे, खोरासन रोड से 05.42 बजे, शाहगंज से 06.30 बजे, जौनपुर से 08.15 बजे, वाराणसी जं. से 10.00 बजे, प्रयागराज छिवकी से 14.25 बजे, मानिकपुर से 17.02 बजे, सतना से 18.10 बजे, मैहर से 18.40 बजे, कटनी से 19.35 बजे, मदन महल से 21.10 बजे, नरसिंहपुर से 22.28 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.05 बजे, इटारसी से 02.05 बजे, खंडवा से 04.33 बजे, भुसावल से 06.55 बजे, जलगांव से 07.18 बजे, नासिक रोड से 10.30 बजे, इगतपुरी से 12.45 बजे, कल्याण जं. से 14.30 बजे तथा ठाणे से 14.55 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 16.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 11, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# डीएम ने जनगणना प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर्स को दिए जरूरी निर्देश

## एमएमएमयूटी में शुरू हुआ फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण, दो सत्रों में होगा आयोजन



गोरखपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत बुधवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देवरिया रोड, कूड़ाघाट में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दीपक मीणा पहुंचे और प्रशिक्षण ले रहे फील्ड ट्रेनर्स से संवाद कर जनगणना कार्य से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षुओं को जनगणना के महत्व से अवगत कराते हुए पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनगणना देश के विकास की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जनसंख्या से जुड़े आंकड़े जितने सटीक और विश्वसनीय होंगे, भविष्य में विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं को उतनी ही बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा। ऐसे में जनगणना कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह समझें और किसी भी बिंदु पर शंका होने पर प्रशिक्षकों से जानकारी प्राप्त करें। आगे यही फील्ड ट्रेनर्स जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षण देंगे, इसलिए उन्हें प्रक्रिया की पूरी और सही जानकारी होना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को जनसंख्या की गणना की प्रक्रिया, आंकड़े एकत्र करने की पद्धति, निर्धारित प्रपत्रों तथा जनगणना कार्य से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि गणना के दौरान प्राप्त सूचनाओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दर्ज किया जाए और आंकड़ों की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। गोरखपुर में फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र 7, 8 और 9 अक्टूबर 2026 को तथा द्वितीय सत्र 12, 13 और 14 अक्टूबर 2026 को होगा। बुधवार को प्रथम सत्र का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। जनगणना 2027 के लिए जनगणना से जनकल्याण और हमारी जनगणना, हमारा विकास का संदेश दिया जा रहा है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर नियोजन में किया जाता है।

जिले में जनगणना की तैयारियां जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में की जा रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी जय प्रकाश की देखरेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य के लिए पूरी तरह तैयार किया जा रहा है।

# लाखों खर्च फिर भी प्यासे ग्रामीण: रौजा दरगाह में पानी की टंकी बनी टापू, टंकी तक जाने का रास्ता तक नहीं

धुरियापार, गोरखपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जल जीवन मिशन भारत के प्रधानमंत्री की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें हर घर को नल से जोड़ने की योजना है ताकि हर गरीब को शुद्ध जल मिल सके। लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी व ठेकेदार मिलकर प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को पलीता लगा रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड उरुवा की ग्राम पंचायत रौजा दरगाह में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी है। जहां पानी टंकी निर्माण व गांव में पाइप बिछाए जाने के 1 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद ग्रामवासी आज हुई स्वच्छ जल से महरूम हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में पानी की टंकी का निर्माण एवं पाइपलाइन बिछाए लगभग 1 वर्ष बीत चुका है, लेकिन आज तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इसका सबसे बड़ा कारण टंकी तक पहुंचने का कोई रास्ता ही नहीं है।ग्रामीणों ने बताया कि टंकी जिस जगह पर बनाई गई है, वहां से पहले मिट्टी निकाल ली गई थी, जिससे उस जगह पोखरी बन गई थी और हमेशा पानी भरा रहता था। उसी नीची जमीन पर जल निगम के अधिकारियों ने मिट्टी पटवाकर टंकी का निर्माण करा दिया। गांव में सबसे निचले स्तर (एस्टर) पर होने के कारण बारिश में यहां हमेशा जलजमाव रहता है। वर्तमान समय में टंकी के चारों तरफ पानी भरा है और टंकी एक टापू जैसी दिख रही है। इस संबंध में वर्तमान ग्राम प्रधान परमजीत का कहना है कि ग्राम पंचायत में टंकी के लिए यही एक खाली जमीन थी अन्य दूसरी कोई जमीन खाली नहीं थी। इस बारे में जल निगम के अधिकारियों को बताया गया था कि यहां हमेशा पानी भरा रहता है और रास्ता भी नहीं है। उस समय अधिकारियों ने कहा कि टंकी बन जाएगी तो रास्ता भी बन जाएगा। लेकिन हकीकत यह है कि टंकी के अगल-बगल की निजी जमीनों पर भवन निर्माण के लिए लगभग 3 फीट से अधिक ऊंचाई की नींव भरी जा चुकी है। मकानों के नींव की मिट्टी पटाई टंकी की बाउंड्री वॉल के बराबर तक हो गई है, जिससे पूरी टंकी परिसर एक गड्ढे में तब्दील हो गया है बरसात में वहां पानी भर गया है। ऐसी स्थिति में टंकी का संचालन संभव ही नहीं है। ग्राम वासियों का कहना है कि आखिर ऐसी जगह पर जो जगह गड्ढे में है ,जहां आने- जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है ।

# ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला: कांग्रेस का प्रदर्शन, वोट चोर गद्दी छोड़




गाजीपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मतदाता सूची में कथित अनियमितता और फॉर्म-6 से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर बुधवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लंका स्थित अंबेडकर पार्क से विरोध जूलूस निकाल जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसजनों ने ῾वोट चोर गद्दी छोड़῾ के नारे लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल पद से हटाने और कथित वोट चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि फॉर्म-6 के स्तर पर हुई व्यापक गड़बड़ी के कारण लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से गायब हुए हैं, जिससे विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई है।

वक्तओ ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। यदि योग्य मतदाताओं के नाम मनमाने ढंग से हटाए जाते हैं तो यह लोकतंत्र के साथ गंभीर खिलवाड़ है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर जनता का भरोसा जरूरी है और इस मामले में पारदर्शी जवाब आना चाहिए।मतदाता सूची में पात्र नागरिक का नाम हटना उसके संवैधानिक अधिकार पर चोट है। कांग्रेस इस मुद्दे को बूथ स्तर तक ले जाएगी। निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना पहली शर्त है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। अमिताभ अनिल दुबे पशुपति नाथ राय संदीप विश्वकर्मा रविकान्त अजय श्रीवास्तव, हामिद अली, राजेश गुप्ता, चंद्रिका राजीव , शहजादे भाई, ज्ञान प्रकाश सिंह, राम नगीना पांडे, सतीश उपाध्याय रईस उमाशंकर मंसूर जैदी अखिलेश शमशाद आलम शक्ति आनंद इरफान खान पप्पू निषाद परवीन गुलबग्स यादव देवेंद्र सिंह चंद्रशेखर आर्य किरण देवी हनीफ अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## आईटीआई में दाखिले का आखिरी मौका 11 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

देवरिया, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया में प्रवेश-2026 के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन और विकल्प चयन का एक और मौका दिया गया है। प्रधानाचार्य केके राम ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा नए अभ्यर्थियों के साथ-साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में चयन से वंचित अभ्यर्थियों को रिक्त सीटों के सापेक्ष व्यवसाय एवं संस्थान का विकल्प चुनने का अवसर दिया गया है। अभ्यर्थी 11 अक्टूबर 2026 तक परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन अथवा विकल्प चयन कर सकते हैं। आवेदन की प्रति सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 300 रुपये, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए।

## समाजवादियों ने निकाला 'संविधान बचाओ', वोट बचाओ, देश बचाओ पैदल मार्च




बस्ती , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। बुधवार को समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में कटेश्वरपार्क स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के साथ ही गांधीकला भवन स्थित बापू प्रतिमा तक लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ पैदल मार्च निकाला। इस मार्च में हजारों की संख्या में समाजवादी हाथो में तख्तियां लिये सड़क पर उतरे तो जाम लग गया। बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की रक्षा के समर्थन में नारे लगाए। नेताओं ने लोगों से अपने अधिकारों और मताधिकार के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए वोट चोर के नारे लगाए। पैदल मार्च को ऐतिहासिक बताते हुये सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के वोट की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित होना जरूरी है। निर्वाचन व्यवस्था को लेकर आम जनता के मन में उठ रहे सवालों और आशंकाओं को गंभीरता से लेते हुए चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध लगाए जा रहे आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में संवैधानिक पद की गरिमा या निर्वाचन संबंधी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। महेन्द्रनाथ यादव ने बस्ती के ऐतिहासिक पैदल मार्च की राष्ट्रीय अखिलेश यादव द्वारा सराहना किये जाने के प्रति आभार जताया।

विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय आदि ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता को तत्काल दूर करने, मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण स्वस्थ लोकतंत्र के लिये आवश्यक है। कहा कि वोट चोरी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने कृषक प्रशिक्षण दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संत कबीर नगर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अनुज मलिक द्वारा नेशन मिशन आन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलोजी के सबमिशन आन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जनपद के 60 कृषकों के समूह को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद से कृषकों के दल को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी एवं अन्तर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, वाराणसी में दिनॉक 07.10.2026 से दिनॉक 11.10.2026 तक आयोजित पॉच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा किसानों को उक्त पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सब्जी, धान आदि का नवीन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जाने की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि रक्षा अधिकारी अजयदीप सिंह एवं एस0एम0एस0 विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

### इकाई प्रमुख ने किया गन्ना फसल का निरीक्षण,कृषकों दी सलाह

बस्ती (रुधौली) , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। बजाज चीनी मिल रुधौली के इकाई प्रमुख डॉ जेपी त्रिपाठी ने आज गेट एवं केंद्र के गांव महुआ ,खजुआ, गौतम करहली ,भरवलिया ,कसैला पकड़ी ,पकड़ी बी,पालने, दौरा पत्ती ,के गांव में तेज हवा एवं बरसात के कारण गिरी गन्ना की फसल का निरीक्षण कियां साथ-साथ कुआनो नदी एवं मनोरमा नदी के बढ़ रहे जलस्तर से गन्ना फसल को बचाव हेतु कृषकों से चर्चा की और कहां की कृषक गन्ना बधाई एवं खेत में लगे पानी की निकासी आवश्यक कर दें, जिससे गन्ना फसल को नुकसान से बचाया जा सके' गन्ना गिरने पर उत्पादन पर असर पड़ता है जंगली जानवरों से फसल को नुकसान अधिक होता है और उपस्थित कृषकों से शरद कालीन गन्ना बुवाई करने के लिए अपील करते हुए कहा कि आप लोग अधिक से अधिक क्षेत्रफल में शरद कालीन गन्ना बुवाई करें' शरद कालीन गन्ना बुवाई बसंत कालीन गन्ना बुवाई से अधिक उत्पादन कृषक को प्राप्त होता है, सिंचाई पर लागत कम आती है और तोल पर्ची पेड़ी की प्राप्त होती है जिससे कृषक समय से गेहूं की बुवाई कर लेते हैं' जंगली जानवरों से फसल को नुकसान भी काम होता है तथा रोग किट का प्रभाव नहीं पड़ता है और उत्पादन कृषक बेहतर प्राप्त होता है' सीनियर गन्ना अधिकारी बाल सिंधु गगन पांडे ने कहा की कृषक शरद कालीन गन्ना बुवाई हेतु अपना गन्ना बुवाई के लिए बीज सुपरवाइजर से संपर्क करके अवश्य रिजर्व कर ले, जिससे हम उन्हें समय से गन्ना बीज उपलब्ध करा के अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करा सकें' फील्ड सुपरवाइजर लगातार गांव-गांव में शरद कालीन गन्ना बुवाई के लिए कृषकों को जागरूक कर रहे हैं'।

### सैनिक बंधु बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर गंभीरता, जल्द निस्तारण के निर्देश

देवरिया , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिला सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने किया। बैठक में करीब 12 पूर्व सैनिक और उनके परिजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। चार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें भूमि की पैमाइश कर कब्जा दिलाने, खतौनी में नाम दर्ज कराने, मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन हटाने अथवा स्थानांतरित कराने तथा भूमि विवाद के निस्तारण से जुड़े मामले शामिल रहे। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को मामलों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान में जिला प्रशासन की ओर से नियमानुसार हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

### खाद्य सचल प्रयोगशाला ने 27 नमूनों की मौके पर की जांच, एक पेड़ा अधोमानक

देवरिया, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की खाद्य सचल प्रयोगशाला एफएसडब्ल्यू ने बुधवार को भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के टीकमपार चौराहा मेन चौक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान खाद्य कारोबारियों और उपभोक्ताओं की मौजूदगी में कुल 27 खाद्य पदार्थों के नमूनों का मौके पर विश्लेषण किया गया। इनमें 26 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए, जबकि एक पेड़ा मिठाई का नमूना अधोमानक मिला। अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य)-क्क्रहितेंद्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्रीराम यादव, राम सिंगार यादव, करन कुमार चौरसिया और लैब टेक्नीशियन की टीम ने चलाया। अधोमानक मिले पेड़े के संबंध में संबंधित खाद्य कारोबारी को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## यूपीआई ट्रांजैक्शन शुल्क के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

बस्ती , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। बुधवार को यूपीआई ट्रांजैक्शन पर प्रस्तावित शुल्क लगाए जाने के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग किया गया। ज्ञापन देने के बाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष हरि मूर्ति सिंह मनोज ने कहा कि 15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर 0.04 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने का प्रस्ताव व्यापारियों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापारी पहले से ही विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों का भुगतान कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि यूपीआई डिजिटल भुगतान व्यवस्था का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। ऐसे में इस पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इसका असर अंततः उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए यूपीआई ट्रांजैक्शन पर प्रस्तावित शुल्क वापस लेने की मांग की। कहा कि जब प्रधानमंत्री वन नेशन, वन टैक्स की बात करते हैं तो जिला पंचायत द्वारा व्यापारियों से सीपी टैक्स की वसूली क्यों की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर भी शासन-प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया ने प्रदर्शन में शामिल सभी पदाधिकारियों और व्यापारियों का व्यापारी एकता के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि व्यापारी हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। व्यापारियों की समस्याओं को शासन और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाता रहेगा।

## दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को सरकार प्रतिबद्ध : अजय सिंह

बस्ती , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को ब्लॉक सभागार हरैया में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह ने 29 दिव्यांगजन लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टालों का अवलोकन कर अधिकारियों और कर्मचारियों से योजनाओं की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य है ।

## बेजुबानों के हक की आवाज बना सर्वजन सेवा ट्रस्ट, सौंपा ज्ञापन

बस्ती , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। बेजुबान पशुओं के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के खिलाफ सर्वजन सेवा ट्रस्ट ने आवाज बुलंद की है। बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो कुत्तों के शवों को रस्सी से बांधकर वाहन से घसीटे जाने के वायरल वीडियो को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के स्टेनो को सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पशु प्रेमियों और आम जनमानस को चिंतित किया है। वीडियो में कथित तौर पर हाईवे पेट्रोल यूनिट एवं एनएचएआई से संबंधित लिखावट वाला वाहन दिखाई देने की बात सामने आई है। ऐसे में संबंधित वाहन, उसमें मौजूद कर्मचारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर घटना की वास्तविकता सामने लाना आवश्यक है।बिना जांच किसी को दोषी ठहराना उद्देश्य नहीं है' सर्वजन सेवा ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि संस्था का उद्देश्य किसी व्यक्ति या विभाग पर बिना जांच आरोप लगाना नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच के माध्यम से सच्चाई सामने लाना है। ट्रस्ट ने मांग की कि यदि जांच में किसी कर्मचारी या अधिकारी की लापरवाही अथवा अमानवीय कृत्य प्रमाणित होता है,।

## बैंक खाते का एनपीसीआई से लिंक होना अनिवार्य

कुशीनगर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिला प्रोबेशन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम ने जनपद के समस्त संबंधित लाभार्थियों को अवगत कराया है कि महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते का एनपीसीआई से लिंक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी अपने बैंक खाते को तत्काल एनपीसीआई से लिंक करा लें। इसके लिए लाभार्थी को अपनी संबंधित बैंक शाखा में बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड लेकर जाना होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत बैंक खाता बच्चे के नाम से होना चाहिए तथा उक्त खाते का एनपीसीआई बच्चे के आधार से लिंक कराया जाना आवश्यक है। 0 से 10 वर्ष आयु के बच्चों का बैंक खाता बच्चे के संरक्षक/संरक्षिका के साथ संयुक्त रूप से खोला जाएगा तथा खाते का एनपीसीआई बच्चे के आधार से लिंक कराया जाना होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यदि लाभार्थी का बैंक खाता एनपीसीआई से लिंक नहीं होगा, तो संबंधित लाभार्थी को उपरोक्त शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। अतः सभी संबंधित लाभार्थी अपने बैंक खाते को तत्काल एनपीसीआई से लिंक कराना सुनिश्चित करें।

## विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम के तहत बाइक रैली का किया आयोजन



संत कबीर नगर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद संत कबीर नगर में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज सेवा ज्योति कलश यात्रा–विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी डॉ0 सलोनी गर्ग के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा किया गया। बाइक रैली का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा युवक मंगल दल, महिला मंगल दल एवं पीआरडी स्वयंसेवकों के सहयोग से किया गया। जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से युवक एवं महिला मंगल दलों तथा पीआरडी स्वयंसेवकों द्वारा बाइक रैली में सहभागिता की गई। विकास खण्ड स्तर से निकाली गई बाइक रैलियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन स्थल कृष्णा पैलेस पर पहुंचीं। इसके उपरांत जनपद स्तरीय बाइक रैली का शुभारंभ विकास भवन, संत कबीर नगर से प्रातः 09:00 बजे हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कृष्णा पैलेस स्थित आयोजन स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। बाइक रैली के माध्यम से सेवा मेरा योगदान–विकसित भारत का संकल्प एवं विकसित भारत@2047 के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न संदेशों से युक्त तख्तियां प्रदर्शित करते हुए सेवा, राष्ट्र निर्माण, युवा सहभागिता एवं विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों तथा पीआरडी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

## विकसित भारत संकल्प सभा व सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन



बस्ती , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को शास्त्री चौक पर विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, जिला प्रभारी सत्येन्द्र सिन्हा, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक हरैया अजय सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, दयाराम चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र नाथ तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ह्यवंदे भारत गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने उनके संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके संदेश से अवगत हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक संकल्प है। देश के विकास में सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने लोगों से सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। विकसित भारत का संकल्प लेने के उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

इसके पश्चात सेवा ज्योति यात्रा के शुभारंभ की प्रक्रिया शुरू हुई। कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्वलित किए गए तथा सेवा ज्योति को चारों दिशाओं में यात्रा के लिए रवाना किया गया। चारों दिशाओं में निकली सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति और विकसित भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। शास्त्री चौक से चार अलग-अलग दिशाओं में निकली सेवा ज्योति यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सरलता से पहुंचाना प्राथमिकता : डीएम



कुशीनगर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को पत्रकारों के साथ बैठक कर जनपद की विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों और उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनकी कोई व्यक्तिगत प्राथमिकता नहीं है, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरलता और पारदर्शिता के साथ आम जनता तक पहुंचाना ही उनकी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर कहा कि बीएसएनएल के अधिकारियों से बूस्टर लगाने को लेकर बातचीत चल रही है। इसे शीघ्र पूरा कराया जाएगा, क्योंकि वर्तमान समय में समस्याओं के त्वरित निस्तारण और सरकारी सेवाओं की पहुंच के लिए नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्व जिलाधिकारी द्वारा लिए गए निर्णयों और शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उन्हें मूर्त रूप दिया जाएगा। ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने की योजना को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि गांवों को डिजिटल बनाने से ग्रामीणों का काम आसान होगा और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के आसानी से मिल सकेगा। इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ की समस्या पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा के समय सबसे पहली प्राथमिकता प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाना है। स्थिति सामान्य होने के बाद आपदा के कारणों और संबंधित स्तर पर हुई लापरवाही की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्रॉप सर्वे पूरा हो चुका है और किसानों को हुए नुकसान के आधार पर उन्हें राहत पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त इंफ्रास्ट्रक्चर का सर्वे अंतिम चरण में है। जल्द ही मरम्मत एवं पुनर्बहाली का कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन सहित आमजन को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र बहाल करना प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने पत्रकारों से भी तथ्यपरक एवं सच आधारित खबरों के प्रकाशन पर जोर देते हुए कहा कि सच कभी-कभी कड़वा हो सकता है, लेकिन उसे बुरा नहीं कहा जा सकता।

# नगर पालिका देवरिया में भ्रष्टाचार चरम पर

- नाली निर्माण पर सवाल सफेद बालू और घटिया ईट से बन रही नाली!
- लाखों के काम में मानकों की अनदेखी का आरोप, मौके से जेई-एई नदारद
- घटिया निर्माण से महीनों में ही टूट रही सड़कें-नालियां, आखिर किसकी शह पर हो रहा खेल?



देवरिया, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। नगर पालिका परिषद देवरिया के पूर्वी साकेत नगर में खरजरवा मुख्य मार्ग से कलिंद बिहार इंटरमीडिएट कॉलेज के समीप कराया जा रहा नाली निर्माण कार्य गंभीर सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से हो रहे इस निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। निर्माण में सफेद बालू और निम्न दर्जे की ईंटों के इस्तेमाल का आरोप है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

हैरानी की बात यह है कि निर्माण स्थल पर निरीक्षण के दौरान नगर पालिका का न तो जेई नजर आया और न ही एई। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि लाखों रुपये के विकास कार्य की गुणवत्ता की निगरानी आखिर कौन कर रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निर्माण की जांच कर रहे हैं या फिर काम ठेकेदार के भरोसे छोड़ दिया गया है? स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में सड़क और नाली निर्माण की स्थिति पहले भी सवालों में रही है। लोगों का आरोप है कि निर्माण पूरा होने के कुछ ही महीनों बाद कई जगह सड़कें और नालियां टूटने लगती हैं, जिससे सरकारी धन के इस्तेमाल और गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। मामले को और गंभीर बनाता है ठेकेदार की ओर से कथित तौर पर नगर पालिका में मोटा कमीशन दिए जाने का बयान। इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यदि ऐसा कहा गया है तो यह जांच का गंभीर विषय है।

अब बड़ा सवाल यही है–क्या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण की तकनीकी जांच कराएंगे? क्या इस्तेमाल हो रही सामग्री के नमूने लिए जाएंगे? और यदि मानकविहीन निर्माण मिला तो जिम्मेदारी तय होगी?स्थानीय लोगों की मांग है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर गुणवत्ता की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि यह साफ हो सके कि जनता के पैसों से हो रहे विकास कार्य में मानकों का पालन हो रहा है या नहीं।इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया परन्तु खबर लिखे जाने तक उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## स्वीट हाउस में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



मुहम्मदाबाद , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। नगर के यूसुफपुर बाजार स्थित मिडटाउन होटल के नीचे संचालित सागर स्वीट हाउस में बुधवार करीब चार बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। आग की लपटों और धुएं से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दुकान में रखा मिठाई, खाद्य सामग्री व, काउंटर सहित बड़ी मात्रा में सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार सागर स्वीट हाउस के मालिक गोपी यादव मंगलवार की रात दुकानदार रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। बुधवार तड़के करीब चार बजे बाजार से गुजर रहे लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं निकलता देख शोर मचाने के साथ तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत की। लंबे प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान के अंदर रखा सामान जलकर राख हो चुका था। घटना की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक कर्मचारी मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। राजस्व विभाग के लेखपाल ने भी मौके पर पहुंचकर आग से हुई क्षति का सर्वे किया। प्रशासनिक स्तर पर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक शोएब अंसारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने दुकानदार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि आग से हुई क्षति बेहद दुखद है और पीड़ित की हरसंभव सहायता के लिए प्रयास किया जाएगा। आग लगने की जानकारी होने पर आसपास के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल रहा। लोगों ने समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की अन्य दुकानों तक भी आग की चपेट में आने से काफी क्षति होने की डर था।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर की नारेबाजी

## ● सिटी सेंटर से अंबेडकर चौराहे तक पैदल मार्च, फूंका पुतला

उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर बुधवार दोपहर 12 बजे उरई में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता उरई के सिटी सेंटर से पैदल मार्च करते हुए अंबेडकर चैराहे पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विरोध जताया।



बताते चलें कि पैदल मार्च को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से सतर्क रहा। सिटी सेंटर से लेकर अंबेडकर चैराहे तक बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला लेकर पहुंचे। अंबेडकर चैराहे पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनने का प्रयास किया, जिसके चलते कुछ देर तक पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और इन मुद्दों पर निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ भी नारेबाजी की। वहीं सपा जिलाध्यक्ष दीपराज सिंह गुर्जर ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

### ग्रामीणों ने कुएं का जीर्णोद्धार कराने की एसडीएम से उठाई मांग

जालौन/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गांव स्थित पुरातन व सार्वजनिक कुएं में मिट्टी डालकर उसे बंद दिया गया साथ ही उस पर अतिक्रमण कर लिया गया। ग्रामीण ने कुएं से अतिक्रमण हटवाकर कुएं का जीर्णोद्धार कराने की मांग एसडीएम से की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी रामकुमार, अशोक कुमार, संतराम आदि ने एसडीएम राकेश सोनी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में सार्वजनिक व पुरातन कुआं है। समय के साथ कुआं जीर्ण शीर्ण हो गया था। जिसका फायदा उठाकर गांव के ही कुछ लोगों ने कुएं पर अतिक्रमण कर लिया और कुएं में मिट्टी आदि भरकर उसे बंद कर दिया। उस पर खूंटे आदि गाड़कर पशुओं को बांधना शुरू कर दिया था। इसकी शिकायत उसने पूर्व में भी थी तो राजस्व निरीक्षक ने मौके पर जाकर जांच की और वहां बनी लिड़ौरी और खूंटों को हटवा दिया गया।

# एसपी विनय कुमार का ट्रांसफर सुरेश चंद्र रावत बने नए एसपी

उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जालौन के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह का बुधवार को स्थानांतरण कर दिया गया। उन्हें अब गाजीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं मथुरा से स्थानांतरित होकर आए सुरेश चंद्र रावत को जालौन की कमान सौंपी गई है। नए एसपी के सामने जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ अपराध नियंत्रण की चुनौती होगी।

बताते चलें कि विनय कुमार सिंह ने 1 अप्रैल 2026 को जालौन के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाला था। करीब छह महीने के कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को लेकर कई अहम




कदम उठाए। उनके कार्यकाल में पुलिस की ओर से आधा दर्जन से अधिक मुठभेड़ की कार्रवाई की गई, जिनमें कई बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुए। इसके अलावा जिले में हुई कई आपराधिक घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया।

उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में कोंच कोतवाली क्षेत्र में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के यहां हुई डकैती का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा शामिल रहा। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों तक पहुंचकर घटना का पर्दाफाश किया था। इसके अलावा लूट, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया। करीब छह माह के कार्यकाल में विनय कुमार सिंह की पुलिसिंग को अपराधियों पर सख्ती और त्वरित कार्रवाई के लिए जाना गया। अब शासन ने उन्हें जालौन से गाजीपुर जैसे बड़े जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके स्थानांतरण के बाद जिले के पुलिस महकमे में भी नए एसपी के कार्यभार संभालने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# एनएचएम कर्मियों ने मांगो को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

कोंच/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिला संयोजक संयुक्त संघर्ष समिति जनपद जालौन ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करते हुए बताया की संघर्ष समिति ने एनएचएम कार्मिकों का न्यूनतम वेतन 18,000 प्रति माह निर्धारित करते हुए कार्य विधि अनुभव एवं वरिष्ठता के आधार पर वेतन निर्धारण एवं वेतन वृद्धि की नीति लागू की जाए और दीर्घकाल से कार्यरत कार्मिकों को राज्य आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था में समाहित करते हुए नियमती करण एवं 2018 में सीएचओ को 6 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर नियमित किये जाने के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए रिक्त पदों पर स्थानांतरण नीति लागू कर रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और ईपीएफईएसआई ग्रेच्युटी स्वास्थ्य बीमा आदि लाभ प्रदान किये जाएं। वहीं एनएचएम में कार्यरत आउट सोर्स कर्मियों का समायोजन कर निगम के लाभ उपलब्ध कराए जाएं। उक्त मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों ने बताया कि समिति द्वारा 29 व 30 सितम्बर को जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था लेकिन हमारी मांगें पूरी न होने पर 7 अक्टूबर को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन तथा 8 अक्टूबर को लखनऊ में एकत्रीकरण प्रस्तावित है। संयुक्त संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी को सम्बोधित मांग पत्र लिखते हुए अपनी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिए जाने की अपील की गई है। इस अवसर पर डॉक्टर सविता पटेल, डॉक्टर राजीव शर्मा, सत्यवती, अनीता, वंदना, अनुराधा द्विवेदी, अनसूया, दीपा, रागनी, कपिल, अवधेश, सर्वेश, प्रदीप पटेल, हिमांशु, पवन, दीपिका, आरती सहित तमाम एन एचएम कर्मी मौजूद रहे।

### आतिशबाजी भंडारण का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

कोंच/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिसके लिए शासन प्रशासन जमीनी स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर भी अपनी पैनी नजर रख रहा है। जिससे पूर्व में हुई घटनाओं से बचा जा सके इसी को लेकर उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव व पुलिस क्षेत्र अधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने नगर के आतिशबाजी अनुज्ञाप्तियों का निरीक्षण किया एवं भंडारण की स्थिति को जांच प्रकार निरीक्षण के दौरान शासन प्रशासन ने लाइसेंस धारकों की वैद्य दस्तावेजों को बारीकी से देखा और कमी होने पर उन्हें दस्तावेजों को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।

# निकली 'सेवा ज्योति यात्रा', जनसेवा के संकल्प से गूंजा शहर

उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। 'सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा' के अंतर्गत जनपद में जनसेवा, जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आज 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने सेवा ज्योति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



## ● सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, टाउन हॉल में दिलाई सेवा एवं जनकल्याण की शपथ

विकास भवन से प्रारंभ हुई सेवा ज्योति यात्रा जिला परिषद, अंबेडकर चैराहा एवं शहीद भगत सिंह चैराहा होते हुए टाउन हॉल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया। टाउन हॉल में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को सेवा भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही वास्तविक जनसेवा है। उन्होंने सभी से अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से जनपदवासियों को यह संदेश दिया गया कि समाज के प्रत्येक वर्ग के सहयोग और सहभागिता से जनकल्याण एवं विकास के संकल्प को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित इस यात्रा ने जनसेवा को प्राथमिकता देने और समाज के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# घर में सांप निकलने से मचा हड़कंप रेस्क्यू टीम ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

जालौन/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। मोहल्ला खंडेराव में घर में निकले काले सांप को देखकर घर में रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। सांप निकलने की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला खंडेराव लौना रोड पर दीपक श्रीवास्तव का मकान है। उनके मकान में मंगलवार की देर रात एक काला सांप घर की आंगन में चल रहा था। जब घर के लोगों ने सांप को आंगन में चलते हुए देखा तो घर में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। घर में निकले सांप की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते क्षेत्रीय वन अधिकारी कोमल सिंह ने डिप्टी रेंजर मुबारक अली और टीम को मौके पर भेजा। टीम ने लगभग आधा घंटे की मेहनत कर सांप का रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित पकड़ लिया और टीम ने सांप को जंगल में छुड़वा दिया। सांप को पकड़े जाने के बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली।

# जनपद के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र पाने का सुनहरा अवसर

## ● 20 अक्टूबर तक होगी ऑनलाइन बुकिंग: उप कृषि निदेशक

उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि विभाग, उ०प्र० द्वारा संचालित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्डियू एवं अन्य योजनान्तर्गत अनुदान पर कृषि यन्त्र प्राप्त करने का सुनहरा अवसर।

सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेन्टर, कृषि ड्रोन, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, कम्बाईन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एवं अन्य एकल कृषि यंत्र। प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट आफ क्राप रेजिड्यू योजनान्तर्गत सुपर सीडर, श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रा चैपर/मल्चर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सेबल एम० बी० प्लाऊ, बेलर, स्ट्रा रेक, रीपर कम बाइण्डर एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर, फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य एकल कृषि यंत्र। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मेज सेलर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के अन्तर्गत मिलेट पार्लर।

अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण के आवेदन हेतु बुकिंग दिनांक 07.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 20.10.2026 रात्रि 12रू00 बजे तक की जा सकेगी। बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बुकिंग केवल अवशेष कृषि यंत्रों की होगी। आवेदन/बुकिंग के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। जिसका विवरण निम्नवत है- रू० 10001 (दस हजार एक) से रू० 100000 (एक लाख) तक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि रू० 2500 एवं रू० 100000 (एक लाख) से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि रू० 5000 निर्धारित है। अतः जनपद के समस्त कृषकों को कृषि यंत्रों की बुकिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से चयन की कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी।

# बगैर जल निकासी के कैसे होगी खेतों में फसलों की बुवाई

कोंच/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। अत्यधिक वर्षा के कारण खेत जलमग्न हैं और पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और अगर समय से जल निकासी नहीं होती है तो आने वाली फसल खेतों में कैसे बोई जाएगी। इसी को लेकर दिन बुधवार को ग्राम गोरा करनपुर निवासियों ने उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बखराई व बुबाई का समय आ गया है और अगर खेतो की जल निकासी नहीं होती है तो समय से बुबाई नहीं हो पाएगी अति वर्षा के कारण हम लोगों की खरीफ की फसल नष्ट हो गयी है ऐसे में अगर जल निकासी नहीं होती है तो हम लोगों को अपूर्तिनीय क्षति होगी। किसानों ने एसडीएम से मौजा गोरा करनपुर व पचीपुरा कला के खेतों की जल निकासी पुलिस व लेखपाल की मदद से कराए जाने की मांग की है साथ ही साथ नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

# पेंशनरों के लिए कैशलेस इलाज कार्ड बनाने को दो दिवसीय विशेष शिविर आज से

## ● कलेक्ट्रेट के पेंशन भवन में लगेगा कैंप

उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनांक 11.06.2026 के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जालौन स्थान उरई के पत्र दिनांक 05.10.2026 के क्रम में जिला स्तर पर पेंशन भवन, कलैक्ट्रेट प्रांगण, उरई में दिनांक 08.10.2026 एवं 09.10.2026 तक दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन करते हुए समस्त सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों एवं उनके आश्रितों का 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना' के अंतर्गत आवेदन/ई-केवाईसी पूर्ण करवाये जाने है।

अतः दिनांक 08.10.2026 एवं 09.10.2026 तक दो दिवसीय कैंप के दौरान जिला स्तरीय आयुष्मान भारत की टीम पेंशन भवन, कलैक्ट्रेट प्रांगण, उरई में अपना शिविर आयोजित करेगी। जिसमें राज्य कर्मचारियों तथा पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त कराये जाने के लिए पं० दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत जनपद के समस्त राजकीय पेंशनरों एवं उनके पात्र आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में रू० 5 लाख प्रति वर्ष की सीमा तक तथा सरकारी चिकित्सा संस्थानों/चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस उपचार की सुविधा अनुमन्य है। योजना का लाभ लेने हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पास योजना का लाभ लेने के लिए स्टेट हेल्थ कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य है। सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को योजना के अन्तर्गत आवेदन/ई केवाईसी करने हेतु दिनांक 08.10.2026 एवं 09.10.2026 को विशेष शिविर का आयोजन पेंशन भवन, कलैक्ट्रेट प्रांगण, उरई में समस्त सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों के कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनाये जाने हेतु निम्न दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल फोन, पासपोर्ट साइज की फोटो, विभागीय डी०डी०ओ० कोड अथवा पी०पी०ओ० नम्बर, पे बैण्ड/लेवल एवं पेंशन खाते की बैंक पासबुक सहित उपस्थित होना है।

# प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर के लोगों ने एसडीएम न्यायिक को सौंपा

जालौन/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। नगर की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांगपत्र नगर के लोगों ने एसडीएम न्यायिक को सौंपा है। उन्होंने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।



नगर निवासी अशोक चैधरी, अशफाक राईन, जाकिर सिद्दीकी, शिवनारायण वर्मा, आसिफ खान रिफाकती, शाहिद मिर्जा, फैज, राजकुमार दोहरे आदि ने एसडीएम प्रधानमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक अनीता देवी को सौंपकर बताया कि सीएचसी में बड़ी संख्या में महिला मरीज आती हैं। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है। लेकिन रात के समय महिला चिकित्सक न होने से परेशानी होती है। उन्होंने रात में महिला चिकित्सक की व्यवस्था कराने की मांग की है। सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने से अल्ट्रासाउंड मशीन धूल खा रही है। ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मांग भी की गई। बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए लौना में बनाए गए नवीन बिजलीघर से नगर की बिजली आपूर्ति सुनिश्चत कराने की मांग की है। उरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो व तीन पर लिफ्ट लगवाने और डाकघर में बंद की गई आरक्षण खिड़की को पुनः शुरू कराने की भी मांग की गई। इसके अलावा उरई से दिल्ली तक सीधी ट्रेन चलवाने की भी मांग गई।

# चोरी की योजना बना रहें दो शातिर बदमाश गिरफ्तार तमंचा-कारतूस और चोरी के मिले औजार

कोंच/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जनपद के कैलिया थाना पुलिस ने मंगलवार की रात को चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बना रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से तमंचा-कारतूस समेत चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई औजार बरामद किए हैं। दोनों आरोपी झांसी जिले के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

बता दें कि बुधवार दोपहर 2:30 बजे खुलासा करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पटेल ने बताया कि एसपी विनय कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पीपरी समथर-झांसी



बॉर्डर पर माइनर नहर की पुलिया के पास कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने ग्राम पीपरी कला के पास घेराबंदी कर करन परिहार (28) निवासी कुरैचा, थाना मऊरानीपुर, झांसी और अजय राजपूत (29) निवासी किंचवारा खुर्द, थाना बबीना, झांसी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने करन के पास से लोहे का प्लास, पाइप, सात चाबियों का गुच्छा, 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं अजय के पास से पेचकस, छोटा सब्बल और लोहे की आरी का ब्लेड मिला। दोनों के खिलाफ कैलिया थाने में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष के अनुसार करन पर हत्या, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। अजय के खिलाफ भी मारपीट, पॉक्सो एक्ट, चोरी की योजना और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज बताए गए हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रूपेंद्र पाल सिंह, अजय पाल सिंह समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# श्रीकृष्ण बाललीला की कथा सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

जालौन/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। चैधरयाना स्थित पुरा भवन पर आयोजित भागवत कथा में छठे दिन कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा व भामासुर की कथा सुनाई गई। जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए और जमकर नाचे।

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के छठवें दिन कथा वाचक डॉ. शिव संपत द्विवेदी ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान कृष्ण ठुमुक ठुमुक कर चलते थे तो यशोदा मैया उन्हें एकटक निहारती रहती थीं। माखन चोरी करते हुए वह स्वयं खाकर अपने सखाओं को खिला देते थे और बाकी बचा हुआ फैला देते थे। तब गांव की ग्वालिन यशोदा मैया से उनकी शिकायत करती थीं। इसकी तरह गोपियों को भी परेशान करते रहते थे। कालिया मान मर्दन की कथा के बारे में भी बताया। भामासुर की कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भामासुर ने सुर असुर, गंधर्व और मनुष्यों की कन्याएं अपहरण कर अपने घर में बंद कर रखी है। वरुण का छत्र, अदिति के कुंडल एवं देवताओं का क्रीड़ास्थल मणिपर्वत भी उसने बल पूर्वक छीन लिया था। तब भगवान श्रीकृष्ण ने भामासुर की राजधानी पहुंचकर गदा से पर्वत, बाणों से शस्त्र और चक्र से अग्नि जल और वायु के आवरण तोड़ डाले। उसने श्रीकृष्ण को मारने के लिए त्रिशूल उठाया लेकिन भगवान ने त्रिशूल के बार के पूर्व ही उसका मुकुट कुंडल सहित सिर काटकर पृथ्वी पर गिरा दिया। इस मौके पर परीक्षित किरन गुप्ता, गुड्डन भदौरिया, प्रताप यादव, अंजू महेश्वरी, गीता पुरवार, चंदा सोनी, रामजी अग्रवाल, अभिषेक महेश्वरी, उर्मिला सोनी, ऊषा गुप्ता आदि रहे।

## श्रीरामलीला महोत्सव में पहले दिन नारद मोह की लीला का किया गया मंचन

जालौन/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। रामलीला भवन में संचालित 178वें श्रीरामलीला महोत्सव में पहले दिन नारद मोह की लीला का कुशल मंचन किया गया। जिसमें नारदजी की तपस्या को भंग करने के लिए इन्द्र कामदेव को भेजते हैं पर कामदेव नारदजी की तपस्या की भंग नहीं कर पाते तब वह नारदजी की शरण में जाकर माफी मांगते हैं।

कामदेव के माफी मांगने से नारदजी को अभिमान हो जाता है। वह अपनी कहानी सुनाने ब्रह्माजी व शंकर जी के पास जाते हैं तो उन्हें सीख दी जाती कि वे यहां आए तो ठीक पर भगवान विष्णु के पास न जाएं। लेकिन गर्व से गर्वित नारद जी कहां मानने वाले थे। वह श्रीसागर में भगवान विष्णु के पास पहुंच गए और भगवान विष्णु को अपनी कथा सुनाने लगे। जिसको सुनकर भगवान विष्णु ने माया को बुलाया और नारद को सही मार्ग पर लाने का आदेश दिया। नारदजी माया के मोहपाश में फंस जाते हैं। जब उन्हें इसका अहसास होता है तब वह भगवान विष्णु को नारी के वियोग में वन वन भटकने का शाप दे बैठते हैं। इसके अलावा रावण अत्याचार की लीला का भी प्रदर्शन किया गया। रामलीला मंचन में लोगों को जहां हास्य कलाकार पंचम दीवाना ने गुदगुदाया तो तितलीरानी व रिंकू पायल ने नृत्यकला से लोगों का मनोरंजन किया। रामलीला मंचन में नारद की भूमिका में सुरेंद्र पाराशर, विष्णु मनोज तिवारी, लक्ष्मी रामदुत तिवारी, शंकर श्याम जादौन, ब्रम्हा रामकुमार एवं इंद्र रमेश दुबे, कामदेव सीपू पाराशर, रावण प्रहलाद यादव, कुंभकरण रामकुमार एवं प्रयाग गुरू ने विभिन्न भूमिकाओं को निभाया। लीला के दौरान शशिकांत द्विवेदी, राजा सेंगर, मंगल चतुर्वेदी, पवन कुमार, राज कुमार मिझौना आदि मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

कोंच/उरई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

ग्राम पड़री स्थित एक विवाह घर में माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन के आयोजकत्व व भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज दुबे के संयोजकत्व में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में भाजपा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी/प्रदेश महामंत्री शंकरलाल लोधी मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित समाधिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला प्रभारी भुवन कुमार गुप्ता, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज



श्रीवास्तव, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, कैप्टन गंगाराम पाल मंचासीन रहे। अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की।

समारोह में करीब आधा सैकड़ा पूर्व सैनिकों का माल्यार्पण और तिलक कर उन्हें शॉल, पट्टिका ओढ़ाकर व श्रीफल अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान कर भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा एवं समर्पण की भावना लेकर भाजपा के कार्यकर्ता समाज और देश की प्रगति में निरंतर लगे हुए हैं ताकि एक नए भारत की परिकल्पना का सपना साकार मूर्त ले सके।

विधायक मूलचंद्र ने पूर्व सैनिकों की सेवाभाव से प्रेरणा लेकर सेवा पूर्ण मनोयोग से सेवा संकल्प अभियान में जुटने का आह्वान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से किया। संचालन नीरज दुबे ने किया। समारोह में जिला मंत्री बाबूराम पाल, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल बोहरा, अनुराग खरे नदीगांव, आशू निरंजन, शीतल कुशवाहा, अरविंद दुबे, सभासद महेंद्र सोनी, रविकांत कुशवाहा, अनिल वर्मा, अरविंद निरंजन मुनिया, विकास पटेल धनौरा, शिवसिंह, ओपी कुशवाहा आदि तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# बांदा में गूंजा 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' का संदेश

## भव्य सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा में उमड़ा जनसैलाब

**बांदा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जनपद बांदा में बुधवार को सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रसेवा, जनसेवा और विकसित भारत-2047 के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जी रहे। सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, युवा कार्यकताओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती किरण निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी जी एवं नरैनी विधायक श्रीमती ओममणि वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने की तथा संयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय द्वारा किया गया।कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। विद्यालय के बच्चों द्वारा 25 वर्ष जनसेवा से राष्ट्रसेवा विषय पर बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने एक साथ खड़े होकर



राष्ट्रगीत का गायन किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुअल माध्यम से जनसभा को संबोधित किया। इसके पश्चात देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत-2047 के निर्माण का सामूहिक संकल्प दिलाया। उपस्थित लोगों ने भारत को विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया।मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विकसित भारत संकल्प सेवा चौक पर स्थापित सेवा ज्योति कलश का अनावरण किया गया।अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति रथ पर स्थापित सेवा ज्योति कलश एवं मशालों को प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया गया।विशाल सेवा ज्योति बाइक यात्रा में शामिल हजारों बाइकों ने नगर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य बाजारों से होकर पूरे शहर में राष्ट्रसेवा, जनसेवा एवं विकसित भारत का संदेश पहुंचाया। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, युवा मोर्चा के कार्यकताओं एवं पार्टी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# दो महीने से खुदी सड़क बनी मुसीबत,हर घर जल योजना के बाद राहगीरों की राह बंद

**ललितपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न होने से बिहारी राशन के पास रामअवतार के घर के सामने रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब दो से तीन माह पहले सड़क खोदी गई थी। काम पूरा होने के बाद भी सड़क को दुरुस्त नहीं कराया गया, जिससे रास्ता गड्ढों और मिट्टी से उबड़-खाबड़ हो गया है।

सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब रास्ते पर बच्चे कई बार फिसलकर गिर चुके हैं। वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहनों को भी संकरे व उबड़-खाबड़ रास्ते से



निकालने में दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन का काम कराने वाले ठेकेदार ने सड़क को दो दिन के भीतर ठीक कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी सड़क की हालत जस की तस है। रामअवतार के घर के सामने रास्ता खराब होने से परिवार और आसपास के लोगों को घर तक पहुंचने में भी परेशानी हो रही है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान नाली की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया की मरम्मत न होने से नाली के पानी की निकासी प्रभावित है और कई बार पानी घरों के दरवाजे के आसपास जमा हो जाता है। इससे गंदगी और दुर्गंध की समस्या भी बनी रहती है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर सड़क को तत्काल समतल कराने तथा टूटी नाली की पुलिया की मरम्मत कर जल निकासी सुचारु कराने की मांग की है।

# सघन जागरूकता रैली का आयोजन, विद्यार्थियों को एचआईवी व टीबी से बचाव की दी जानकारी




**महोबा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** आशा ग्रामोत्थान संस्थान, महोबा के तत्वावधान में मुकुंद लाल इंटर कॉलेज में सघन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को HIV/AIDS, टीबी, सिफिलिस तथा अन्य यौन संचारित संक्रमणों (STI) के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम जिला क्षय रोग अधिकारी (DTO) श्री एस.के. वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। रैली में जिला चिकित्सालय की टीम तथा TIP कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान HIV सुपरवाइजर तहसीम, लैब टेक्नीशियन अब्दुल करीम, काउंसलर रेखा पांडे, नीलम विश्वकर्मा, अंजना नामदेव, TIP ढट शैलेन्द्र सिंह, M&E देवेंद्र कुमार, ORW मनीष एवं संगीता साहू सहित आशा ग्रामोत्थान संस्थान की टीम मौजूद रही। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता संबंधी नारे लगाए। उन्हें HIV/AIDS से बचाव, सुरक्षित व्यवहार, जांच एवं उपचार तथा टीबी और STI के लक्षणों व बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही HIV संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने और भ्रांतियों से दूर रहने का संदेश दिया गया। आयोजकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा जागरूक समाज के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया।

## लगातार पांचवीं बार राज्य महिला आयोग की सदस्य बनने पर अंजू प्रजापति का भव्य स्वागत

**फतेहपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री अंजू प्रजापति के लगातार पांचवीं बार राज्य महिला आयोग की सदस्य बनाए जाने के बाद जनपद के प्रथम आगमन पर समर्थकों एवं सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत का सिलसिला फतेहपुर बॉर्डर स्थित असनी पुल से शुरू हुआ। यहां मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम, जनपद फतेहपुर की टीम सहित समर्थकों ने पहुंचकर अंजू प्रजापति का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके बाद लखनऊ बाईपास पर बड़ी संख्या में समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

# डीएम ने कुछेक्षा में तिल की फसल के क्रॉप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण

**हमीरपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अशोक कुमार ने ग्राम कुछेक्षा पहुंचकर तिल की फसल के क्रॉप कटिंग (फसल कटाई प्रयोग) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान रैंडम आधार पर चयनित कृषक सुनील गुप्ता के गाटा/प्लाट संख्या 142 में निर्धारित मानकों के अनुसार नाप-जोख कराते हुए क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

निरीक्षण के दौरान निर्धारित मानक के अनुसार तिल की फसल की कटाई कराकर फलियों की तौल कराई गई। तौल में कुल 5 किलो 100 ग्राम फलियों का वजन प्राप्त हुआ। सांख्यिकी विभाग की टीम एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में किए गए इस फसल कटाई प्रयोग के आधार पर प्राप्त उपज का आकलन



किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग प्रयोग का मुख्य उद्देश्य फसल उत्पादन का सटीक एवं वैज्ञानिक आकलन करना है। प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर फसल की औसत उपज का निर्धारण किया जाता है। यदि औसत उत्पादन राज्य अथवा देश के औसत उत्पादन से कम रहता है, तो उसके आधार पर किसानों को सामूहिक फसल बीमा का लाभ प्रदान किया जाता है। साथ ही क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े भविष्य में किसानों के हित में कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि क्रॉप कटिंग के सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं नियमानुसार पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं तथा फसल उत्पादन से संबंधित आंकड़ों के संकलन में पूरी शुद्धता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए।

## विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का हुआ आयोजन

**हमीरपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने की। इस दौरान हमीरपुर के अंबेडकर पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव प्रसारण कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया।कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम में छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों का अतिथियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने अवलोकन किया। रंगोलियों के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना, देश की उपलब्धियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला आयोग की उपाध्यक्ष कमलावती रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# फाइलों में सिमट कर रह गए सड़क सुरक्षा के दावे

**कन्नौज, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025_26 के लिए ब्लैक स्पॉट सुधार की कार्य योजना बनाई गई थी ।जिसमें जिले के सात सड़क के मोड़ों को हादसा बाहुल्य क्षेत्र में साइन बोर्ड , रंबल स्टेप ,रंबल स्टेप सड़क चौड़ीकरण , डिवाइडर और लाइटिंग जैसे काम प्रस्तावित किए गए थे जहां कार्य योजना बनाने में लेट लतीफि हुई वहीं शासन स्तर पर मंजूरी अटक गई। जिसका अब तक ना तो बजट अबमुक्त हुआ ना ही कोई कार्य हुआ तिर्वा रोड पर पाल चौराहा , जीटी रोड पर हरदोई मोड ,गोवर्धन तिराहा, मानीमऊ क्रॉसिंग ,गुरसहायगंज के तेरा जाके ट चौराहा और सराय प्रयाग को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया था । इसके अलावा स्टेट हाईवे पर आगोस से कन्हौली पट्टी रोड पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया था ब्लैक स्पॉट पर हर महीने दो से तीन और अधिक गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं ।

वहीं हाईवे का निर्माण होने के बाद हरदोई मोड़ के निकट यातायात पुलिस द्वारा ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया था यहां पर वोट लगाया गया है जो आमतौर पर दिखाई नहीं देता सड़क पर किसी प्रकार के अतिरिक्त चेतावनी से संबंधित कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया ।वहीं नगर के पाल चौराहा तिर्वा रोड को ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है यहां से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन चालक निकलते हैं जो जलालपुर पनवारा तिर्वा तथा कन्नौज की ओर जाते हैं ट्रैफिक होने की वजह से हादसों का खतरा बना हुआ है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला, किया उग्र प्रदर्शन

**चित्रकूट, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतर सपाइयों ने जमकर हल्ला बोल किया और मुख्य आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया । आपको बताते चले कि देशभर में रक्फ़ के गड़बड़ी अनियमितताओं और कई मुद्दों को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचकर जमकर हल्ला बोल किया और ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्ती व रक्फ़में काटे गए नाम को पुनः जोड़ने व अन्य अनियमितताओं को ठीक करने हेतु



उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहाकि भाजपा के सह पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार बंगाल सहित कई प्रदेशों में हुए रक्फ़में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है वर्तमान की भाजपा सरकार चुनाव आयोग की धांधली से बनी है।

ये चुनाव आयुक्त को बर्खास्त कर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर सलाखों के पीछे भेजा जाना चाहिए पूरे देश की जनता सड़कों पर है । पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहाकि जिस उम्मीद और भरोसे से देश की जनता ने 2014 में भाजपा को देश की शासन सत्ता की कमान सौंपी थी भाजपा ने धोखा दिया है देश की बड़ी आबादी भाजपा के खिलाफ है ।सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहाकि बाबा साहब अंबेडकर ने वोट से राजा पैदा करने का अधिकार दिया है, पहले रानी के पेट से राजा पैदा होता था डाक्टर अंबेडकर ने संवैधानिक अधिकार देकर मत पेटियों से राजा बनाया है। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग से पूरा देश नाराज है सड़कों पर अब सरकार बदलना तय है। जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने कहाकि अभी तो ये अंगड़ाई है, अगर समय रहते ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त नहीं किया गया तो पार्टी लगातार धरना करेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने कहाकि सरकार चंदा चोरी और वोट चोरी करा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष भैयालाल यादव ने कहा कि समाजवादी लोग कमर कस चुके है भाजपा की विदाई तय है। पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा ने कहाकि यह उमड़ा जनसैलाब ज्ञानेश कुमार की नींद खराब कर देगा

मर सिंह पटेल, दीपक सिंह पटेल, रमा यादव, रामसनेही, रामकिशोर विश्वकर्मा, रोहित यादव, श्यामविहारी यादवसहित सैकड़ों की तादाद में सपाई मौजूद रहे।

# गौशाला नहीं होने से अन्ना पशुओं से किसान परेशान

**हमीरपुर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** एक ओर अन्ना पशुओं को गौशाला में संरक्षित कर किसानों की फसलें बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तो वहीं दूसरी ओर गौशाला दूसरे गांव से सम्बद्ध होने के चलते गांव में अन्ना पशुओं की समस्या खडी हो गई है। जो बची फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस समय किसान खेतों की जुताई और बुआई में लगा हुआ है लेकिन उसके सामने जहाँ खाद बीज की किल्लत है तो वहीं अन्ना पशुओं की समस्या से भयभीत है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही स्थित गौशाला में पशुओं की संख्या मानक से कम होने के कारण गांव की गौशाला के पशुओं को टिकरी की गौशाला में बंद किया जा रहा है लेकिन गौशाला से निकलते ही पशु सिजवाही मौजा के खेतों में विचरण करने लगते हैं जिससे ग्रामीण अपनी फसलों को लेकर परेशान हैं। इस सम्बन्ध में सिजवाही के पूर्व ग्राम प्रधान कृष्ण बिहारी सिंह ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान गौशाला पशुओं से भरी रहती थी जिसके चलते समस्या नहीं होती थी लेकिन अब गौशाला में पशु बंद नहीं किए जाते ।

जिसके कारण पशुओं की संख्या कम होने के चलते पशुओं को टिकरी की गौशाला में बंद किया जा रहा है, और वह मौका मिलते ही इस क्षेत्र में अन्ना पशुओं के आने से किसने की फसल नष्ट कर जाते हैं। ग्रामीणों ने स्थायी हल निकालने की मांग जिला अधिकारी से की है।

# डेंगू से बचाव को 317 स्कूली बच्चों को बांटी होम्योपैथिक औषधि

**फतेहपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, भारत विकास परिषद एवं दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजन में बुधवार को डेंगू बचाव एवं जागरूकता महाभियान चलाया गया।

अभियान के तहत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों को डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान कम्पोजिट विद्यालय रस्तोगीगंज के 98, उच्च प्राथमिक विद्यालय महात्मा




गांधी नगर के 95, उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श खेलदार के 89 तथा प्राथमिक विद्यालय तुराब अली का पुरवा के 35, कुल 317 बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से होम्योपैथिक औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बच्चों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि साफ-सफाई अपनाकर अनेक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने पीने के पानी को उबालकर पीने तथा आसपास कहीं भी पानी जमा न होने देने की अपील की। उन्होंने बताया कि रुके हुए पानी में मच्छरों का प्रजनन होता है, जिससे डेंगू सहित मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# नंदवारा के दो मासूमों की मौत पर सियासी घमासान

**बांदा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** नरैनी क्षेत्र के नंदवारा गांव में दो मासूम सगे भाइयों की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई के बाद अब मामला लगातार राजनीतिक और पारिवारिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच उलझता नजर आ रहा है। एक ओर जहां पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है और मुख्य अभियुक्त समेत चार लोगों के फरार होने की बात सामने आई है, वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रहे वीडियो ने इस पूरे मामले को नया राजनीतिक रंग दे दिया है ।सबसे बड़ा सवाल यह है कि दो मासूम बच्चों की मौत के मामले में न्याय की लड़ाई कहां है और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप कहां तक पहुंच गया है? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अलग-अलग वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। एक पक्ष की ओर से लोधी महेंद्र पाल वर्मा लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताते हुए आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है। उनके वीडियो में जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा तथा उनके भाई समेत अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महेंद्र पाल वर्मा की ओर से मामले की सीबीआई जांच की मांग भी उठाई जा रही है। उनका कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और वास्तविक दोषियों को सामने लाया जाना चाहिए।

# 'वोट बचाओ, देश बनाओ' यात्रा निकालकर सपा ने जताया विरोध

## मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, पुतला फूंका

**ललितपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को वोट बचाओ, देश बनाओ यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। तुवन मंदिर चौराहे से शुरू हुई यात्रा बाबा साहब भारतरत्न डा.भीमराव आंबेडकर पार्क पहुंची।

यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की और पुतला दहन किया। सपा नेताओं ने कहा कि मतदाताओं का वोट लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अधिकार है और चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह, पूर्व



जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, अभिलाषा कुशवाहा, आशीष चौबे लम्बरदार, हरी सिंह यादव, अभी खजुरिया, गिरधारी यादव, शत्रुघन यादव, महेंद्र यादव, विजय रैकवार, नरेन्द्र राजपूत, दीवान हिमांशु, अनवर खान, बाबूलाल पाल, रामप्रताप सिंह, अरशद मंसूरी, राहुल रजक नीलू, आकिब मंसूरी, अशोक अहिरवार, मूरतसिंह यादव, महेन्द्र साहू, गौरव विश्वकर्मा, विद्या मालवीय, राजेश झा, विनोद रायकवार, हुकुम सिंह, भरत यादव और शाकिर अली सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छिवलहा में बारिश बनी मुसीबत : तालाब के पानी में घिरे करीब एक दर्जन परिवार

## घर बने टापू, रास्ते बंद, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, पड़ोसियों की छतों से निकलने को मजबूर ग्रामीण

**फतेहपुर/छिवलहा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिले के हथगाम विकासखंड अंतर्गत छिवलहा कस्बे में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था बरसात के मौसम में स्थानीय परिवारों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। बाजार क्षेत्र के समीप स्थित दो पुराने तालाबों के आसपास रहने वाले परिवारों का कहना है कि बारिश के दिनों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से तालाब का पानी उनके घरों और रास्तों तक पहुंच जाता है।

तालाब के समीप नवाब अली परिवार के आसपास रहने वाले



करीब एक दर्जन परिवार बरसात में जलभराव से बुरी तरह प्रभावित बताए जा रहे हैं। स्थिति यह हो जाती है कि कई घर पानी से घिरकर टापू जैसे दिखाई देने लगते हैं। घरों के सामने कई फीट तक पानी जमा रहने के कारण लोगों का सामान्य आवागमन तक बाधित हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार जलभराव के कारण मुख्य रास्ते बंद हो जाने पर प्रभावित परिवारों को दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए पड़ोसियों की छतों और वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। जलभराव के दौरान बच्चों का स्कूल जाना लगभग बंद हो जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर वर्ष बरसात में यही हालात बनते हैं, और प्रभावित परिवार ग्राम प्रधान, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन से जल निकासी और आवागमन की स्थायी व्यवस्था की मांग करते रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।ग्रामीणों के मुताबिक लंबे समय से इस समस्या को लेकर चुनाव के दौरान भी नाराजगी सामने आती रही है। प्रभावित परिवार कई बार चुनाव बहिष्कार की चेतावनी तक दे चुके हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मामूली लागत में बनने वाले पहुंच मार्ग और जल निकासी की व्यवस्था तक लंबे समय से नहीं कराई गई। विडंबना यह है कि जलभराव बढ़ने के बाद मौके पर हरे कपड़े की बैरिकेडिंग लगाकर क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया जाता है, लेकिन प्रभावित परिवारों के लिए स्थायी आवागमन और जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाती।स्थानीय लोगों के अनुसार प्रभावित परिवार पिछले करीब एक माह से जलभराव और आवागमन की समस्या से जूझ रहे हैं। घरों के आसपास जमा पानी, कीचड़ और गंदगी के कारण रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। नागरिकों ने प्रशासन से तालाब के पानी की निकासी के लिए स्थायी नाला/ड्रेनेज व्यवस्था, सुरक्षित पहुंच मार्ग और नियमित सफाई की मांग की है। छिवलहा क्षेत्र में बाजार, जनता इंटर कॉलेज सहित कई प्रमुख संस्थान और आवागमन के स्थानीय मार्ग हैं। रक्षाबंधन, दीपावली, दशहरा तथा अन्य अवसरों पर बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल निकासी की समस्या का समाधान केवल कुछ परिवारों तक सीमित मुद्दा नहीं, बल्कि कस्बे की बुनियादी सुविधा से जुड़ा विषय है।


# कार्यालय : नगर निगम, फिरोजाबाद

पत्रांक : 954 / पी.डब्लू.डी. / ई-निविदा सूचना / 2026-27 दिनांक 06/10/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा **नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम ( N-CAP)** के अन्तर्गत के अन्तर्गत कुल 02कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार डबल बिड पद्वति द्वारा ई -निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित कार्य हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। ई-निविदा अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 07-10-2026 |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 07-10-2026 |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 28-10-2026 03:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/ समय | 28-10-2026 04:00 PM |

नोटः शेष नियम व शर्तें www.etender.up.nic.inपोर्टल पर देखी जा सकेगी।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद

# सेवा ज्योति यात्रा में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

मशाल प्रज्वलित कर जनसेवा से राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प



कौशाम्बी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम, मंझनपुर में विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कृतिका अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान, जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिला प्रभारी अमरनाथ यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चायल विधायक पूजा पाल समेत पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन वर्चुअल माध्यम से सुना गया। कार्यक्रम के बाद मशाल प्रज्वलित कर जनसेवा से राष्ट्रसेवा के संकल्प को और मजबूत करने की कामना की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कृतिका अग्रवाल ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा सेवा की उस भावना का प्रतीक है, जो एक व्यक्ति से निकलकर समाज और राष्ट्र के करोड़ों नागरिकों तक प्रकाश पहुंचाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र प्रथम की भावना को केंद्र में रखते हुए जनकल्याण और विकास को प्राथमिकता दी है। उनके 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेकर देश विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय, राष्ट्र प्रथम और सुशासन रहा है। प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 वर्षों से लगातार जनसेवा को प्राथमिकता दी है।

सात अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की नई यात्रा शुरू की थी। उनके नेतृत्व में गुजरात ने कल्याणकारी योजनाओं के साथ आधुनिक तकनीक और विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके दूरदर्शी निर्णयों, ऐतिहासिक सुधारों और सुशासन से देश में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत, स्वाभिमानी और सुरक्षित भारत की नींव तैयार की है। गांवों से लेकर वैश्विक मंचों तक गरीब कल्याण और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों ने देश में आत्मविश्वास पैदा किया है। जिस पीढ़ी ने अभाव और संघर्ष देखा, वही आज विकसित भारत के निर्माण में आत्मविश्वास के साथ भागीदारी कर रही है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल, लाल बहादुर, संजय गुप्ता, एससी-एसटी आयोग सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम, नगर पालिका मंझनपुर अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी, अजुहा चेयरमैन शांति कुशवाहा, राजेंद्र कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी समेत पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खड़ी डीसीएम में घुसी तेज रफ्तार बलेनो, चालक-क्लीनर की मौत

कौशाम्बी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिले के सैनी थाना क्षेत्र में अठसराय ओवरब्रिज के पास बुधवार तड़के नेशनल हाईवे-19 पर तेज रफ्तार बलेनो कार ने सड़क किनारे खराब खड़ी डीसीएम में टक्कर मार दी।

डीसीएम की मरम्मत कर रहे चालक और क्लीनर कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी सिराथू पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 1:35 बजे यूपी-112 के माध्यम से हादसे की सूचना मिली। यूपी-35 टी 9605 नंबर की डीसीएम अठसराय ओवरब्रिज से पहले सड़क किनारे खराब होने के कारण खड़ी थी। चालक और क्लीनर डीसीएम का एयर फिल्टर ठीक कर रहे थे।

इसी दौरान कानपुर की ओर से प्रयागराज की तरफ जा रही तेज रफ्तार बलेनो कार (यूपी-14 जीके 1935) ने डीसीएम के पास काम कर रहे दोनों लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी सिराथू भेजा, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के स्वजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, हादसे के बाद सवार कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर फरार कार सवारों की पहचान और तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों और फरार आरोपितों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर में 90 श्रमिकों की हुई स्वास्थ्य जांच

कौशाम्बी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को भरवारी स्थित मेसर्स आकर्ष गोपाल हीरो एजेंसी में श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कल्याण के लिए श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना और श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलाना रहा। शिविर में कुल 90 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 75 पुरुष और 15 महिला श्रमिक शामिल रहे। चिकित्सकीय जांच के दौरान 25 श्रमिकों की त्वचा संबंधी समस्या, 10 की नेत्र जांच, 20 श्रमिकों की एनीमिया और 10 की शुगर की जांच की गई। इसके अलावा श्रमिकों में कफ, सर्दी-जुकाम और बुखार से संबंधित समस्याओं की भी जांच की गई।

जांच के बाद चिकित्सकों ने श्रमिकों को आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। शिविर के दौरान श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा श्रम विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण कराने के लिए जागरूक किया।

# डीएम ने मुसहर बस्ती चरिया का किया स्थलीय निरीक्षण, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने नगर पंचायत सुवंशा बाजार स्थित मुसहर बस्ती चरिया का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र परिवारों को नियमानुसार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर बस्ती में डोर-



टू-डोर सत्यापन कराया जाए। सत्यापन के माध्यम से प्रत्येक परिवार की पात्रता एवं विभिन्न योजनाओं से आच्छादन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट तैयार कराई जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस्ती में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सुवंशा बाजार को निर्देशित किया कि बस्ती में रास्ता, नाली, शौचालय, पेयजल सहित जो भी विकास कार्य अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्ती के लोगों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर को मुसहर बस्ती चरिया में चौपाल आयोजित की जाएगी, जिसमें बस्ती में कराए गए एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट व धमकी में दो पर दर्ज हुआ केस

लालगंज, प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। मारपीट गाली गलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे भिच्छुकराम खंडवा जलेसरगंज निवासी दिनेशचन्द्र मिश्र पुत्र रविशंकर मिश्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती चार अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजे गांव के धनंजय तिवारी पुत्र उदयप्रताप व नीलम तिवारी ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मां-बेटे की पिटाई, आरोपियों पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। शरीर पर पानी का छीटा पड़ जाने के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बंशी गांव निवासी रामसमुझ तिवारी पुत्र रामकटोरे तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पांच अक्टूबर को सुबह करीब आठ बजे वह गांव में मंदिर की सफाई कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच वहीं बगल में खड़े मनीष कुमार तिवारी पुत्र वीरेन्द्र कुमार तिवारी के ऊपर पानी का छीटा पड़ गया। इससे आक्रोशित होकर आरोपी मनीष से अपनी मां उषा देवी के साथ मिलकर उसे मारापीटा। शोर सुनकर बचाव में पहुंची पीड़ित की मां पार्वती देवी को भी आरोपियों ने मारा पीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राजनैतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस फस्ट लेबिल चेकिंग के लिए खोला

प्रतापगढ़(तरुण मित्र), जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया है कि पूरे केशवराय राम-राम चौराहा गायघाट रोड स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस को फर्स्ट लेवल चेकिंग के प्रयोजनार्थ प्रारम्भिक कार्रवाई के लिए वीडियोग्राफी के तहत खोला गया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, मंत्री, सचिव अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान बताया गया कि ईवीएम एवं वीवीपैट के भंडारण एवं सुरक्षा से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मैनुअल में उल्लिखित है। संबंधित मैनुअल भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://www.eci.gov.in/evm-vvpat पर उपलब्ध है। ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस को खोले जाने की प्रक्रिया के दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सुरेश कुमार मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव एडवोकेट सादिक अली, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी तथा अपना दल (एस) के जिला महासचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं महासचिव परमानन्द मिश्रा उपस्थित रहे।

### प्रदेश में आगामी तीन दिन गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

प्रयागराज, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। अगले तीन दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछार पड़ने की संभावना है। सात अक्टूबर को कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश भी हो सकती है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। 10 अक्टूबर से प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। यह जानकारी बुधवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के सात अक्टूबर के पूर्वानुमान में भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में सात और आठ अक्टूबर को मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। ऐसा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग केन्द्र द्वारा एलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील पांडेय ने बताया कि सात अक्टूबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। आठ अक्टूबर को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। उत्तर प्रदेश में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन-वज्रपात के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी रहेगी। हालांकि इसके बाद मौसम में सुधार होने लगेगा।

# जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए 80 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू



प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत बुधवार को संस्कार ग्लोबल एकेडमी में 80 फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं अवर प्रभारी अधिकारी जनगणना विमल कुमार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर अखंड कुमार मिश्रा, वीरेंद्र कुमार प्रजापति, धीरज कुमार शर्मा एवं विमल कुमार मिश्रा ने ट्रेनरों को जनगणना की कार्यप्रणाली, समय-सारणी, प्रश्नावली, विधिक पहलुओं तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनगणना की अवधारणाओं एवं परिभाषाओं के साथ लेआउट नक्शा और नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

द्वितीय चरण में प्रगणक घर-घर जाकर कुल 40 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र करेंगे और उसे ऑनलाइन दर्ज करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जनांकिकीय विवरण, जीवनसाथी, धर्म, राष्ट्रीयता और जाति से संबंधित जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन सभी फील्ड ट्रेनरों का पंजीकरण कराया गया। इस दौरान जनगणना कार्य निदेशालय की मानसी सिंह, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र ओझा, राहुल शर्मा, शशांक कुमार उमरवैश्य, संदीप, शशिकांत मिश्रा, रूपेश, दिनेश सहित सभी फील्ड ट्रेनर मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से किसान की मौत

प्रयागराज, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में स्थित हंडिया थाना क्षेत्र में बुधवार को मोटरसाइकिल की टक्कर से किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि हादसे में हंडिया थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी रामराज गौड़ (75) की जान चली गई। घटना के संबंध जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक रामराज गौड़ खेती करने के साथ ही परिवार का भरण पोषण करने के लिए पान विक्रेता का काम करता था। बुधवार सुबह वह साइकिल से हंडिया के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में हंडिया थाना क्षेत्र के सियाडीह गांव के समीप उसे एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।

## 11, 18 व 25 अक्टूबर को बूथ स्तर पर विशेष कैंप मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मिलेगा अवसर

प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया है कि निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के पश्चात मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के उद्देश्य से जनपद में विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होने बताय है कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य ऐसे नागरिकों की पहचान करना है, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं हो पाया है अथवा किसी कारणवश नाम विलोपित हो गया है। पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताय है कि अभियान के तहत 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2026 तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर भ्रमण किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए 11 अक्टूबर (रविवार), 18 अक्टूबर (रविवार) एवं 25 अक्टूबर (रविवार) को बूथ स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष अभियान एवं बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कैंप का लाभ उठाते हुए अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराने तथा आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में संशोधन/सुधार कराने की कार्रवाई अवश्य करें।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 प्रशांत दुबे मय हमराह द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही/तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 1 वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र बृजलाल, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी सुखदेव सिंह रोड सिप्टेनोड, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को सदर चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## उत्तर मध्य रेलवे के माल लदान में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि

प्रयागराज, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। उत्तर मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में माल लदान के क्षेत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच उत्तर मध्य रेलवे ने 10.84 मिलियन टन माल का लदान किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में हुए 10.03 मिलियन टन लदान से 8.1 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इसी अवधि में भारतीय रेलवे के माल लदान में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह उत्तर मध्य रेलवे की वृद्धि दर भारतीय रेलवे की औसत वृद्धि से करीब दोगुनी रही। उत्तर मध्य रेलवे ने व्यापार विस्तार और नए माल यातायात को रेलवे से जोड़ने की दिशा में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

## बैंकर्स के पेंशन अपडेशन की संवेदना पूर्ण समस्या का न्यायपूर्ण समाधान जरूरी : सगुण शुक्ल

प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति अरेबिया प्रतापगढ़ की क्षेत्रीय इकाई की विशेष कार्यसमिति की बुधवार को हुई बैठक में अपना विचार व्यक्त करते हुए आल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सगुण शुक्ला ने कहा कि सम्पूर्ण बैंकिंग उद्योग वर्तमान में भारत सरकार के निजीकरण व पूंजीवादी नीतियों के कारण अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष रत है। आल इंडिया संगठन अरेबिया द्वारा 28 राज्यों की ग्रामीण बैंकों को मिलाकर एकीकृत भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की



जोरदार मांग किया जा रहा है। 10000 करोड़ रुपए से ज्यादा लाभ पिछले वित्तीय वर्ष में कमाने वाली ग्रामीण बैंक संस्था जो कि ग्रामीण भारत के 42 करोड़ ग्राहकों के आर्थिक जीवन समृद्धि का ठोस आधार बन चुकी है।

भारत सरकार से मांग की गयी कि लाखों वरिष्ठ नागरिक के रूप में सेवानिवृत्त बैंकर्स के पेंशन अपडेशन की बेहद संवेदना पूर्ण समस्या को शीघ्र न्याय प्रदान कराने में अपनी केन्द्रीय भूमिका का निर्वहन करें।

आम सभा में सेवानिवृत्त समिति के प्रदेश महासचिव पीके चौरसिया एवं संगठन सचिव बीडी यादव ने संयुक्त रूप से उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधन से सेवानिवृत 17000 से ज्यादा स्टाफ के लंबित मुद्दों विशेष रूप से कंप्यूटर इन्क्रीमेंट से लिंक कुछ मदों का एरियर, वार्षिक आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 2500 रुपए का भुगतान नीति, स्वास्थ्य बीमा सम्बन्धी समस्याएं एवं पीएफ भुगतान, सेवानिवृत्त की सुविधा हेतु एप्प का शीघ्र जारी किया जाना आदि प्रमुख मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

## तालाब संरक्षण से जलवायु सुरक्षा तक : मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी अभियान में जनभागीदारी



प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत एंटी प्लास्टिक गैंग एवं पर्यावरण सेना द्वारा मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के भुआलपुर किला गांव में तालाब स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व पर्यावरण सेना प्रमुख एवं ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने किया। इस दौरान सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य की उपस्थिति में ग्रामीणों एवं अभियान से जुड़े स्वयंसेवकों ने तालाब की सफाई कर जलस्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य तालाबों जैसे पारंपरिक जलस्त्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के साथ-साथ जल प्रदूषण और प्लास्टिक कचरे के बढ़ते खतरे के प्रति समाज को जागरूक करना रहा।

अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों एवं स्थानीय लोगों ने तालाब परिसर से प्लास्टिक सहित अन्य कचरे को हटाकर जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में जनभागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर अजय क्रांतिकारी ने कहा कि तालाब केवल पानी के स्त्रोत नहीं, बल्कि ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र, भूजल संरक्षण और जैव विविधता के महत्वपूर्ण आधार हैं। जलस्त्रोतों को बचाने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास के तालाब, पोखर, कुएं और अन्य जलस्त्रोतों की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण जलस्त्रोतों के साथ-साथ मिट्टी, जैव विविधता और जलवायु के लिए भी गंभीर चुनौती है। इसलिए जल संरक्षण के साथ प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

# जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर निकली सेवा ज्योति यात्रा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का हुआ वर्चुअल प्रसारण, कलश एवं मशाल के साथ निकाली गई यात्रा



प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रतापगढ़ में सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। शहीद उद्यान, प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण हुआ, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा की यह 25 वर्ष की यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से शुरू हुई थी। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे कार्यकाल के बाद वे देश के प्रधानमंत्री बने और वर्तमान में प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में देश का नेतृत्व कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्षों की जनसेवा को देश की पूंजी बताते हुए कहा कि यह केवल मोदी की यात्रा नहीं, बल्कि जनविश्वास, अनुभव और देश की सामूहिक शक्ति की पूंजी है। उन्होंने जनता को ईश्वर का रूप बताते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराया तथा देशवासियों को वी विल डू इट का मंत्र दिया।

सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित को प्राथमिकता मिली है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प अब जन-जन का संकल्प बन चुका है। जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ में मशाल लेकर सेवा ज्योति यात्रा निकाली। यात्रा शहीद उद्यान से अंबेडकर चौराहा, राजापाल चौराहा, ट्रेजरी चौराहा और गाजी चौराहा होते हुए पुनः शहीद उद्यान पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, राजन मिश्र, अजय वर्मा, प्रमोद कुमार मौर्य, विशाल विक्रम सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, रमा मिश्रा, पूनम इंसान, नागेश प्रताप सिंह, राकेश सिंह, अशोक मिश्र, पवन गौतम, राम आसरे पाल, देवेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश पाण्डेय, साधु दुबे, रुचि केसरवानी, आलोक गर्ग, पंकज मिश्र, मुदित सिंह, बृजेंद्र पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख सत्यम ओझा, विजय मिश्र, अंशुमान सिंह एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से जनसेवा, राष्ट्रसेवा और विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया गया।

## राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए पुन: नवीन ऑनलाइन आवेदन का अवसर 11 तक

प्रतापगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया है कि जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों/टाटा टेक्नोलोजी व्यवसायों में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण उपरान्त पुनः अभ्यर्थी से नवीन आनलाइन आवेदन करने के लिये www.scvt-up.in साइड पर आनलाइन आवेदन की सुविधा 6 अक्टूबर 2026 से 11 अक्टूबर 2026 रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य/ पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रुपए 300 एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति हेतु शुल्क रुपए 250 एवं समस्त महिला अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रुपए 100 व्यवसायिक परीक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित है।

# ब्लॉक स्तरीय मेले में पूर्व मंत्री ने विभागों के स्टॉलों का किया निरीक्षण

❑ लाभार्थियों को दिए किट व प्रमाण पत्र

(जरवल) बहराइच, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चल रहे ब्लॉक स्तरीय मेले में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और आमजन से इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम के शुभारंभ पर खंड विकास अधिकारी जरवल राजेंद्र कुमार और सीएचसी मुस्तफाबाद के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मेले में लगभग 20 विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए थे, जिनका पूर्व मंत्री ने बारी-बारी से जायजा लिया और अधिकारियों को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना पहुँचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। ?मेले में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत टीबी मरीजों व कुष्ठ रोगियों को पोषण किट तथा आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण व देखभाल से जुड़ी योजनाओं की किट व प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और ग्रामीण विकास की योजनाओं के बारे में बताया गया। मेले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत कृषि, सरकारी अनुदान और किसान सम्मान निधि की जानकारी दी गई। पेंशन योजनाओं और कन्या सुमंगला योजना के आवेदनों व लाभ वितरण की समीक्षा की गई।

**वरिष्ठ नेताओं व जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी मौजूदगी**

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर भाजपा नेता मंत्री पुत्र गौरव वर्मा , जरवल ब्लॉक प्रमुख ई. विपेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश परिषद सदस्य पवन वर्मा, मंडल अध्यक्ष जरवल मुकेश जायसवाल, मंडल महामंत्री ऋषि राजपूत तथा प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# न्यायालय से जारी वारंट में वांछित वारंटी गिरफ्तार

(फखरपुर) बहराइच, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। फखरपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक फखरपुर रामकुमार राजभर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय जेएम कोर्ट नंबर-1, बहराइच द्वारा जारी वारंट मुकदमा संख्या




20041/23, धारा 323, 504 व 325 भादवि, थाना फखरपुर से संबंधित वारंटी अब्दुल रहमान पुत्र बच्चू (42 वर्ष), निवासी बेलहरी, थाना फखरपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मानिकराज यादव एवं कांस्टेबल अम्बुज यादव शामिल रहे।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग पर सपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को ज्ञापन




(कैसरगंज) बहराइच, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सपा नेताओं ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आपत्तियों की अनदेखी कर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिससे उनके मतदान अधिकार प्रभावित हुए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और आरोप सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# तेज बारिश व काले बादलों के बीच एसडीएम की अपील-सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

बहराइच, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। मिहींपुरवा क्षेत्र में बुधवार को अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी ने क्षेत्रवासियों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

एसडीएम ने कहा कि बारिश के दौरान लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। नदी, नालों, तालाबों, जलाशयों तथा जलभराव वाले स्थानों के आसपास जाने से पूरी तरह परहेज करें। विशेषकर नदी एवं अन्य जलस्रोतों के समीप रहने वाले परिवार मौसम को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता




बरतें।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को नदी, नालों, तालाबों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रखें तथा उन्हें ऐसे स्थानों पर अकेले न जाने दें। बारिश के दौरान बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

❑ नदी-नालों, जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें, बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें

एसडीएम ने कहा कि तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान पेड़ों, जर्जर भवनों, विद्युत पोल एवं बिजली के तारों से दूरी बनाए रखें। खुले स्थानों पर खड़े होने तथा पेड़ के नीचे आश्रय लेने से बचें। जलभराव वाले रास्तों पर वाहन लेकर जाने से भी सावधानी बरतें। कहीं बिजली का तार टूटकर गिरा दिखाई दे तो उसे छूने का प्रयास न करें और तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि प्रशासन मौसम की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें और तत्काल स्थानीय प्रशासन, पुलिस अथवा संबंधित आपदा राहत एवं बचाव तंत्र को सूचना दें।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अफवाहों से बचने तथा मौसम और प्रशासन से संबंधित केवल अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की। एसडीएम ने कहा, मौसम को देखते हुए सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी सुरक्षित रखें।

# होमगाड्र्स पद पर चयनित अभ्यर्थियों का 12 से होगा चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापन

बहराइच, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिला कमाण्डेण्ट, होमगाड्र्स शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से अवैतनिक होमगाड्र्स स्वयंसेवकों के पदों पर एनरोलमेन्ट-2025 के अन्तर्गत जनपद बहराइच में 659 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों की चयनित सूची प्राप्त हुई है। जनपद के चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और चरित्र सत्यापन की कार्यवाही 12 अक्टूबर 2026 से पुलिस लाइन बहराइच मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के स्तर से गठित चिकित्सीय बोर्ड द्वारा की जायेगी।

श्री सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु कार्यालय द्वारा बुलावा पत्र निर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि होमगाड्र्स एनरोलमेन्ट के लिए चयनित अभ्यर्थियों को यदि चिकित्सीय परीक्षण के लिए बुलावा पत्र मिलने मे बिलम्ब होता है तो वे स्वयं जिला होमगाड्र्स कार्यालय से सम्पर्क कर अपना बुलावा पत्र प्राप्त कर सकते हैं। श्री सिंह द्वारा जिला होमगाड्र्स कार्यालय के वैतनिक एवं अवैतनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि होमगाड्र्स एनरोलमेन्ट 2025 हेतु चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा एवं पुलिस चरित्र सत्यापन की सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समय से सुनिश्चित कराना सुनिश्चित करेंगे।

# गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा ज्योति यात्रा संपन्न

गोण्डा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र साधना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित 'सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम के ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी जी के साथ सम्मिलित व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ज़िलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने किया।भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मणि ने बताया कि इस कार्यक्रम में विधायक मनकापुर रमा पति शास्त्री विधायक विधायक कटरा बावन सिंह, तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा विधायक महनवन विनय द्विवेदी विधायक गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह विधायक कर्नलगंज अजय सिंह सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव



सिंह सांसद गोण्डा प्रतिनिधि यूपी सिंह उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की यह अविरल यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत प्रतीक है। जनसेवा को जीवन का ध्येय बनाकर उन्होंने देश के विकास, गरीब कल्याण और सशक्त भारत के निर्माण को नई गति प्रदान की है। यह गौरवपूर्ण यात्रा हमें प्रेरणा देती है कि राष्ट्रसेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि संकल्प और साधना है।

प्रधानमंत्री का समर्पित सार्वजनिक जीवन करोड़ों देशवासियों के लिए निरंतर प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन विडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से उपस्थित लोगों ने सुना सेवा ज्योति जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में निकली गई मीडिया प्रभारी भाजपा विवेक मणि ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया और उक्त कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक महामंत्री रंजीत कश्यप,सेवा ज्योति कलश यात्रा विकसित भारत अभियान के जिला संयोजक विद्या भूषण द्विवेदी आशीष त्रिपाठी जसवंत लाल सोनकर के के श्रीवास्तव अर्जुन तिवारी नीरज मौर्या राजेश तिवारी राजीव रस्तोगी बीना राय, अनुपमा श्रीवास्तव मंत्री दीपक गुप्ता, विष्णू पाण्डेय, जितेंद्र पाण्डेय, मनीष द्विवेदी विनय शर्मा शशांक मिश्रा अविनाश जायसवाल संदीप पाण्डेय, प्रिंस चौरसिया डॉ अनिल कुमार सतीश सिंह अवधेश तिवारी अमर पाठक, आकाश पाठक आदि लोग इस अवसर पर पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता गण एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# बेरोजगार युवाओं के धरने को गोंडा कांग्रेस का समर्थन




गोंडा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा के नीचे लगातार बेरोजगार युवा रोजगार और अपने अधिकार के लिए, लोकतंत्र बचाने के लिए धरना-प्रदर्शन कर संघर्ष कर रहे हैं।जिसमें आज कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश युवा नेता मनोज तिवारी जी, शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी,जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे, यूथ जिला अध्यक्ष निजाम हाशमी एवं शहर संगठन प्रभारी सुकई भारती आदि का एक प्रतिनिधि मंडल बेरोजगार युवाओं से मिलने पहुंचा और उनके आंदोलन का पूर्ण समर्थन किया। और कहा कि 'डरो मत, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी आपके साथ हैं।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर**

ई-निविदा सूचनाः वि.आ.सं. 2881 दिनांक :06.10.2026

**निविदा एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1- 87/विविमंसी/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड- सिधौली, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड-सिधौली टाउन, सिधौली ग्रामीण, मछरेहटा एवं कमलापुर, सीतापुर के अन्तर्गत दैविय आपदा/अन्य विभिन्न कारणों से क्षतिग्रस्त होने वाली लाइनों एवं पोलों की मरम्मत का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु०1180.00 मात्र, धरोहर धनराशि रू0 10,000.00 मात्र।
2- 88/विविमंसी/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड- सिधौली, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड- खैराबाद, मिश्रिख एवं पिसावाँ सीतापुर के अन्तर्गत दैविय आपदा/अन्य विभिन्न कारणों से क्षतिग्रस्त होने वाली लाइनों एवं पोलों की मरम्मत का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु० 1180.00 मात्र, धरोहर धनराशि रू0 10,000.00 मात्र।
3- 89/विविमसी/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड- बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड- लहरपुर, सीतापुर के अन्तर्गत दैविय आपदा/अन्य विभिन्न कारणों से क्षतिग्रस्त होने वाली लाइनों एवं पोलों की मरम्मत का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु० 1180.00 मात्र, धरोहर धनराशि रू0 05,000.00 मात्र।
4- 90/विविमंसी/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड- बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड- हरगाँव एवं बिसवाँ, सीतापुर के अन्तर्गत दैविय आपदा/ अन्य विभिन्न कारणों से क्षतिग्रस्त होने वाली लाइनों एवं पोलों की मरम्मत का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु० 1180.00 मात्र, धरोहर धनराशि रू0 05,000.00 मात्र।
5- 91/विविमंसी/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड-बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में छोटे-छोटे पूर्ण जमा योजना के सरकारी ट्यूबेल, अमृत योजना के पानी टंकी के विद्युत कनेक्शन एवं जमा योजना के अन्तर्गत अन्य कार्य। प्रपत्र शुल्क रु० 1180.00 मात्र, धरोहर धनराशि रू0 10,000.00 मात्र।

ई-निविदा की अंतिम तिथिः 24.10.2026, 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं



श्रावस्ती, 07 अक्टूबर, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

इस दौरान जमीनी, मार-पीट एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# एक दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे प्रभारी मंत्री

श्रावस्ती, 07 अक्टूबर, (तरुणमित्र)। जनपद के प्रभारी मंत्री/मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 श्री दारा सिंह चौहान एक दिवसीय भ्रमण पर श्रावस्ती पहुंचे। जनपद पहुंचने पर प्रभारी मंत्री का निरीक्षण भवन भिनगा में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं पार्टी पदाधिकारियों ने अगुवानी कर स्वागत किया तथा प्रभारी मंत्री ने गार्ड की सलामी ली। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री जूनियर हाईस्कूल भिनगा पहुंचें तथा 'सेवा संकल्प अभियान' के अन्तर्गत आयोजित 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' में प्रतिभाग किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिला प्रभारी त्रयम्बर नाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदे मातरम् से किया गया।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के जनपद वाराणसी से एवं मुख्यमंत्री के लखनऊ से आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस द्वारा देखा व सुना गया। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का द्वीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। यह विशाल यात्रा जूनियर हाईस्कूल भिनगा से होते हुए ईदगाह तिराहा तक निकाली गई। जिसमें प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने सेवा ज्योति अपने हाथों में लेकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित 'श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण वितरण' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी एवं श्रमिक क्रमशः सतगुरु, संजय कुमार, अर्जुन लाल, परमेश्वर प्रसाद, जगराम, सेवक राम, शेष राम, प्रिंशु प्रजापति आदि ने प्रभारी मंत्री को फूल की डलिया भेंट की। प्रभारी मंत्री ने सभी श्रमिकों पर पुष्प वर्षा करते हुए सराहना भी किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने 09 बधिर बच्चों को श्रवण किट, 12 दृष्टि बाधित लाभार्थियों को सुगम्य केन किट, 15 लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल

❑ 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

❑ प्रभारी मंत्री ने 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का द्वीप प्रज्वलन कर किया शुभारम्भ

❑ प्रधानमंत्री 25 वर्ष के सेवाकाल को समर्पित है 'सेवा संकल्प अभियान'- प्रभारी मंत्री

एवं 70 लाभार्थियों को हस्तचलित ट्राईसाईकिल प्रदान किया। श्रम विभाग द्वारा संचालित 'मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना' के तहत 05 लाभार्थियों को धनराशि स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया, जिसका प्रभारी मंत्री ने अवलोकन भी किया।

इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, जिलाध्यक्ष ने भी सम्बोधन में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष क्रमशः महेश मिश्रा ओम, संजय कैराती, शंकर दयाल पाण्डेय, उदय प्रकाश त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, दिवाकर शुक्ला, पुरूषोत्तम कौशल सहित अन्य अधिकारीण मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को सायंकाल 'जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति' की बैठक की गई। जिसमें जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-5 के अन्तर्गत तथा पूर्व निर्मित परियोजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु नामित फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्व में निर्मित योजनायें जिन्हें संचालन एवं अनुरक्षण में ली जा चुकी है, उनके सापेक्ष परियोजनाओं को आंशिक क्षमता से पूर्ण क्षमता पर माह अक्टूबर, 2026 में किया जाना सुनिश्चित करें।




बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कार्यरत फर्म जी०ए० इन्फ्रा वी0पी0एल0 के 165 नग परियोजनाओं में लक्षित 171 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 61 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाते हुए अवशेष शिरोपरि जलाशय का कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जीरो पॉवर्टी अभियान सर्वे के दौरान कुल 5569 परिवारों का सत्यापन कर 'हर घर जल' योजना के अन्तर्गत गृह संयोजन प्रदान किया जाना है, जिसके सापेक्ष सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 1135 परिवार पूर्व से आच्छादित है तथा 4434 नग वंचित पात्र परिवारों के सापेक्ष वर्तमान तक 2463 नग पात्र परिवारों को अभियान के अन्तर्गत कनेक्शन दिये गये हैं। निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 1971 अवशेष वंचित परिवारों को गृह संयोजन से 01 माह के अन्दर आच्छादित किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं जनपद में कार्यरत फर्म को निर्देशित किया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण में ली गयी 98 पाइप पेयजल योजनाओं पर शत-प्रतिशत क्लोरिनेशनयुक्त नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला विकस अधिकारी रामसमुझ, अधिशासी अभियंता जल निगम मो0 इमरान, जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह सहित अन्य अभियंता व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, श्रावस्ती**

पत्रांकः पी. सी. एफ./जि0का0/स्था0/2026-27/469 दिनांक-07.10.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद हेतु जनपद श्रावस्ती के जिलाधिकारी महोदया द्वारा अनुमोदित क्रय केन्द्रों पर धान खरीद हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 15.10. 2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक ई- निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त से सम्बन्धित जानकारी https://www.etender.up.nic.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये जिला प्रबन्धक, पी०सी०एफ०, श्रावस्ती के मोबाइल नम्बर 08765984447 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला प्रबन्धक-पी०सी०एफ०, श्रावस्ती**

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-गाजीपुर**

ई-निविदा सूचना दिनांक :

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 55/EDC(G)/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-जंगीपुर/गाजीपुर नगर/सैदपुर/जमानिया, गाजीपुर के अन्तर्गत 134 अद्द पॉवर परिवर्तकों पर लाइटिंग अरेस्टर (LA) की पृथक अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर धनराशि रू. 27000.00
2. 56/EDC(G)/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-जंगीपुर, गाजीपुर के अधीन 250 के०वी०ए० एवं उससे अधिक क्षमता के वितरण परिवर्तकों के विरूद्ध 150 अदद् वितरण परिवर्तकों पर फेन्सिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00, धरोहर धनराशि रू. 24500.00
3. 57/EDC(G)/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-गाजीपुर नगर, गाजीपुर के अधीन 250 के०वी०ए० एवं उससे अधिक क्षमता के वितरण परिवर्तकों के विरूद्ध 100 अदद् वितरण परिवर्तकों पर फेन्सिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00, धरोहर धनराशि रू. 16500.00
4. 58/EDC(G)/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- सैदपुर, गाजीपुर के अधीन 250 के०वी०ए० एवं उससे अधिक क्षमता के वितरण परिवर्तको के विरूद्ध 129 अदद् वितरण परिवर्तकों पर फेन्सिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00, धरोहर धनराशि - रू. 21000.00
5. 59/EDC(G)/2026-27,अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-जमानियां,गाजीपुर के अधीन 250 के०वी०ए०एवं उससे अधिक क्षमता के वितरण परिवर्तकों के विरूद्ध 100 अदद् वितरण परिवर्तकों पर फेन्सिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00, धरोहर धनराशि रू.16500.00
6. 60/EDC(G)/2026-27, प्रबन्ध निदेशक के विवेकाधीन मद के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-जंगीपुर, गाजीपुर के अधीन वितरण परिवर्तक की क्षमतावृद्धि एव विद्युत वितरण खण्ड-सैदपुर, गाजीपुर के अधीन जर्जर तार बदलने का कार्य, प्रपत्र शुल्क - रू. 1180.00, धरोहर धनराशि-रू. 3000.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथिः** 22 अक्टूबर 2026, 12:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं, बिजली चोरी कैसे भी रोकें'

# बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त कराने के दिए निर्देश

## शिक्षक निर्वाचन को 12 अक्टूबर को होगा प्रशिक्षण, तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश

**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आगामी बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए बरेली जनपद में कुल 25 बूथ बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बूथों का निरीक्षण कर लिया जाए तथा निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को समय रहते दूर कराया जाए। उन्होंने कहा कि बूथों पर मतदाताओं के आने-जाने वाले मार्ग, बूथ परिसर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित




निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण 12 अक्टूबर 2026 को रवीन्द्रनाथ टैगोर इंटर कॉलेज में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने व नोडल/सहायक नोडल अधिकारियो को अपने दायित्वों का निर्वहन भली प्रकार करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिव्या ओझा, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**बदायूं, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बुधवार को हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी विधानसभाओं से विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर महाराणा प्रताप चौक, भगवान परशुराम चौक, रोडवेज, भामाशाह चौक, जेल तिराहा होते हुए वापस हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में रंगकर्मियों द्वारा नाटक का भी मंचन



किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्ष पूर्व गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गुजरात को विकास का मॉडल बनाने का प्रयास किया गया और प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व स्तर पर भारत की नई पहचान स्थापित हुई है। आज विश्व में भारत और भारतीयों का सम्मान बढ़ा है।केंद्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी.एल. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन और सेवा के हम सभी साक्षी हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले वर्षों में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की निरंतर यात्रा के प्रतीक हैं।

# विकास भवन से निकली 'सेवा ज्योति कलश यात्रा'

## बरेली क्लब में आयोजित हुई जिला स्तरीय 'विकसित भारत संकल्प सभा'

**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरंतर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ प्रातः 09 बजे विकास भवन से हुआ। यात्रा में बाइक यात्रा, कलश यात्रा एवं पैदल यात्रा के माध्यम से ह्यसेवा से संकल्प तक विकसित भारत की ओर एक कदम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। यात्रा का समापन बरेली क्लब में हुआ, जहां सेवा कलश की स्थापना के साथ अखंड सेवा ज्योति स्थापित की गई।

इस अवसर पर बरेली क्लब में जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों को विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा ज्योति कलश की स्थापना की गई। सेवा ज्योति को निरंतर सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक बताया गया। उपस्थित लोगों ने सेवा एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ अविनाश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजनमानस उपस्थित रहे।

## कटान की रफ्तार तेज, नहरोसा शारदा के निशाने पर

**पीलीभीत , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बाढ़ खंड की कथित लापरवाही के चलते शारदा नदी का कटान लगातार बढ़ता जा रहा है। धनाराघाट जंगल और गांवों के किनारे कई किसानों की जमीन नदी में समा चुकी है। अब शारदा नदी ने नहरोसा गांव की ओर रुख कर लिया है। लगातार हो रहे कटान के चलते नदी गांव से महज 80 मीटर दूर रह गई है। इससे ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है। बुधवार को ग्राम प्रशासक के पति ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर नहरोसा गांव में बने हालात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले भी लगातार कटान की शिकायत तत्कालीन जिलाधिकारी से की गई थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। कुछ समय के लिए कटान थमने के बाद अब नदी ने फिर गांव की ओर रुख कर लिया है।

# 174 फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से रवीन्द्रनाथ टैगोर इंटर कॉलेज, कैंट में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना से संबंधित कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य की गुणवत्ता एवं शुद्धता के लिए सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कुल 174 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ये फील्ड ट्रेनर्स जनगणना कार्य में लगाए जाने वाले सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण देंगे। फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 07,

### प्रशिक्षण में जनसंख्या गणना के दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

08 एवं 09 अक्टूबर 2026 तथा द्वितीय चरण में 13, 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से निर्धारित 40 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा व्यक्ति द्वारा बताए गए उत्तरों को ही दर्ज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति से किसी दस्तावेज अथवा अभिलेख की प्रति नहीं मांगी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी फील्ड ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से प्राप्त करें तथा जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं एवं दिशा-निदेशों को अच्छी तरह समझें। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी कार्मिक अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

उन्होंने जनगणना कार्य में लगाए गए कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे ड्यूटी से मुक्त किए जाने के लिए अनावश्यक रूप से प्रयास न करें। स्वास्थ्य संबंधी प्रकरणों में ड्यूटी से मुक्त किए जाने की प्रक्रिया पूर्व नियोजित समिति द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही नियमानुसार अमल में लाई जाएगी। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह सहित जनगणना से संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# नाथ ज्ञान ज्योति चौक बनेगा बरेली की सांस्कृतिक पहचान

## विश्वविद्यालय डोहरा रोड पर बनेगा नाथ ज्ञान ज्योति चौक, ज्ञान, साधना, शक्ति और विकास के समन्वय से आकार लेगा शहर का नया पहचान स्थल

**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बरेली की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ने की दिशा में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा एक और अभिनव पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय क्षेत्र और रामगंगा नगर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग के संगम पर प्रस्तावित नाथ ज्ञान ज्योति चौक बरेली की सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक विकास का नया प्रतीक बनने जा रहा है।आयुक्त एवं अध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण शंभू कुमार



तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख स्थलों को उसकी धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान से जोड़कर विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय जंक्शन को नाथ ज्ञान ज्योति चौक के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। चौक की सबसे विशेष अवधारणा सात नाथ मंदिरों की सात ऊर्जा धाराओं पर आधारित होगी। केंद्रीय संरचना में सात उर्ध्वमुखी ऊर्जा स्तंभ सात नाथ मंदिरों का प्रतीक होंगे।

ये सातों ऊर्जा धाराएं ऊपर जाकर एक ज्ञान ज्योति में एकाकार होती दिखाई देंगी। विश्वविद्यालय के निकट होने के कारण चौक की पूरी अवधारणा में ज्ञान को केंद्रीय भाव बनाया गया है। कमल के आधार से उठती सात ऊर्जा धाराएं, शीर्ष पर ज्ञान ज्योति, हरित क्षेत्र, पुष्पीय सौंदर्य, जल तत्व और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था मिलकर इसे एक विशिष्ट शहरी पहचान प्रदान करेंगे। उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण सौम्या पांडेय ने बताया किबरेली की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को आधुनिक शहरी विकास के साथ जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। नाथ ज्ञान ज्योति चौक में सात नाथ मंदिरों की प्रतीकात्मक ऊर्जा धाराओं को ज्ञान ज्योति के माध्यम से एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया गया है। यह बरेली की समृद्ध विरासत और उज्ज्वल भविष्य के समन्वय का प्रतीक बनेगा।

# हर बच्चा निपुण बनाना हम सबका उद्देश्य : बीईओ

**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सिंह ने कंपोजिट विद्यालय नगर क्षेत्र के प्रधान अध्यापक- इंचार्ज प्रधानाध्यापक, शिक्षामित्र ,अनुदेशक की एक आवश्यक बैठक नगर संसाधन केन्द्र में बुलाई , जिसमें उन्होंने साफ-साफ शब्दों में सभी शिक्षकों को बताया हर बच्चा निपुण बनाना हम सबका उद्देश्य है।बैठक का संचालन मदन मोहन उपाध्याय एआरपी ने किया। निपुण विद्यालय बनाने के लिए रणनीति के बारे में चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि आगामी माह में




विद्यालयों में निपुण आकलन किया जाएगा इसलिए सभी विद्यालय निपुण प्लस एप पर प्रैक्टिस करते रहे।

अन्य बिंदु आई गोट कर्म योगी, प्रशास्त्र एप और अन्य विभागीय बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संकुल शिक्षक सीमा कश्यप, अरुण शर्मा, महेश शर्मा, ताहिर अकबर राजेश कुमार सिंह नीति छाबड़ा, बबीता त्यागी, प्रवेश कुमारी मदन गोपाल, वीरेंद्र गंगवार आदि शिक्षक एवं एल एल एफ की ओर से शिल्पा पांडे, सुंदरलाल मौजूद रहे ।

## महिला की धारदार हथियार से फोड़ा सिर, मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)** प्रधान के घर शादी की दावत में शामिल होने गई महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गई। मामले में पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमले में महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया था। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया के सूफी नगर निवासी रियासत अली की पत्नी नूर जहां बेगम पांच अक्टूबर की दोपहर राजीव नगर सिमरिया में ग्राम प्रधान नाविर के घर आयोजित शादी की दावत में शामिल होने गई थीं। पति की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार दावत के दौरान किसी बात को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद हो गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में एफएलसी का किया निरीक्षण

## एफएलसी कार्य में पारदर्शिता, शुचिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश




**आजमगढ़, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय, आजमगढ़ स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर वहां चल रहे प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य का जायजा लिया। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निदेशों के अनुरूप संपादित किए जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएलसी कार्य में लगे तकनीकी कार्मिकों एवं संबंधित अधिकारियों से मशीनों की जांच प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यशीलता, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जांच प्रक्रिया को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम/वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए एफएलसी कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था एवं अभिलेखों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सिंह, निर्वाचन अधिकारी, ईवीएम प्रभारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवा के 'रंग राष्ट्र के संग' थीम पर कलेक्ट्रेट सहित विकास खंडों में बनाई गईं भव्य रंगोलियां



## सेवा सेतु अभियान के तहत विकास खंडों में सेवा शिविर एवं 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' थीम पर रंगोली उत्सव हुआ आयोजित

**बरेली, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के निरन्तर सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद बरेली में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक ह्लसेवा संकल्प अभियानह्व आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में ह्यह्यसेवा के रंग राष्ट्र के संगह्यह्य थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर सहित जनपद के विभिन्न विकास खंडों में आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियां बनाई गईं। रंगोलियों के माध्यम से सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्र की विविधता तथा विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया।

कलक्ट्रेट में बनायी गयी भव्य रंगोली का अवलोकन वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा बरेली सोमपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा आंवला आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा अधीर सक्सेना, अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ विनीता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं आम जनमानस उपस्थित रहें। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एडवोकेट हरेंद्र पटेल, कार्यालय स्टाफ, सहायक विकास अधिकारीगण एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। रंगोली तैयार करने में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आई शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

फतेहगंज पश्चिमी विकासखंड में तैयार की गई रंगोली का अवलोकन विधायक मीरगंज डी.सी. वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख फतेहगंज पश्चिमी द्वारा किया गया। विकासखंड मीरगंज में भी विधायक डी.सी. वर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख मीरगंज की उपस्थिति में रंगोली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकासखंड भुता में जिला अध्यक्ष भाजपा आंवला आदेश प्रताप सिंह द्वारा रंगोली का अवलोकन किया गया तथा सेवा शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टालो पर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गयी, गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व शिशुओ का अन्न प्राशन भी कराया गया तथा पात्रों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त शेरगढ़ एवं आलमपुर जाफराबाद विकासखंडों में भी सेवा के रंग राष्ट्र के संग थीम पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं।

इसी क्रम में बहेड़ी, क्यारा एवं फरीदपुर विकासखंडों में भी सेवा, राष्ट्रभक्ति, जनकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को प्रदर्शित करती हुई रंगोलियां तैयार की गईं। सेवा शिविरों और रंगोली उत्सव के माध्यम से सेवा, सुशासन, जनकल्याण, राष्ट्र की विविधता एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति कलश यात्रा का अटल पार्क में हुआ आयोजन

**फिरोजाबाद, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को फिरोजाबाद महानगर में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा–विकसित भारत का संकल्प' का आयोजन किया गया कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर एवं जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह द्वारा की गयी सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्राओं के आयोजन और विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का कार्यक्रम देशभर में रखा गया था। यात्रा का शुभारंभ अटल पार्क से किया गया। सेवा ज्योति कलश के साथ निकली यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए राधाकृष्ण मंदिर पहुंची। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, महिलाओं, युवाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने विकसित भारत 2047 के संकल्प में सहभागिता की। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण और सामूहिक संकल्प को मुख्य कार्यक्रम का हिस्सा रखा गया था। महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा सेवा और जनभागीदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।

# जिलाधिकारी ने किया ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण



**फिरोजाबाद, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित निमार्णाधीन ग्लास म्यूजियम ऑडिटोरियम के निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और कार्यदायी संस्था व संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पूरा कार्य आगामी नवंबर माह से पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लिया जाये जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ग्लास म्यूजियम का निरीक्षण करते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कार्य में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाई गई, तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिये वे स्वयं दंड के भागी होंगे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम की संरचनात्मक सजावट और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की सुंदरता के साथ-साथ वहां आने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार की कमी या खामी नहीं छूटनी चाहिए।उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं को निर्देश दिया कि शेष बचे कार्यों की दैनिक स्तर पर मॉनिटरिंग की जाये।

श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को गति दी जाए, और निर्धारित समयावधि के भीतर ऑडिटोरियम को पूरी तरह तैयार कर हस्तांतरित किया जाये।

## भूमि को कब्जा मुक्त कराने को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

**फिरोजाबाद, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बड़े हनुमान जी महाराज मंदिर की करीब 52 बीघा भूमि पर किये गये अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपासौपे गये ज्ञापन में समिति ने भूमि की वर्ष 1970 की स्थिति बहाल कराने के साथ यहां भव्य हनुमान कॉरिडोर विकसित करने की मांग करते हुए कहा है, कि मंदिर के नाम करीब 52 बीघा भूमि वर्ष 1822 में दान में दी गई थी। इस भूमि पर वर्षों से हनुमान जयंती, रामलीला, रासलीला, यज्ञ और हवन समेत धार्मिक व सामाजिक आयोजन होते रहे हैं। समिति पदाधिकारियों का आरोप है, कि कुछ लोग अलग-अलग समितियां बनाकर भूमि पर अपना दावा कर रहे हैं।

# डॉ. राजीव गुप्ता को तरुणमित्र टीम ने किया सम्मानित

**बदायूं, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** शहर के वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव गुप्ता को उनके चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और सेवाओं के लिए दैनिक तरुणमित्र की टीम की ओर से सम्मानित किया गया। टीम के सदस्यों ने डॉ. राजीव गुप्ता को हार पहनाकर स्वागत किया तथा शील्ड भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान उनके साथ चिकित्सा सहायक फैजान सैफी को भी टीम की ओर से शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। टीम द्वारा दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर दैनिक तरुणमित्र टीम के सदस्य अरशद नसीरी, शम्स उद्दीन शम्स, शारिक नसीरी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में मरीजों की सेवा



और उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। डॉ. राजीव गुप्ता को सम्मान मिलने पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. राजीव गुप्ता ने सम्मान के लिए दैनिक तरुणमित्र की टीम का आभार व्यक्त किया।

# संविधान रक्षा के लिए सड़कों पर उतरी कांग्रेस 'वोट चोरी' के खिलाफ किया चरखा सत्याग्रह



हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेते हुए कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार 'चरखा सत्याग्रह' का आयोजन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस सत्याग्रह का नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष व सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने किया।प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आशीष सिंह सोमवंशी ने कहा कि देश के करीब 13 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल इस्तीफे की मांग की। सोमवंशी ने कहा, राहुल गांधी जी ने सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग की मिलीभगत से हो रही वोट चोरी को बेनकाब कर दिया है। हमने 7 महीने पहले हरदोई में प्रमाण के साथ एक ही पते पर बने सैकड़ों फर्जी वोटों का खुलासा किया था, मगर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।कार्यक्रम में सांडी से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ओमेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. अजीमुद्दीन, जमील अहमद अंसारी और युवा कांग्रेस महासचिव निर्भान सिंह यादव ने भी विचार व्यक्त किए। नेताओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि जब तक लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं हो जाते, यह लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी।

सत्याग्रह में साधू सिंह सोमवंशी, कमल सिंह, राजेश पाण्डेय, सुरेंद्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रोहित यादव और धीरज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 6.7 किलो गांजे व अवैध तमंचे के साथ अपराधी गिरफ्तार

हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टडियावां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कुआंमऊ मझरा ढरऊआर निवासी हिस्ट्रीशीटर रक्षपाल पुत्र सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 6.731 किलोग्राम अवैध गांजा, 315 बोर का एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया अभियुक्त बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और गैंगेस्टर जैसे 10 गंभीर मुकदमे हरदोई व बरेली के विभिन्न थानों में पहले से दर्ज हैं। टडियावां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग को लेकर सपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर बुधवार को 'वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम के तहत सपाइयों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अनिल वर्मा, सपा नेता अखिलेश पाठक, फूलचंद वर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त सत्ताधारी दल के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं और एसआईआर प्रक्रिया के जरिए वोटर लिस्टों से हेरफेर कर जनता के संवैधानिक मताधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मनमानी से लाखों लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह गए हैं, जो बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का सीधा अपमान है। इस मौके पर पूनम सरोज, प्रदीप कुशवाहा, अजय सिंह पाल, राहुल गुप्ता, अमित बाजपेई, चंद्रशेखर पाल, सुनीता मिश्रा, अमान खान और रामनरेश चौरसिया समेत हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीजेपी कार्यालय पर बैठकों का दौर, मंडल प्रभारियों और अध्यक्षों ने बनाई 'बूथ विजय' की रणनीति



हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता और जिला प्रभारी कमलेश मिश्र के मुख्य आतिथ्य में आगामी संगठनात्मक अभियानों व विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर मैराथन बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद जय प्रकाश रावत, एमएलसी अशोक अग्रवाल और विधायक रामपाल वर्मा, श्याम प्रकाश व माननेंद्र प्रताप सिंह रानू समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।जिला प्रभारी कमलेश मिश्र ने मंडल प्रभारियों, अध्यक्षों व प्रवासियों से संगठन की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति है। विपक्षी दावों का तथ्यपरक जानकारी से नकारने और प्रत्येक परिवार तक पहुँच बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकताओं को अनुशासन व पूरी जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहने का निर्देश दिया।

## गौशालाओं में भुखमरी की नौबत, चारे की आपूर्ति ठप होने से किसानों का लाखों का भुगतान अटका




हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। विकास खण्ड कछौना क्षेत्र की गौशालाओं में बेजुबान गोवंशों के भरण-पोषण पर संकट गहरा गया है। टेंडर प्राप्त फर्मों की लापरवाही और विभागीय खेल के कारण गौशालाओं में चारे की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। मामला अब लखनऊ तक पहुंच गया है; ग्राम पंचायत महरी के प्रशासक आशीष कुमार ने सीधे मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विकास खण्ड अधिकारियों और टेंडरदार फर्मों पर भ्रष्टाचार व घोर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में खुलासा किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए चयनित फर्में मेसर्स अंचल ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स एफ.एस.आर. इंटरप्राइजेज और मेसर्स सिंह ट्रेडर्स अप्रैल माह से ही चारे की आपूर्ति करने में हवा हवाई साबित हुई हैं। गोवंशों को भुखमरी से बचाने के लिए स्थानीय किसानों से उधार भूसा और चारा लेकर गौशालाओं जैसे-तैसे चलाई गई, लेकिन अब उन गरीब किसानों के भुगतान पर पेंच फंसा दिया गया है।

आरोप है कि टेंडर धारक फर्मे बिना माल सप्लाई किए कागजों पर बिल पास कराने का दबाव बना रही थीं। दूसरी ओर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा गो-आश्रय पोर्टल पर कांटा पर्ची, वाहन फोटो और टेंडर रेट जैसी सख्त शर्तें लागू करने से अब असली आपूर्तिदाता किसानों का भुगतान अधर में लटक गया है। महरी गौशाला प्रशासक ने मुख्यमंत्री से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी फर्मों व अधिकारियों पर कार्रवाई करने और बेकसूर किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराने की गुहार लगाई है।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, कई स्पर्धाओं में घोषित हुए परिणाम

बिलग्राम, हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। बीजीआरएम इंटर कॉलेज, बिलग्राम के खेल मैदान में आयोजित 76वीं जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2026 के दूसरे दिन विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। करीब 55 विद्यालयों के सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं ने दौड़, कूद और थ्रो सहित अलग-अलग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पूरा खेल परिसर उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा।

दूसरे दिन सीनियर बालक 3000 मीटर दौड़ में बीजीआरए इंटर कॉलेज बिलग्राम के अतुल यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। श्री देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा के धर्मवीर दूसरे और सेठ बाबू राम भारती इंटर कॉलेज पाली के आकाश तीसरे स्थान पर रहे। सब-जूनियर बालक डिस्कस थ्रो में भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज संडीला के गौतम प्रथम, इसी विद्यालय के सौरभ मौर्या द्वितीय और दयानंद इंटर कॉलेज सुरसा के शानू तृतीय रहे। जूनियर बालक गोला फेंक में सेठ बाबू राम भारती इंटर कॉलेज पाली के अनुभव ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीएन इंटर कॉलेज मल्लावां के मोहित दूसरे और पीवीआर इंटर कॉलेज गौसगंज के अरुण तीसरे स्थान पर रहे। सब-जूनियर बालिका 200 मीटर दौड़ में छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज हसनापुर की सोनी प्रथम, देवी दयाल इंटर कॉलेज सुभानखेड़ा की मानसी द्वितीय और बेणी माधव इंटर कॉलेज हरदोई की छाया तृतीय रहीं।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 225 बच्चों का किया परीक्षण

बलदेव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। श्री बृजराज चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संचालित रॉयल्स आई केयर सेंटर, बलदेव के तत्वावधान में शील चंद्र कैलाशी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को निःशुल्क नेत्र जांच, दवा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविशंकर गौड़ एवं रॉयल्स आई केयर सेंटर के संचालक डॉ. नीलेश मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में डॉ. नीलेश मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा 225 से अधिक विद्यार्थियों तथा विद्यालय परिवार के सदस्यों की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद सभी को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

## अग्रवाल प्रीमियर लीग के रोमांचक फाइनल में अग्रवाल पैंथर्स बनी विजेता

राया, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर क्षेत्र में खेलकूद और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इसी क्रम में आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग (एप्ल) का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें अग्रवाल पैंथर्स (कप्तान - गौरव अग्रवाल) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला अग्रवाल किंग्स (कप्तान - शिवम) और अग्रवाल पैंथर्स (कप्तान - गौरव) के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर बेहतरीन खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंततः, अपने संतुलित प्रदर्शन और बेहतरीन रणनीति के दम पर अग्रवाल पैंथर्स ने फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के ऐसे आयोजनों की सराहना की। मैच के दौरान निष्पक्ष और बेहतरीन निर्णय देने की जिम्मेदारी बृजमोहन वर्मा और युवराज सिंह ने अंपायर की भूमिका निभाते हुए बखूबी निभाई।

# पीएम मोदी के 25 साल के सफल कार्यकाल पर हरदोई में निकली भव्य 'सेवा ज्योति यात्रा'



हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्षों के बेमिसाल व सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में बुधवार को श्रीश चंद्र बारात घर में 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नई दिल्ली से प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का एलईडी स्क्रीन के जरिए सीधा प्रसारण किया गया, जिसे देखने भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा 'सेवा ज्योति' प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई, जो शहीद उद्यान पहुंचकर संपन्न हुई। वहां स्थित शहीद स्तंभ पर ज्योति स्थापित कर अमर शहीदों को नमन व पुष्पांजलि अर्पित की गई।आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि पीएम मोदी का 25 साल का सेवा काल भारत के नवनिर्माण का स्वर्णिम दौर है। इस दौरान सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन और सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर सीएचसी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, बुलंद की आवाज

हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी सुरसा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के तहत कार्यरत समस्त संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी लंबित मांगों के निस्तारण के लिए आवाज बुलंद की। बुधवार को संविदा स्टाफ ने सीएचसी अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के निस्तारण और मांग पत्र को उच्चाधिकारियों तक पहुँचाने की पुरजोर अपील की।ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों ने कहा कि वे वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं और लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। संविदाकर्मियों ने सेवा सुरक्षा की गारंटी, वेतन विसंगतियों को दूर करने और लंबे समय से अटकी अन्य जायज मांगों को प्रमुखता से अधीक्षक के समक्ष रखा। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया जाता, तब तक वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

इस दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम रवि सिंह, डॉ. नागेंद्र बहादुर सिंह, बीसीपीएम रमेश कुमार, पीएमडब्ल्यू आनंद, राहुल भारती, स्टाफ नर्स रीना कनौजिया, एमसीपीएम सचिन कुमार सिंह, बीए मोहिनी सिंह समेत सीएचसी सुरसा का समस्त संविदा स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहा।

# गांधी भवन में गूंजे देशभक्ति के तराने सुरों के संगम ने मोहा दर्शकों का मन



हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। गांधी भवन जनकल्याण समिति द्वारा गांधी जयंती समारोह के अवसर पर बुधवार को देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में तीन अलग-अलग वर्गों के बच्चों व युवाओं ने देशप्रेमी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर पूरे हॉल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।जूनियर वर्ग से मधुर व शिवम, सीनियर वर्ग से अलंकृत व वैष्णवी, तथा सुपर सीनियर वर्ग से सलोनी व साहिबा बानो समेत कुल 38 प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का हुनर दिखाया। संगीत साधकों में कीबोर्ड पर शरद, ढोलक पर शनि और ऑक्टोपैड पर निर्भय ने शानदार संगत की। रवि तिवारी व प्रीतिमा द्विवेदी ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि संचालन श्वेता सिंह गौर ने किया।समिति के मीडिया प्रभारी नवल किशोर ने बताया कि 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित सभी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण गुरुवार शाम 5 बजे गांधी भवन में किया जाएगा। इस दौरान अविनाश गुप्ता 'अब्बीर', डॉ. सौरभ दयाल, मनीष मिश्र और नीलम मिश्र समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## निर्वाचन संबंधी शिकायत पर कार्रवाई की मांग संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन



मैनपुरी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। निर्वाचन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और मतदाता सूची में नामों को हटाए जाने के विरोध में बुधवार को जिला बार एसोसिएशन दीवानी, वोटर पार्टी इंटरनेशनल (वीपीआई) और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दिल्ली में निर्वाचन आयोग से संबंधित कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकरण के संदर्भ में मैनपुरी में भी ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच और विधिक कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि देशभर में करीब 13 लाख मतदाताओं के एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित फार्म-7 के माध्यम से नाम हटाए गए हैं। प्रतिनिधियों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मताधिकार से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए ह्वालोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

# बीडीओ ने शिक्षकों को दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश



मैनपुरी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शिक्षक विद्यालय में पठन-पाठन के प्रति गंभीरता बरतें और बच्चों में पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि पैदा करने का प्रयास करें। यह बात खंड विकास अधिकारी निरंजन कुमार त्रिपाठी ने विकासखंड बेवर के प्राथमिक विद्यालय बनकिया के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से बातचीत में कही।

उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति, साफ-सफाई और मध्याह्न भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। बीडीओ ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे पढ़ाई-लिखाई से संबंधित सवाल किए और शैक्षिक स्तर की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों को टॉफी भी वितरित की। खंड विकास अधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में समय से उपस्थित रहकर नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करें। बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर निरंतर नजर रखते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए। उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, बच्चों की ड्रेस, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा सुबह की प्रार्थना सभा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के भविष्य और सर्वांगीण विकास का आधार है। इसलिए, शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बेवर सर्वेश कुमार भी मौजूद रहे। बताया गया कि निरंजन कुमार त्रिपाठी ने हाल ही में बेवर खंड विकास अधिकारी का कार्यभार संभाला है। इसके बाद से वह विद्यालयों के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की भी निगरानी कर रहे हैं।

# निष्पक्ष व त्रुटिरहित हो गणना, 'एक भी व्यक्ति छूटा, जनगणना चक्र टूटा': जिलाधिकारी



मैनपुरी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की गणना हेतु फील्ड ट्रेनर्स के 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि जनगणना केवल व्यक्तियों की गिनती का सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं बल्कि यह किसी भी राष्ट्र, राज्य के सर्वांगीण विकास का मूल आधार है, देश में बनने वाली समस्त जन-कल्याणकारी नीतियां, वित्तीय योजनाएं, बजट के सेक्टरवार प्राविधान और सामाजिक-आर्थिक विकास के सभी पैरामीटर्स पूर्णतः जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर करते हैं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग द्वारा केंद्र से राज्यों के मध्य वित्तीय संसाधनों का जो डिवोल्यूशन (हस्तांतरण) किया जाता है, उसमें जनसंख्या का अनुपात और भौगोलिक क्षेत्रफल सबसे महत्वपूर्ण घटक होते हैं, 15-वें, 16-वें वित्त आयोग के मानकों का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल और अवस्थापना विकास के मदों में धन का आवंटन इन्हीं आंकड़ों के आधार पर तय होता है यदि किसी क्षेत्र की गणना में कोई कमी या अशुद्धि रह जाती है, तो वह क्षेत्र आगामी कई वर्षों तक विकास के वास्तविक लाभ और सरकारी बजट से वंचित रह सकता है इसलिए प्रत्येक ट्रेनर, प्रगणक की नैतिक व प्रशासनिक जिम्मेदारी है कि फील्ड में एक-एक व्यक्ति की प्रामाणिक और त्रुटिरहित प्रविष्टि दर्ज करें।

त्रिपाठी ने जनगणना में शामिल जातीय गणना को अत्यंत संवेदनशील, गंभीर बताते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासनिक मशीनरी किसी भी राजनीतिक धारा से अलग रहकर नीतियों के निष्पक्ष, पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध होती है, फील्ड स्तर पर प्रगणकों द्वारा की गई एक छोटी सी लापरवाही, गलत प्रविष्टि सामाजिक स्तर पर गंभीर विवाद और भ्रम उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने कहा कि केवल व्यक्ति की संख्या गिनने और उसकी जातिगत स्थिति को सही रूप से दर्ज करने में भारी अंतर होता है, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य श्रेणी के वर्गीकरण में किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न हो, कई बार स्थानीय स्तर पर एक ही वर्ग के अलग-अलग उपनामों अथवा प्रमाण-पत्रों को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे प्रगणकों को भली-भांति समझना होगा यदि किसी गांव, मजरे में प्रविष्टि के दौरान लापरवाही हुई तो बाद में प्रशासनिक स्तर पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है, प्रत्येक फील्ड ट्रेनर यह सुनिश्चित करें कि प्रगणक पूरी तरह प्रशिक्षित होकर क्षेत्र में जायें, जाति से संबंधित प्रत्येक प्रविष्टि पूरी तरह नियमानुकूल और सत्यापित हो, जनगणना के दोनों चरणों के अंतर को समझाते हुए कहा कि प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण, आवासीय परिस्थितियों का आँकलन किया गया था, अब द्वितीय चरण में वास्तविक व्यक्तियों की गणना की जानी है। उन्होंने पल्स-पोलियो अभियान का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा का संकल्प लेकर शत-प्रतिशत आच्छादन किया गया ठीक उसी तर्ज पर जनगणना में एक भी व्यक्ति छूटा, जनगणना चक्र टूटा के सिद्धांत पर काम करना होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बंद मकानों, अनुपलब्ध परिवारों की समस्या के समाधान के लिए विशेष कार्य-योजना बनायी जाये, अक्सर सुबह लोग काम पर निकल जाते हैं और शाम को लौटते हैं, जिससे कई मकानों पर ताला बंद मिलता है, ऐसे बंद घरों के लिए अलग से रजिस्टर बनाया जाए, उन पर विशेष मार्किंग या पैम्फलेट चस्पा कर पुनर्भ्रमण किया जाए, जब तक उस घर के प्रत्येक सदस्य की सही जानकारी प्राप्त न हो जाए, तब तक प्रक्रिया को अधूरा न छोड़ा जाए इसके अतिरिक्त उन्होंने बड़े गणना ब्लॉकों को संतुलित करने के लिए सहायक प्रगणकों के समन्वय पर बल दिया, जहां आबादी अधिक होने के कारण ब्लॉक विभाजित किए गए हैं, वहां पुराने, नए प्रगणक आपस में समन्वय स्थापित कर पूरे क्षेत्र का सघन कवरेज सुनिश्चित करें। उन्होंने डिजिटल डाटा संकलन और एम.आई.एस. रिपोर्टिंग को लेकर भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अक्सर कार्मिकों में यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि वह पूरे महीने का डाटा एकत्र कर अंतिम समय में एक साथ लॉक या फ्रीज करने का प्रयास करते हैं, यह अत्यंत अनुचित है क्योंकि इससे दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रभावित होती है और प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में गिरावट आती है, शासन स्तर पर प्रतिदिन एम.आई.एस. के माध्यम से प्रगति की निगरानी की जाती है, जैसे-जैसे गणना कार्य पूरा होता जाए, वैसे-वैसे डाटा का प्रतिदिन सत्यापन कर उसे सिस्टम में फ्रीज, फाइनलाइज किया जाए इसके साथ ही उन्होंने स्व-गणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्व-गणना के निर्धारित 15 दिनों की अवधि का अधिकतम उपयोग किया जाए यदि अधिक से अधिक नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर देंगे तो प्रगणकों के लिए फील्ड सत्यापन का काम बेहद सुगम, तेज और पारदर्शी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मास्टर ट्रेनर ही गुरु की भूमिका में हैं इसलिए सभी प्रतिभागी पूर्ण अनुशासन और निष्ठा के साथ इस प्रशिक्षण को आत्मसात करें ताकि क्षेत्र में शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ जनगणना कार्य संपन्न कराया जा सके।

## शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

हरदोई, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)। जनसमस्याओं के निस्तारण में ढिलाई बरतने वाले अफसरों पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की उमड़ी भीड़ के बीच जिलाधिकारी ने कुल 113 शिकायतों को एक-एक कर सुना और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का फरमान सुनाया। जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। अगर निस्तारण में खानापूर्ति या हीला-हवाली की गई, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई तय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी न्यायिकआशुतोष और पीडी डीआरडीए अशोक कुमार मौर्य सहित जनपद के तमाम आला अफसर मुस्तैद रहे।

# यूपीआई टैक्स के विरोध में व्यापारियों ने पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन



**शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र के प्रांतीय आवाहन पर व्यापारियों ने यूपीआई पर लगने वाले टैक्स के विरोध जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व मे विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा 15 अक्टूबर से दो हजार रुपए से अधिक यूपीआई ट्रांजैक्शन पर .04% ट्रांजैक्शन चार्ज व्यापारियों पर एक तरह का नया बोझ होगा।

उन्होंने कहा व्यापारी पर पहले ही अनेकों प्रकार के कर लगाए गए हैं यूपीआई पर ट्रांजैक्शन शुल्क लगाए जाने से व्यापार की गति कम होगी जिससे बाजार में मंदी क्या एक नया दौर आरंभ होगा तथा सरकार को भी राजस्व की हानि होगी।

महानगर अध्यक्ष मो सलाउद्दीन अख्तर ने कहा सरकार कृषि प्रधान देश में आज जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ से ज्यादा होने के बाद भी सरकार व्यापारियों पर अतिरिक्त टैक्स लगा रही हैं जब व्यापारी ऑनलाइन ट्रेंडिंग से पीड़ित हैं सरकार व्यापारी हित ऑनलाइन ट्रेंडिंग पर कोई ठोस कदम उठाना चाहिए था लेकिन सरकार ने यूपीआई पर ट्रांजेक्शन पर टैक्स लगा दिया जो कि व्यापारी हित में नहीं है,व्यापार मंडल इसका हर स्तर पर विरोध करेगा।

उन्होंने यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगाए जा रहे शुल्क वापस लिए जाने की माँग की। इस मौके पर प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता,ज़िला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियाँ, मिला मंत्री संजीव गुप्ता, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आबिद खान,नफीस खान,जुबैर खान, गोपाल सक्सेना, रफी खान, नदीम मंसूरी, मो॰ शाहिद,राजीव गुप्ता, एहतेशाम मंसूरी, हाशिम शाह, शिवम् सचदेव, प्रमोद, शकील, मो दानिश,अली सरवर आदि मौजूद रहे।

## जनगणना द्वितीय चरण के जिला फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को जी.डी. गोयनका में आयोजित जिला फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण सात से नौ अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनर्स का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में जनपद की टीम ने पूर्ण मनोयोग, लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। इसके परिणामस्वरूप शाहजहांपुर स्वगणना में पूरे प्रदेश में प्रथम तथा जनगणना में तृतीय स्थान पर रहा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी भावना और टीमवर्क के साथ द्वितीय चरण में भी उत्कृष्ट कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फील्ड ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि निर्धारित अवधि में प्रत्येक व्यक्ति की शत-प्रतिशत गणना सुनिश्चित की जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति गणना से छूटने न पाए और कार्य को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए। प्रशिक्षण स्टेट मास्टर ट्रेनर सर्वेश कुमार यादव, तहसीलदार न्यायिक-सदर, दीपेन्द्र कुमार, तहसीलदार न्यायिक-पुवायां, चिन्ता कुमार तिवारी, चकबंदी अधिकारी-शाहजहांपुर तथा अनूप कुमार बरनवाल, सहायक अध्यापक-पुवायां द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सहित अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ अभियान के तहत सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




**जलालाबाद/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र जलालाबाद में चल रहे 'लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत बुधवार को सपा पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व तहसीलदार बागिश मणि त्रिपाठी के माध्यम से राष्ट्रपति व राजयपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सपा विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन से पहले सैकड़ो कार्यक्रम पहले समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता अंबेडकर प्रतिमा के सामने और जहां से भारी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे. इसके बाद उन्होंने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके बनाए संविधान को बनाए रखने की शपथ ली। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। सपा नेताओं ने मतदाता सूचियों में पारदर्शिता बरतने, पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की मांग उठाई।

इसके अलावा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से संबंधित शिकायतों की समीक्षा तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर उठाई गई। आपत्तियों की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत जांच कराने और उनके इस्तीफे की मांग पर विचार करने की मांग की गई। इस दौरान ज्योत्सना कश्यप, सुची कश्यप, रामवीर सिंह सोनवेशी, रामदास राठौर सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक सलोना कुशवाहा ने विधायक निधि से सीएचसी व दोदराजपुर मोक्षधाम को दिए दो डेडबॉडी फ्रीजर




**तिलहर/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने विधायक निधि से दो डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स सीएचसी व मोक्ष धाम को प्रदान किए। सीएचसी में डेडबॉडी संरक्षण के लिए मोर्चरी में फ्रीजर उपलब्धता न होने पर विधायक सलोना कुशवाहा ने विधायक निधि से एक फ्रीजर बॉक्स चिकित्साधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर की सुपुर्दगी में बतौर प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता रवि द्वारा दिलवाया। इस मौक पर डॉ कमर उज्जमा, सोनू खन्ना, फार्मासिस्ट हरिशंकर वर्मा , नबी जान आदि मौजूद रहे। विधायक ने एक डेड बॉडी फ्रीजर दोद राजपुर स्थित मोक्ष धाम कमेटी को भी सुपुर्द कराया।

## तेज रफ्तार में मोड़ पर अनियंत्रित हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली, खाई में गिरी, युवक घायल



**निगोही/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** निगोही-खुदागंज मार्ग पर बुधवार को खाद लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार लोगों को चोट नहीं आई, जबकि पास में मछली पकड़ रहा एक युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निगोही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

जानकारी के अनुसार सुरक्कापुर निवासी आलोक संडा खास स्थित सहकारी समिति से ट्रैक्टर-ट्रॉली में खाद लेकर घर लौट रहे थे। ट्रैक्टर पर आलोक के साथ हरिनाथ और पुष्पेंद्र भी सवार थे। बताया गया कि ट्रैक्टर की गति अधिक होने के कारण मोड़ पर चालक ब्रेक नहीं लगा सका और ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी।इसी दौरान मोड़ के पास मछली पकड़ रहे विष्णु पुत्र फकीरे हादसे की चपेट में आकर घायल हो गए। विष्णु निगोही रेलवे स्टेशन के पास रहते हैं। हादसे की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल विष्णु को उपचार के लिए निगोही सीएचसी भेजा गया। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार आलोक, हरिनाथ और पुष्पेंद्र सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## तालाब में डूबने से किसान की मौत, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने परिजनों को ढांढस बंधाया

**निगोही/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सिंदलखेड़ा गांव में तालाब में डूबने से किसान की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना निगोही क्षेत्र के सिंदलखेड़ा गांव निवासी कमलेश (30)खेती-किसानी करते थे। बुधवार सुबह वह गांव के पश्चिम वाले खेत पर गए थे। काम निपटाकर बह खेत के पास तालाब में हाथ-पैर धोने लगे। इस बीच पैर फिसल जाने से कमलेश तालाब में गिर गए। बच्चो ने उन्हें तालाब में डूबते देखा,तो भागकर परिजनो को खबर दी। आधे घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों ने कमलेश को जब बाहर निकाला। उनकी मौत हो चुकी थी। घर के सबसे मेहनती युवक की मौत से परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की मां उर्मिला,पत्नी राजवती का करूण विलाप सुन देखने बालो की आंख नम हो गई। कमलेश के विपिन,जितिन और नैतिक तीन बेटे है। जिनके परवरिश की जिम्मेदारी मां राजवती के कंधो पर आ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने मौके पर पहुंच परिजनो को ढांढस बंधाया।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा चकमार्ग पर काम न होने से ग्रामीण परेशान, एसडीएम से शिकायत

**खुटार/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** ग्राम पंचायत नवदिया मनंकठ में मनरेगा से चकमार्ग बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीण सर्वेश कुमार पुत्र राजेशचंद्र निवासी रजमाना ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि चकमार्ग गाटा संख्या 420 तक जाता है, जिसे एक व्यक्ति ने काटकर अपने खेत में मिला लिया है। इससे किसानों को फसल खेत से बाहर लाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण के मुताबिक, पूर्व में बीडीओ खुटार को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद चकमार्ग को मनरेगा कार्ययोजना में शामिल किया गया, लेकिन कई माह बीतने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने 15 दिन में कार्य शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत निगोही पर धरना-प्रदर्शन किया

**निगोही/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** विकास कार्य न होने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओ ने नगर पंचायत निगोही के आफिस के सामने धरना-प्रदर्शन किया। नगर पंचायत निगोही में विकास कार्य बंद होने और सड़क पर आवारा पशुओ की दिनोदिन बढ़ती संख्या के साथ नगर की विभिन्न समस्याओ को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओ ने कुछ दिन पूर्व ईओ को ज्ञापन दिया था। तय समय सीमा गुजरने के बाद भी समस्या का समाधान न होने से नाराज कार्यकर्ताओ ने आज नगर पंचायत आफिस के में गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। देवेन्द्र सिंह ने कहा कि समस्या का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### किसान को लगा करंट का झटका, हालत गंभीर

**तिलहर/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** खेत पर धान काट रहे किसान को करंट लगने से हालत गंभीर हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी लेकर गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को ग्राम फतेहपुर बुजुर्ग निवासी 60 वर्षीय रामअवतार खेत पर धान काट रहे थे। इसी दौरान खेत के किनारे लगे आरी वाले तारों पर 11 हजार वोल्ट की लाइन अचानक गिर गई, जिससे खेत में करंट आ गया और रामअवतार उसकी चपेट में आकर झुलस गए।

# शिक्षक गायब, बच्चों के भरोसे खुला स्कूल!

- बच्चों ने खुद खोला स्कूल का गेट और कराई प्रार्थना
- नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय पाली की तस्वीर ने खोली बेसिक शिक्षा व्यवस्था की पोल, शिक्षकों की गैरहाजिरी पर उठे सवाल




**उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बेसिक शिक्षा विभाग की, व्यवस्थाओं को आईना दिखाने वाली तस्वीर नवाबगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय पाली से सामने आई है। विद्यालय खुलने के समय शिक्षक नदारद रहे तो स्कूल की जिम्मेदारी नन्हे-मुन्ने बच्चों को ही संभालनी पड़ी। बच्चों ने खुद विद्यालय का गेट खोला और इसके बाद स्वयं ही प्रार्थना कराई।

शिक्षकों की गैरमौजूदगी में बच्चों का इस तरह विद्यालय की व्यवस्थाएं संभालना विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जिन बच्चों को शिक्षक के मार्गदर्शन में पढ़ाई और अनुशासन सीखना चाहिए, वही बच्चे विद्यालय खोलने से लेकर प्रार्थना कराने तक की जिम्मेदारी निभाते नजर आए। शासन और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं। इसके बावजूद प्राथमिक विद्यालय पाली की सामने आई तस्वीर इन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रही है।

**क्या बोले बीएसए?**

पूरे मामले को लेकर जब बीएसए शैलेश पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। अनुशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के दावों के बीच अब सवाल यह है कि विद्यालय खुलने के समय शिक्षक आखिर कहां थे? बच्चों को विद्यालय की जिम्मेदारी क्यों संभालनी पड़ी और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन है? मामले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से क्या जांच और कार्रवाई की जाती है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर/शाहजहांपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम मसरूरपुर गोटिया निवासी 30 वर्षीय धर्मवीर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर मंगलवार देर शाम ही मोहल्ला बहादुरगंज निवासी 38 वर्षीय दीपक गंगवार पुत्र राम कुमार गंगवार के सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## जागे जिम्मेदार, हैंडपंप हुए दुरुस्त

खबर का असर

**हसनगंज, उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जस मडा बब्बन गांव के गणेश खेड़ा मजरे में महीनों से खराब पड़े तीन सरकारी हैंडपंपों को लेकर तरुणमित्र अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थीं खबर का असर आखिरकार दिखाई दिया। 5 अक्टूबर को ग्रामीणों की पेयजल समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद 7 अक्टूबर को दोनों खराब हैंडपंपों की मरम्मत करा दी गई। एक ही मोहल्ले में तीन हैंडपंप खराब होने से 200 से अधिक ग्रामीणों को करीब 200 मीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा था। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में है लिया और तीनों हैंडपंपों को दुरुस्त करा दिया। हैंडपंप चालू होने के बाद ग्रामीणों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने समस्या को प्रमुखता से उठाने और समाधान होने पर खुशी जताई। खबर का असर यही है सवाल उठे तो जिम्मेदार जागे, महीनों से सूखे पड़े हैंडपंप दो दिन में चल पड़े।

**क्या बोली बीडीओ?**

मामले को लेकर जब बीडीओ निशा सागर विश्वकर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खबर का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभाव से हैंडपंप सही करवा दिए गए हैं।


तरुणमित्र

हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों की निकासी, फिर भी प्यासे लोग

## नई जिम्मेदारी के बाद पहली बार उन्नाव पहुंचे अमित, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के रिसर्च डिपार्टमेंट में स्टेट को-हेड की जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों ने पहनाई माला, खिलाई मिठाई

**उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के स्टेट को-हेड अमित मौर्य को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार उन्नाव पहुंचने पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने हार-माला पहनाकर उनका सम्मान किया और मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई।

अमित मौर्य को भाजपा ओबीसी मोर्चा के रिसर्च डिपार्टमेंट में स्टेट को-हेड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्नाव आगमन पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने भाजपा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए अमित मौर्य



का अभिनंदन किया। समर्थकों ने कहा कि अमित मौर्य को मिली नई जिम्मेदारी से संगठनात्मक गतिविधियों के साथ ही रिसर्च से जुड़े कार्यों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अमित मौर्य अपनी जिम्मेदारी का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे

### एआरपी ने परखी बच्चों की शैक्षिक दक्षता, मेधावियों का किया सम्मान

**उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में एआरपी मनीष मिश्रा ने सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छइऊके तहत बच्चों द्वारा तैयार किए जा रहे बॉटनिकल बॉटल गार्डन की जानकारी ली और विद्यार्थियों से पौधों के चयन, जैविक खाद व गार्डन तैयार करने की प्रक्रिया पर संवाद किया। कक्षा छह और आठ में गणितीय दक्षता परखते हुए उन्होंने बीजगणित के सवाल पूछे और सरल समाधान विधियां बताईं। पुस्तकालय व रीडिंग कैंपेन के नियमित उपयोग पर भी चर्चा की। SGFI प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले सात विद्यार्थियों तथा छइऊमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को सामग्री देकर सम्मानित किया गया। एआरपी ने विद्यालय की उपस्थिति, अनुशासन, स्वच्छता और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शशी देवी समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पीएम-सीएम की तस्वीरों पर पेंट शिक्षा विभाग की निगाहों पर सवाल

हसनगंज शिक्षा विभाग के गेट पर लगी होल्डिंग बदहाल, जिम्मेदारों की नजर के सामने तस्वीरें खराब होने का आरोप

**हसनगंज, उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** शिक्षा विभाग के गेट के बाहर लगी होल्डिंग इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। होल्डिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें लगी हैं, लेकिन आरोप है कि दोनों नेताओं के चित्रों पर पेंट लगा होने से तस्वीरें खराब नजर आ रही हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि शिक्षा विभाग के गेट के बाहर लगी होल्डिंग की यह स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की नजर से कैसे बची हुई है विभागीय अधिकारी और कर्मचारी रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं, इसके बावजूद क्षतिग्रस्त होल्डिंग को दुरुस्त कराने की पहल क्यों नहीं हुई मामले को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जब विभागीय परिसर के बाहर लगी होल्डिंग की स्थिति पर ही जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है, तो विभाग की व्यवस्थाओं की निगरानी किस तरह हो रही होगी,अब सवाल यह भी है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी होल्डिंग की स्थिति से वाकई अनजान हैं या फिर तस्वीरों पर पड़े पेंट को नजरअंदाज किया जा रहा है विभाग की ओर से इसे ठीक कराने के लिए कब तक कदम उठाया जाएगा, यह देखने वाली बात होगी।

# मशाल यात्रा के दौरान हादसा, मोहान विधायक बृजेश रावत का हाथ झुलसा

### पीछे से धक्का लगने पर हाथ पर गिरी मशाल, जिला अस्पताल में कराया गया उपचार

**उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** विकसित भारत सेवा संकल्प ज्योति यात्रा के दौरान बुधवार को रामलीला मैदान के पास बड़ा हादसा हो गया। ज्योति यात्रा में मशाल लेकर आगे बढ़ रहे मोहान से भाजपा विधायक बृजेश रावत का हाथ अचानक आग की चपेट में आने से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षाकर्मियों और कार्यकताओं ने तत्काल आग बुझाई।

इसके बाद विधायक को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार किया गया।बताया गया कि विधायक बृजेश रावत हाथ में मशाल लेकर यात्रा में आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से अचानक धक्का लगने के कारण मशाल उनके हाथों पर गिर गई। विधायक के मुताबिक, मशाल में मौजूद केमिकल के संपर्क में आने से उनके हाथों की त्वचा झुलस गई। हादसे में उनके सहयोगी मिलन पांडे का हाथ भी झुलसने की बात सामने आई है।घटना की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का पहुंचना शुरू हो गया। डीएम घनश्याम मीणा, एसपी जयप्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, जिला प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी और बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार अस्पताल पहुंचे और विधायक का हाल जाना। डॉक्टरों की निगरानी में विधायक का उपचार किया गया।



**क्या बोले विधायक बृजेश रावत**

विधायक बृजेश रावत ने बताया कि वह मशाल लेकर आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से धक्का लगने के कारण मशाल उनके हाथों पर गिर गई। उन्होंने बताया कि मशाल में मौजूद केमिकल से उनके हाथों की त्वचा जल गई। उनके सहयोगी मिलन पांडे का हाथ भी इस हादसे में झुलस गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। हादसे के बाद कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था और मशाल में इस्तेमाल किए गए पदार्थ को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## राष्ट्रीय पोषण माह में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले नियुक्ति प्रमाण पत्र

### गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम में दिखा उत्साह, जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों ने लिया हिस्सा

**हसनगंज, उन्नाव, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बुधवार को हसनगंज क्षेत्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव कुपोषण से लड़ाई और बच्चों को उचित पोषण उपलब्ध कराने से मजबूत होती है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों तक सरकार की पोषण योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में गजफ्फरनगर के ग्राम प्रधान सुनील चौरसिया सहित सुधा, शालिनी, माया देवी, नीलम रस्तोगी, नेवलगंज की मधुरिमा, नीरज, निशा, संतोष, सीडीपीओ मीता मिश्रा, दृष्टि गुप्ता, सुपरवाइजर ज्योति सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



इस दौरान कपिल निगम की अगुवाई में प्रमोद रस्तोगी, राजन शर्मा, विनोद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामबाबू रावत, राजकुमार सहित अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# वोट बचाओ, देश बचाओ के नारों से गूंजा कलेक्ट्रेट, सपाइयों ने फूंका मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला

## लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा को लेकर सपा का पैदल मार्च, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**अंबेडकरनगर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा की मांग को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक जोरदार पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वोट बचाओ, देश बचाओ और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। पैदल मार्च का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव, सांसद लालजी वर्मा तथा पूर्व मंत्री, राष्ट्रीय महासचिव एवं टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने किया। जिला कार्यालय पर बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद कार्यकताओं ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों की निष्पक्ष जांच कराने तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संबंध में अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

इस मौके पर सांसद लालजी वर्मा ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सरकार और विपक्ष की सहमति के बिना लिए गए एकतरफा फैसलों से चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने एसआईआर के माध्यम से करोड़ों मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि सत्ता किसी की भी हो, संविधान सर्वोपरि है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और निष्ठा पर उठ रहे सवालों का जवाब जनता के सामने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है और जरूरत पड़ी तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता की आवाज और उसके मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और संविधान की गरिमा के लिए समाजवादी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर जुटे सपाइयों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दो चक्र में फूंका। पुतला फूंकने के दौरान पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, जिसको लेकर पुलिस और कार्यकताओं के बीच जमकर खींचतान, धक्का-मुक्की और छीना-झपटी हुई। प्रदर्शन के दौरान मौके पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

पैदल मार्च में पूर्व सांसद शंखलाल मांझी, अकबरपुर विधायक रामअचल राजभर, आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व विधायक सुभाष राय, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, विशाल वर्मा, पार्टी प्रवक्ता राजित राम यादव, डॉ. अभिषेक सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिकेश यादव, महेंद्र यादव, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव, राष्ट्रीय महासचिव शशि यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीमा राजभर समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दृढ़ संकल्प से दिव्यांगता को दी मात शिवेन्द्र मिश्र ने हासिल की पीएचडी...!

**मैगलगंज-खीरी,07 अक्टूबर (तरुणमित्र)!** दिव्यांगता को कमजोरी नहीं बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से मात देकर मैगलगंज निवासी कवि, साहित्य-साधक एवं प्रधानाचार्य शिवेन्द्र मिश्र शिव ने हिन्दी साहित्य में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्हें जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के शिक्षाविदों, साहित्यकारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। डॉ. शिवेन्द्र मिश्र ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा रचित अष्टावक्र महाकाव्य को केंद्र में रखकर हिन्दी साहित्य में दिव्यांग विमर्श अष्टावक्र महाकाव्य के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध किया। शोध में दिव्यांग जीवन के संघर्ष, प्रतिभा, आत्मसम्मान, संवेदना और सामाजिक दृष्टिकोण का साहित्यिक अध्ययन किया गया है। शोधकार्य का निर्देशन विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शान्त कुमार चतुर्वेदी ने किया। शोध यात्रा में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय समेत विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन और सहयोग मिला। डॉ. मिश्र ने बीए, बीएड, एमए हिन्दी एवं अंग्रेजी साहित्य तथा एमएड की शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में वह सैंट एल.एन. चिल्ड्रेन अकादमी में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के साथ-साथ हिन्दी साहित्य में भी उनकी सक्रियता बनी हुई है। कस्बे से निकलकर शोध के क्षेत्र में बनाई पहचान डॉ. शिवेन्द्र मिश्र शिव की यह उपलब्धि वर्षों के परिश्रम, अध्ययन और साहित्य के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटर चोरी के बाद दोबारा चोरी का प्रयास पीड़ित ने एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

**लखीमपुर-खीरी,07 अक्टूबर(तरुणमित्र)।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम लखपेड़ा खुर्द निवासी रामप्रकाश पुत्र छोटे लाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मोटर चोरी और दोबारा चोरी के प्रयास के मामले में कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, 27 सितंबर 2026 की रात गांव के कुछ लोगों ने उसके आहाते से मोटर चोरी कर ली थी। घटना के संबंध में फूलबेहड़ थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन आरोप है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि 28/29 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे उसके आहाते का ताला तोड़कर कुछ लोग दोबारा मोटर खोलने लगे। आहट होने पर उसने टॉर्च जलाकर देखा तो आरोपी मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने धमकाया और मौके से फरार हो गए। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने पूर्व में दी गई शिकायत पर कार्रवाई न होने का भी उल्लेख किया है। उसने एसपी से पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### फरधान सीएचसी में गूंजी किलकारी, हेल्दी बेबी प्रतियोगिता में 30 नौनिहालों ने दिखाया दम

**लखीमपुर-खीरी,07 अक्टूबर(तरुणमित्र)।** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान में हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में पूरे फरधान ब्लॉक से 0 से 5 वर्ष तक के 30 स्वस्थ बच्चों ने भाग लेकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। बच्चों की किलकारियों से पूरा सीएचसी फरधान परिसर गूंज उठा। डॉ. अमित बाजपेई ने किया शुभारंभ! कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को खत्म करना और माताओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि पहला 1000 दिन बच्चे के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण होता है, इसमें सही पोषण मिलना बहुत जरूरी है। कैसे हुई जांच! मुख्य सेविका पल्लवी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की टीम ने सभी बच्चों का बारी-बारी से वजन, लंबाई, टीकाकरण कार्ड और पोषण स्तर की जांच की। बच्चों के खान-पान और साफ-सफाई के बारे में भी माताओं से जानकारी ली गई और उन्हें संतुलित आहार के टिप्स दिए गए।

### सपा कार्यकर्ताओं ने कोटवा धाम चौराहे पर भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कोटवाधाम/बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार जैसे पेपर लीक, चंदा चोरी, गिरते पुल, धँसती सड़के, लूट, हत्याओं के विरोध में समाजवादी पार्टी के नेताओं, और कार्यकताओं ने कोटवाधाम चौराहे पर भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में किए गए पाप के घड़े की मटकी को फोड कर विरोध प्रदर्शन किया गया। सपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता हाथ में घड़ा लेकर बुधवार को कोटवाधाम चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया और बीच चौराहे पर सभी ने मिलकर पाप के घड़े को फोड़ा और भाजपा के विरोध में नारेबाजी की एवँ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा की माँग की जिसमे उपस्थित रहे समाजवादी पार्टी के मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष प्रमोद रावत नन्हा, समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आनंद कौशल, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव युवजन सभा जितेंद्र साहू, समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकरणी सदस्य सलमान सिद्दीकी, सपा की वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान मिथलेश तिवारी, समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव दिवाकर वर्मा, दिनेश रावत, मुरली रावत, गुनवंत रावत, उमेश यादव एवं सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरयू नदी की तेज धारा से लगातार हो रहा भूमि कटान, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** तहसील सिरौलीगौसपुर के ग्राम पंचायत शेखपुर टुटरू के अंतर्गत आने वाले गांवों में सरयू नदी द्वारा की जा रही भूमि कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर को ज्ञापन सौंपकर कटान रोकने हेतु सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने अवगत कराया है कि ग्राम कोठीडीहा, बबुरी, घुटरु सिरौलीगुंग बीहड़ व मनीराम पुरवा सहित कई गांवों में सरयू नदी का जलस्तर घटने के बाद भी तेज धारा से लगातार कृषि भूमि का कटान जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि कटान के कारण उनकी कृषि योग्य भूमि नदी में समा रही है। कई किसानों की एक-एक कर पूरी जमीन कट गई है। इससे ग्रामीणों के सामने रोजी-रोटी के साथ-साथ पलायन की समस्या भी खड़ी हो गई है। यदि समय रहते ठोकर बांध व अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले समय में कटान और अधिक बढ़ जाएगा और कई गांव नदी के आगोश में समा सकते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराकर प्राथमिकता के आधार पर कटान रोकने हेतु अनुरक्षण कार्य व ठोकर बांध कार्य कराया जाए।

# बाराबंकी में मानक ताक पर, बिना तिरपाल के धूल उड़ाते दौड़ रहे मिट्टी भरे डंपर

## 10 गांवों के स्कूली बच्चों की जान खतरे में



**बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** तहसील नवाबगंज क्षेत्र में मानकों को दरकिनार कर मिट्टी भरे ओवरलोड डंपर बेखौफ फर्राटा भरते हुए दाऊदपुर चौराहे से दिनभर बिना तिरपाल ढके निकल कर धूल का गुबार उड़ा रहे हैं। विदित हो कि दाऊदपुर चौराहा छोटा और अतिव्यस्त है। बड़े डंपर यहां ठीक से मुड़ भी नहीं पाते, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र की छोटी सड़कों पर ओवरलोड वाहनों से सड़कें टूट रही हैं और बिना पानी छिड़काव के उड़ती धूल से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है।बताया जा रहा है कि ये डंपर अरसे से बंद पड़ी नहर को मिट्टी से पाटकर उसी रास्ते से निकाले जा रहे हैं। नहर विभाग के जेई दिलीप अग्निहोत्री ने जानकारी मिलने पर विभागीय कार्रवाई की बात कही है, जबकि हल्का लेखपाल ने मामले से अनभिज्ञता जताई है।

गौरतलब हो कि इसी रास्ते से करीब दस गांवों के बच्चे साइकिल से स्कूल जाते हैं, जिससे हर वक्त हादसे का खतरा बना है। मामले में अधिकारी रवि चंद्र त्यागी ने बिना तिरपाल वाले डंपरों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सपा नेता अनीता यादव ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**बांकेगंज-खीरी,07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सपा नेता अनीता यादव ने बुधवार को बांकेगंज व कुकरा क्षेत्र का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली।इसके बाद अनीता यादव ने क्षेत्र में जनसंपर्क कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना। उन्होंने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान नगर अध्यक्ष जकी उल्ला बरकाती, रिजवान, सदीउल्लाह, रईस, मुजीब, जाकिर, रजिश खान, शकील, आरिफ आदि पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सफाई कर्मी से सफाई करने को कहा तो मिली गाली,अधिकारियों से की शिकायत

**पडरियातुला-खीरी,07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सरकार ने सफाई कर्मियों को गांव की सफाई तथा स्वच्छ बनाने के लिए तैनात किया था लेकिन बिजुआ क्षेत्र में सफाई कर्मियों के हौसले बुलंद हैं कुछ ने तो प्राइवेट सफाई कर्मी रख है। तो कुछ सिर्फ सरकारी फाइलों में साफ सफाई कर कर फोटो भेज कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर सरकार से बराबर वेतन प्राप्त कर रहे हैं। बिजुआ क्षेत्र के सबसे चर्चित सफाई कर्मी अरविंद कुमार के हौसले तो बहुत ही ज्यादा बुलंद है वह तो शिकायत करने पर सीधे गली गलौज प्रथम मारपीट की बात करने लगता है पड़रिया तुला निवासी कमलेश राज ने बताया कि हमारे घर के सामने से निकले रास्ते में नाली सफाई व अन्य सफाई न होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई थी और मोहल्ले वासियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर सफाई कर्मी अरविंद कुमार के पास फोन किया तो सफाई कर्मी ने सीधे मां बहन की गाली देने शुरू कर दी और कल देख लेने की धमकी दी शिकायतकर्ता कमलेश ने 1076 पर फोन करके सफाई कर्मी की शिकायत दर्ज कराई है। जिसका आवेदन संख्या कुछ नहीं प्राइवेट सफाई कर्मी रख है।

तो कुछ सिर्फ सरकारी भावनाओं में साफ सफाई कर कर फोटो भेज कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर सरकार से बराबर वेतन प्राप्त कर रहे हैं बिजुआ क्षेत्र के सबसे बदनाम सफाई कर्मी अरविंद कुमार के हौसले तो बहुत ही ज्यादा बुलंद है वह तो शिकायत करने पर सीधे गली गलौज प्रथम मारपीट की बात करने लगता है पड़रिया तुला निवासी कमलेश राज ने बताया कि मैं हमारे घर के सामने से निकले रास्ते में नाली सफाई हुआ अन्य सफाई न होने के कारण जल भराव की स्थिति बनी हुई थी और मोहल्ले वासियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर सफाई कर्मी अरविंद कुमार के पास फोन किया तो सफाई कर्मी ने सीधे मां बहन की गाली देने शुरू कर दी और कल देख लेने की धमकी दी शिकायतकर्ता कमलेश ने 1076 पर फोन करके सफाई कर्मी की शिकायत दर्ज कराई है जिसका आवेदन संख्या 92615300095851 द्वारा पंचायती राज विभाग में सहायक विकास अधिकारी बिजुआ को चार दिन पहले ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन अभी तक कोई निस्कर्ष नहीं निकला है। शिकायतकर्ता कमलेश कुमार ने कहा की एक सफाई करने पर कार्रवाई नहीं होती है ।

# मोदी-योगी राज में बढ़ा महिलाओं का सम्मानः शरद अवस्थी

## आंगनबाड़ी-आशा बहुओं को मिला प्रमाणपत्र, टीबी मरीजों को पोषण पोटली




**रामनगर/बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड रामनगर के ब्लॉक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं आशा बहुओं को प्रमाण-पत्र व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। वहीं टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्रमाण-पत्र और स्कूल बैग भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में महिलाओं के मान-सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरकार ने हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाकर उन्हें बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि आशा बहुओं की मेहनत से ही जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और टीकाकरण अभियान सफल हुआ है। इसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड की सौगात दी है, जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर वडनगर से काशी तक बाइक यात्रा निकाली जा रही है, जिसका रामनगर में स्वागत कर बाराबंकी के प्रसिद्ध लाल पेड़ा से कराया गया, ताकि इसकी ऑनलाइन बिक्री को दूसरे प्रदेशों में बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर अनिल कुमार पांडे ने किया।

उन्होंने बारी-बारी से लाभार्थियों का नाम पुकार कर मुख्य अतिथि के हाथों से सम्मान दिलवाया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, बीडीसी प्रवेश शुक्ला, डॉ. स्वप्निल सिंह, पूर्ति निरीक्षक अनुज सिंह, एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह, एडीओ पंचायत विजय सैनी, सचिव अभय शुक्ला, खंड प्रेरक प्रदीप कुमार, बीपीएम समीर चौधरी, मुख्य सेविका दीपा बोरा, सरिता सचान, ममता जोशी, आंगनबाड़ी नीतू रानी, आशाबहू पूजा सिंह सहित सैकड़ों कार्यकत्री व लाभार्थी मौजूद रहीं।

# डीएम की अध्यक्षता में भूगर्भ जल प्रबन्धन समिति की बैठक सम्पन्न

**अम्बेडकरनगर , 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भूगर्भ जल के संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से भूगर्भ जल प्रबन्धन समिति की बैठक जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में भूगर्भ जल से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के नवीनीकरण से संबंधित 03 आवेदन तथा ड्रिलिंग मशीन के पंजीकरण से संबंधित 02 आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का परीक्षण करते हुए नियमानुसार अनुमोदन किए जाने की संस्तुति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूगर्भ जल के उपयोग एवं दोहन से संबंधित प्रकरणों में शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही भूगर्भ जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग, क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अधिशासी अभियंता जल निगम तथा सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गलत साधनों से सही मंजिल नहीं मिल सकती: सीपी चंद



**बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** गांधी को केवल पढ़ना और उनके विचारों पर चर्चा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सफलता की मंजिल कितनी भी बड़ी हो, उसे पाने के लिए गलत साधनों का सहारा नहीं लिया जा सकता। साध्य के साथ साधनों की पवित्रता भी जरूरी है। यह बात बुधवार को गांधी जयंती सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सीपी चंद ने कही। गांधी भवन में आयोजित समारोह के दौरान गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव को महात्मा गांधी सम्मान तथा वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी को आचार्य नरेंद्र देव सम्मान से अलंकृत किया गया। इससे पूर्व सीपी चंद, राहुल देव, नवीन जोशी और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीपी चंद ने कहा कि जैसा साध्य होता है, साधन भी उसी अनुरूप होने चाहिए।

गांधी का रास्ता हमें लक्ष्य के साथ उसे प्राप्त करने के साधनों की पवित्रता का संदेश देता है। गांधी को पढ़ने और समझने से अधिक जरूरी है कि उनके विचार हमारे आचरण का हिस्सा बनें। वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी चिंतक राहुल देव ने कहा कि विश्व में महात्मा गांधी को जो सम्मान मिला, वह उनके विचारों की व्यापक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज का हिंदुस्तान बच्चों के हाथों में है और भारत के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी नई पीढ़ी पर है। बच्चों को गांधी के जीवन और विचारों से परिचित कराना होगा। तभी ऐसे आयोजनों की वास्तविक सार्थकता होगी।

वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने कहा कि समय बदलने के बावजूद गांधी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव और सामाजिक एकता के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी सप्ताह नई पीढ़ी को इन विचारों से जोड़ने का अभियान है। समारोह में सीपी चंद और अरविंद सिंह गोप ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया।

# दौड़े कदम तो बढ़े सपने,वाईडी मैदान में गूंजा खिलाड़ियों का जोश

**लखीमपुर-खीरी,07 अक्टूबर(तरुणमित्र)।** मैदान सजा था, कदमताल शुरू हुई तो माहौल में रोमांच घुल गया। किसी की नजर फिनिश लाइन पर थी तो किसी के कदम जीत की ओर बढ़ रहे थे। युवराज दत्त इंटर कॉलेज का मैदान बुधवार को खिलाड़ियों के जोश, जुनून और जज्बे का गवाह बना। मौका था तीन दिवसीय 75वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ का। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों की मार्च पास्ट ने मैदान में अनुशासन और ऊर्जा का रंग भर दिया।

# सटीक व विश्वसनीय आंकड़े देश के विकास योजनाओं की हैं मजबूत आधारशिला : डीएम

## जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के लिए फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ




**बाराबंकी, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए जनपद बाराबंकी में फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, अयोध्या रोड, निकट रसौली, बाराबंकी में जिलाधिकारी/प्रधान जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के कुल 118 फील्ड ट्रेनरों को दो बैचों में चार मास्टर ट्रेनरों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत किए जाने वाले जनसंख्या गणना कार्य की प्रक्रिया, ऐप आधारित डिजिटल गणना, प्रश्नावली भरने, सूचनाओं के सही संकलन एवं सत्यापन सहित जनगणना कार्य से जुड़ी विभिन्न बारीकियों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का प्रमाणिक आधार उपलब्ध कराने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जनगणना से प्राप्त सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के बेहतर नियोजन एवं विकास कार्यों की प्राथमिकताएं निर्धारित करती है। उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनरों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की प्रत्येक प्रक्रिया एवं बारीकी को गंभीरता से समझें, ताकि फील्ड स्तर पर गणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य की सफलता काफी हद तक फील्ड ट्रेनरों एवं प्रगणकों की दक्षता पर निर्भर करेगी। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को पूरी तरह आत्मसात करते हुए फील्ड में कार्यरत कार्मिकों को भी स्पष्ट एवं व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य में समयबद्धता, शुद्धता, गोपनीयता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी पंकज वर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य व्यापक स्तर पर किया जाना है, इसलिए सभी संबंधित कार्मिक अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता से समझते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराएं। अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी निरंकार सिंह ने भी प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं जनगणना कार्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए।



# कार्यालय : जिला पंचायत, प्रतापगढ़

पत्रांक : 544 / जि०पं०प्रता० / ई - निविदा / 2026-27 दिनांक 01 अक्टूबर, 2026

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

जिला पंचायतों के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से वित्तीय वर्ष 2026-27 के पैच मरम्मत कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसका सम्पूर्ण विवरण ई-टेण्डरिंग पोर्टल http:etender.up.nic.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ई-टेण्डरिंग पोर्टल http:etender.up.nic.in पर दिनांक 08.10.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 12.10.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे,जो http:etender.up.nic.in ही ऑनलाइन download/upload/submit की जा सकेंगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य uploaded निविदा सूची के कालम -7 में अंकित धनराशि का पृथक-पृथक डिमाण्ड ड्राफ्ट / पे आर्डर जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, प्रतापगढ़ के पक्ष में देय होगा तथा uploaded निविदा सूची के कालम-6 में अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि का पृथक-पृथक एफ०डी०आर० / एन०एस०सी० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, प्रतापगढ़ के पदनाम से बन्धक होगी, की स्कैन प्रतियां निविदा फार्म के साथ अपलोड की जायेंगी तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख जिला पंचायत कार्यालय का प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि सम्बन्धी डिमान्ड ड्राफ्टस / पे आर्डर / प्रतिभूति प्रमाण-पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डाल दिया जायेगा । उत्तर प्रदेश सरकारी गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या-1425 / 33-2-2020-80 जी-2000 दिनांक 14.07.2020 के अनुसार अन्य जिला पंचायत / सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों की न्यूनतम निविदा प्राप्त होने की दशा में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क मु0-10000.00 (दस हजार रुपए मात्र) डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा तथा निबन्धन की शर्तों के अनुसार प्रतिभूति जमा कर जिला पंचायत, प्रतापगढ़ में एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराते हुए निविदा की शर्तों के अनुसार अनुबन्ध गठित करना होगा। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 13.10.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपर मुख्य अधिकारी के कार्यालय कक्ष मे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। प्रथम बार में तीन से कम निविदायें प्राप्त होने पर उसकी स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक निविदादाता द्वारा 100 /- रुपए के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप पर एव चरित्र व हैसियत प्रमाण-पत्र निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा। न्यूनतम निविदादाता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त उ०प्र० क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली 1984 के अनुसार निर्धारित शर्तों के अधीन अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी जिला पंचायत में निहित होगा। अन्य विस्तृत शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

(इं.कृष्ण कुमार भाष्कर)
जिला अभियन्ता
जिला पंचायत, प्रतापगढ़

(नरेन्द्र पाल सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, प्रतापगढ़

(माधुरी पटेल)
प्रशासक
जिला पंचायत, प्रतापगढ़

# मां शाकंभरी देवी मेले की तैयारियां तेज

## 3 जोन और 16 सब सेक्टर में होगी सुरक्षा व्यवस्था, 11 से 26 अक्टूबर तक लगेगा शारदीय नवरात्रि मेला

**सहारनपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मां शाकंभरी देवी शारदीय नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की मौजूदगी में जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई। 11 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले में साफ-सफाई, विद्युत एवं प्रकाश, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाओं और पार्किंग की व्यवस्था बेहतर रखी जाए। मोबाइल एवं अस्थायी शौचालय पर्याप्त संख्या में लगाए जाएं और वहां 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल निगम के कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी।



मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे क्षेत्र को तीन जोन और 16 सब सेक्टर में बांटा गया है। मेला कोतवाली स्थापित करने के साथ अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी और होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र और खोया-पाया केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की जाए। पार्किंग व्यवस्था की भी सीसीटीवी से मॉनीटरिंग होगी। पीए सिस्टम उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं तक सूचनाएं स्पष्ट रूप से पहुंच सकें।

अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में 24 घंटे रहेगी। सभी ड्यूटीकर्मी एक दिन पहले अपने निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर लें। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए टीमें तैयार रहें। बारिश की स्थिति में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए खोल क्षेत्र से बाहर टेंट और लेटकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेटिंग की व्यवस्था की जाएगी। मेले में अस्थायी अस्पताल और एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी।

# आगरा में 10 से 25 तक होगा नि:शुल्क राशन वितरण

- अन्त्योदय कार्डधारकों को मिलेंगे 35 किलो खाद्यान्न
- अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों के लिए बड़ी राहत, अक्टूबर में नि:शुल्क गेहूँ-चावल व मक्का का वितरण

**आगरा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र में उल्लेख किया गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 05 वर्ष हेतु नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 21 किग्रा0 गेहूँ व 14 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड फतेहपुर सीकरी, जगनेर, बाह व नगर पालिका परिषद शमसाबाद में राशनकार्ड धारको/लाभार्थियों को 02 किग्रा0 गेहूँ, 02 किग्रा0 चावल व 01 किग्रा0 मक्का का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा तथा शेष विकास खण्डों में 03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा चावल प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 खाद्यान्न) का नि:शुल्क वितरण दिनांक 10.10.2026 से दिनांक 25.10.2026 के मध्य किया जायेगा।

# जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ, 34 फील्ड ट्रेनर ले रहे प्रशिक्षण

**एटा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जिला पंचायत सभागार में फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी एम. अरुन्मोली ने फीता काटकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम स्लॉट में 7, 8 और 9 अक्टूबर तथा द्वितीय स्लॉट में 14, 15 और 16 अक्टूबर को प्रशिक्षण प्रस्तावित है। प्रथम स्लॉट में 34 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला जनगणना प्रभारी आदेश मौर्य, मास्टर ट्रेनर संजय शर्मा और रजत पाल ने जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्रों के संधारण, गणना संबंधी बिंदुओं और फील्ड विजिट के दौरान पूछे जाने वाले सवालों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद फील्ड ट्रेनर एटा तहसील व नगरीय निकायों में प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे।डीएम ने कहा कि जनगणना देश के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही न हो। ट्रेनर अपनी सभी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनरों से कर लें और प्रगणकों को सही एवं स्पष्ट जानकारी दें। उन्होंने प्रशिक्षण किट भी वितरित की।

# सेवा ज्योति कलश यात्रा विकसित भारत संकल्प के तहत रैली निकाली गई

**हापुड़, 7 अक्टूबर (तरुण मित्र)।** संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके तहत आज प्रत्येक विकास खंड में जिला प्रोबेशन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग,विद्युत व अन्य विभागों द्वारा लगाए गए शिविर में आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थी परख योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग हापुड़ के द्वारा सेवा ज्योति कलश यात्रा विकसित भारत का संकल्प के तहत रैली निकाली गई। जनपद हापुड़ में सेवा ज्योति कलश यात्रा रेलवे पार्क से शुरू होकर एस एस वी डिग्री कॉलेज तक बाइक व साइकिल के माध्यम से पहुंची। सेवा ज्योति कलश यात्रा में छात्राओं, एनसीसी कैडेट एवं अन्य लोगों के द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में निरंतर सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सेवा




- जनपद में सेवा ज्योति कलश यात्रा रेलवे पार्क से शुरू होकर एस एस वी डिग्री कॉलेज तक बाइक व साइकिल के माध्यम से पहुंची

संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद हापुड़ के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री श्रुति शर्मा के द्वारा महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार व स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली व प्रशस्ति पत्र वितरित किये गए। इसी क्रम में राजकीय आईटीआई सिंभावली में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। सेवा संकल्प अभियान दिनांक 17 सितंबर तक होगा।

# एक किलो से अधिक स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन एवं एसपी सिटी व्योम बिंदल ने प्रेसवार्ता कर नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के तहत थाना मंडी पुलिस, एंटी नारकोटिक्स सेल, एसओजी, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 1.028 किलोग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2.05 करोड़ रुपये बताई गई है।



एसएसपी के अनुसार 7 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर बाबालाल दास रोड स्थित श्मशान घाट के मुख्य द्वार के पास चेकिंग के दौरान शहजाद उर्फ कालू पुत्र यासीन निवासी हसनपुर लुहारी, थाना थानाभवन, शामली, हाल निवासी नाजिम कॉलोनी, थाना मंडी और नजराना पत्नी बिलाल निवासी मिजार्पुर पोल, थाना मिजार्पुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में शहजाद के पास से 515 ग्राम और नजराना के पास से 513 ग्राम स्मैक बरामद होने का दावा किया गया है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार संख्या वड07 इङ 2919 और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मामले में थाना मंडी पर एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसएसपी ने बताया कि शहजाद शामली का हिस्ट्रीशीटर और टॉप-10 अपराधी है। उसके खिलाफ शामली और मुजफ्फरनगर में करीब 18 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं, जबकि नजराना के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट का पूर्व मामला दर्ज है।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को कथित तौर पर बताया कि वे बरेली रेलवे स्टेशन के आसपास मिलने वाली इमराना नाम की महिला से स्मैक खरीदते थे और नशे के आदी लोगों को छोटी-छोटी मात्रा में सप्लाई करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं अपने पुत्र सत्यनाम एवं पुत्रवधू श्रीमती रोली देवी पत्नी श्री सत्यनाम के आचरण एवं व्यवहार से परेशान होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं यदि किसी से ये लोग लेन-देन करते हैं, आपस में लड़ाई-झगड़ा करते हैं या कोई अपराध करते हैं तो उस कृत्य के लिए स्वयं दोनों लोग जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**शिव दर्शन पुत्र स्व0 नौमी लाल निवासी-ग्राम देवीखेड़ा, मजरा पतौना, थाना नगराम, तहसील मोहनलालगंज, लखनऊ**

## पेज 1 का शेष...

### भारत विकसित होने...

उन्होंने यह भी कहा कि देश के हर नागरिक का उन पर सबसे बड़ा हक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके 25 वर्षों का मूल्यांकन इस आधार पर नहीं होना चाहिए कि वह खुद कहां पहुंचे, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि देश कहां पहुंचा। उन्होंने अपने लिए 'एम्बिशन नहीं, मिशन' को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मिली, उसे पूरी निष्ठा से निभाते गए। उनके लिए कर्म केवल दायित्व नहीं, बल्कि देश के प्रति साधना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फल और श्रेय की चिंता किए बिना लगातार कर्म करते रहना ही उनका संकल्प रहा है। 2047 के भारत का खाका सामने रखते हुए मोदी ने दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने, आत्मनिर्भर बनने, गरीबी से मुक्त होने और मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि भारत को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, तकनीक, नवाचार, अंतरिक्ष और मनोरंजन सहित हर क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत केवल दुनिया के विमानों को उड़ाने वाला देश नहीं रहेगा, बल्कि वह दिन आएगा जब दुनिया 'मेड इन इंडिया' विमान की बात करेगी। ओलंपिक की मेजबानी का लक्ष्य भी उन्होंने सामने रखा।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण सरकार अकेले नहीं कर सकती। इसके लिए 'सबका प्रयास' जरूरी है। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और सामर्थ्य भारत की नई ऊंचाइयों का आधार बनेगी। पिछले वर्षों में 25 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर निकलने को उन्होंने देश की सामूहिक क्षमता का प्रमाण बताया और कहा कि जिस भारत के सपने कभी असंभव लगते थे, वह आज अपनी आंखों के सामने बदल रहा है।

प्रधानमंत्री ने जाति और वोट के आधार पर समस्याओं को देखने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली या विकास की समस्याएं किसी एक जाति या समुदाय की नहीं हो सकतीं, इसलिए उनके समाधान भी सबके लिए होने चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरबिंदो के भारत के भविष्य संबंधी विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश के पास अपनी नियति खुद तय करने का सामर्थ्य है। अपने सफर की सीख साझा करते हुए मोदी ने कहा कि जीत ने उन्हें विनम्रता, हार ने फिर खड़े होने, आलोचना ने आत्ममंथन और विरोध ने लोकतंत्र की शक्ति समझाई। मोदी ने अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में राजनीतिक कार्यकारी के तौर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। मई 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के बाद उन्होंने केंद्र की राजनीति में कदम रखा और 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने। इसके बाद 2019 और 2024 में भी उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए जनादेश मिला। 9 जून 2024 को उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को मिलाकर सरकार के प्रमुख के तौर पर मोदी ने लगातार 25 वर्ष पूरे किए हैं।

### महंगाई पर आरबीआई...

वालों पर ईएमआई का अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका है। आरबीआई का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब महंगाई को लेकर दबाव फिर बढ़ रहा है। अगस्त में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि जुलाई में यह 4.45 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई को नियंत्रित रखते हुए आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को बनाए रखना है।गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति के फिर तेज होने का जोखिम बना हुआ है। दुनिया के कई प्रमुख केंद्रीय बैंक भी महंगाई के दबाव को देखते हुए अपनी मौद्रिक नीतियों को सख्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। भारत अपनी जरूरत के बड़े हिस्से के लिए कच्चे तेल के आयात पर निर्भर है। ऐसे में लंबे समय तक ऊंची तेल कीमतें बनी रहने पर परिवहन से लेकर उत्पादन लागत तक बढ़ सकती है और इसका दबाव घरेलू महंगाई पर पड़ सकता है।केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी की दर भी बढ़ाकर 5.25 प्रतिशत कर दी है। वहीं मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी और बैंक रेट को 5.75 प्रतिशत पर समायोजित किया गया है। विशेषज्ञों का मानना था कि मौजूदा परिस्थितियों में आरबीआई के लिए पहले ही कदम उठाना बेहतर होगा। एसबीआई रिसर्च ने भी बढ़ते महंगाई दबाव, वैश्विक अनिश्चितता और बदलती तरलता परिस्थितियों को देखते हुए 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी की संभावना जताई थी। इसके अलावा अल नीनो प्रभाव और कम बारिश से रबी फसलों के उत्पादन पर संभावित असर भी महंगाई के मोर्चे पर नई चुनौती बन सकता है। ऐसे में आरबीआई का ताजा फैसला साफ संकेत देता है कि फिलहाल केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता महंगाई के दोबारा सिर उठाने से पहले ही उस पर अंकुश लगाने की है।

### बिजली से दौड़ रही रेल...

किफायती है और इससे लगभग 6,000 करोड़ रुपये की बचत हुई। यानी आर्थिक मोर्चे पर बिजली ने डीजल को बहुत पीछे छोड़ दिया है। फिर भी डीजल की भूमिका खत्म नहीं हुई। असल वजह मुख्य रेल मार्गों से ज्यादा रेलवे का वह हिस्सा है जो यात्रियों की नजर में कम आता है। यार्ड में शंटिंग, साइडिंग में संचालन, तकनीकी काम और आपात परिस्थितियां-इन जगहों पर डीजल इंजन अब भी उपयोगी हैं। बिजली की लाइन पहुंच जाने का मतलब यह नहीं कि रेलवे की हर गतिविधि के लिए इलेक्ट्रिक इंजन ही सबसे व्यावहारिक विकल्प बन गया है। रेलवे के लिए डीजल अब रोज का ईंधन नहीं, बल्कि आपातकाल की बीमा पॉलिसी जैसा है। सामान्य दिनों में बिजली से ट्रेन दौड़ती है, खर्च घटता है और प्रदूषण कम होता है। लेकिन असामान्य परिस्थितियों में वही पुराना डीजल इंजन रेल व्यवस्था को ठप होने से बचाने की भूमिका निभाता है। यही भारतीय रेल का नया विरोधाभास है कि पटरी का भविष्य बिजली है, लेकिन संकट की घड़ी में भरोसा अभी डीजल पर कायम है।

### आबे की मित्रता भारत-जापान...

जापान ने काशी को रुद्राक्ष दिया और काशी उसी रुद्राक्ष में जापान के साथ अपनी मित्रता और आबे की स्मृति को स्थायी रूप से संजो रही है। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के रिश्ते किसी सौदे पर नहीं, विश्वास पर आधारित हैं। आज जब दुनिया में रिश्ते हितों के आधार पर तय होते हैं, भारत को जापान के रूप में ऐसा मित्र मिला है जो विश्वास के साथ खड़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी और शिंजो आबे की पुरानी मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी नींव मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पड़ी थी। 2007 में जापान यात्रा के दौरान दोनों नेताओं की पहली मुलाकात हुई। इसके बाद काशी-क्योटो साझेदारी, गंगा आरती, बुलेट ट्रेन और विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देशों के संबंध लगातार गहरे हुए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करीब 1400 जापानी कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, जबकि साझेदारी अब सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे नए क्षेत्रों तक पहुंच गई है।

योगी ने कहा कि जापान के पास तकनीक और अनुभव है तो भारत के पास प्रतिभा और युवा ऊर्जा। उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य जापान के साथ निवेश और तकनीकी साझेदारी को लगातार विस्तार दे रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यीडा क्षेत्र में 500 एकड़ में जापानी सिटी विकसित की जा रही है तथा इन्वेस्ट यूपी में यामानाशी डेस्क स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा, 'जापान के पास प्रिसिजन है, उत्तर प्रदेश के पास स्केल।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 में भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ होगी और यह कॉरिडोर उस अमृत पर्व की पहली भेंट है। उन्होंने काशी-क्योटो की सांस्कृतिक समानताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों शहरों ने दुनिया को सिखाया है कि विरासत को सुरक्षित रखते हुए विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम में शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे और जापानी प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। मुख्यमंत्री ने जापानी भाषा में उनका स्वागत किया और अंत में 'अरिगातो गोजाइमासु' कहकर धन्यवाद दिया।

### 20 आईपीएस के तबादले...

उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। कुंवर ज्ञानंजय सिंह को हापुड़ के एसपी पद से हटाकर प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया है। कमलेश बहादुर को मऊ का एसपी बनाया गया है जबकि मऊ के एसपी विनय कुमार सिंह को गाजीपुर भेजा गया है। गाजीपुर के एसपी ईरज राजा को बलिया की जिम्मेदारी दी गई है। सूरज कुमार राय को मुजफ्फरनगर का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा चिराग जैन को आजमगढ़ ग्रामीण से बरेली नगर का एसपी बनाया गया है जबकि मानुष पारीक को बरेली नगर से आजमगढ़ नगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। संजय कुमार को मुजफ्फरनगर एसएसपी पद से हटाकर 04वीं वाहिनी पीएसी, प्रयागराज में सेनानायक की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ स्तर पर भी बदलाव किया गया है। ए. सतीश गणेश से अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध का अतिरिक्त प्रभार वापस लेकर उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा के पद पर रखा गया है। वहीं भगवान एस. श्रीवास्तव को तकनीकी सेवाओं के साथ अपराध विभाग के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी गई है।

सूची में आलोक राज नारायण को हरदोई में सहायक पुलिस अधीक्षक से अपर पुलिस अधीक्षक, मथुरा बनाया गया है। वहीं पूर्णेंदु सिंह को बागपत का पुलिस अधीक्षक, मधुवन कुमार सिंह को हापुड़ का एसपी और सुरेश चंद्र रावत को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# पीएम के जनसेवा को समर्पित 25 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन

**आगरा, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा को समर्पित 25 वर्ष–सेवा, समर्पण एवं सुशासन को समर्पित कार्यक्रम के अंतर्गत आगरा के शहजादी मंडी स्थित तारघर मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। संकल्प सभा को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान मशाल प्रज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा को रवाना किया गया। आगरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल जी, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं आगरा के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र चौधरी जी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी जी, क्षेत्रीय संघटक अभय गिरी, सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर, राज्यसभा सांसद नवीन जैन जी, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता जी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर, विधायक डॉ. जी.एस. धर्मेश, विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह, विधायक रानी पक्षपालिका सिंह, राहुल सागर आदि थे।

# बदरों से खौफजदा लोग बंदर का मुखौटा लगाकर पहुंचे कलेक्ट्रेट, किया प्रदर्शन

**मेरठ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** शहर की फूलबाग और नेहरू नगर कालोनी में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बंदरों के उत्पात और प्रशासन की अनदेखी से नाराज लोगों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। चेहरे पर बंदर का मुखौटा पहनकर सीधे कलक्ट्रेट पहुंचे और नगर निगम व वन विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। यह प्रदर्शन क्षेत्रीय पार्षद रेखा सिंह और पूर्व पार्षद नीरज सिंह के नेतृत्व में हुआ। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द राहत दिलाने की मांग की। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का खौफ इस कदर फैल चुका है कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन बंदरो का झुंड सड़क पर आ जाता है। रास्ता रोक देता है। कई लोगों को काट चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि बंदरों से बचाओ, वरना अब कॉलोनी में इंसान नहीं, सिर्फ बंदर ही नजर आएंगे। विरोध के दौरान यह बात भी सामने आई कि नगर निगम और वन विभाग की आपसी खींचतान के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# सांप के डसने का ड्रामा फेल: पत्नी व प्रेमी हत्या के दोषी करार

- अगली सुनवाई पर सजा सुनाएगी अदालत

**मेरठ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मेरठ के बहसूमा थानाक्षेत्र में घटित हुए चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में अदालत ने आज फैसला सुना दिया। अकबरपुर सादात निवासी अमित उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर (एडीजे-12) की अदालत ने दोनों को हत्या और आपराधिक साजिश रचने का दोषी माना है। अदालत दोषियों की सजा के प्रश्न पर अगली सुनवाई में फैसला सुनाएगी। यह वारदात 13 अप्रैल 2025 को हुई थी। 13 अप्रैल 2025 की सुबह अमित का शव उसके बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। शव के नीचे एक जिंदा घोड़ा पछाड़ सांप दबा हुआ था। शरीर पर सांप के काटने के 10 निशान भी मिले थे। उस समय पत्नी रविता ने दावा किया था कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है। मामले की जांच आगे बढ़ने पर मौत की वजह को लेकर स्थिति बदल गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सांप का डसना नहीं, बल्कि दम घुटना सामने आया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोला हत्या का राज**

पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉ. कपिल गर्ग की रिपोर्ट और अदालत में दी गई गवाही अभियोजन के मामले में अहम रही। रिपोर्ट के अनुसार अमित की मौत गला, नाक और मुंह दबाने से दम घुटने के कारण हुई थी। गला दबाए जाने के कारण अमित की गर्दन की ह्योइड और थायरॉइड कार्टिलेज टूट गई थीं। मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन ने इसे हत्या का मामला बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि अमित की हत्या को हादसा दिखाने के लिए शव के पास सांप रखने की साजिश रची गई थी। अभियोजन के अनुसार अमरदीप ने एक सपेरे से जागरण के नाम पर 1000 रुपये में सांप खरीदा था। मामले में सपेरे को अभियोजन गवाह बनाया गया। उसकी गवाही के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को भी अदालत के सामने रखा गया। इन्हीं साक्ष्यों पर विचार करने के बाद अदालत ने रविता और अमरदीप को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी करार दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No./Lot No | WVM-BSB-2026 |
| Description of Work | Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Varanasi Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| Catalogue Published on | 29.09.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 14.10.2026 at 11:00 Hrs |
| Auction Close Date/Time | 14.10.2026 at 11:30 Hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है:-

Details of WVM

| S. No | Lot Number | Station | Close Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-LKO-BSB-WVM-198-26-1 | BSB | Date-14.10.2026 11:30 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3473/2026

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल-प्रथम, 57 जार्ज टाउन, प्रयागराज**

**जेम-निविदा सूचना, दिनांक : 06.10.2026**

**जेम-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. जेम निविदा संख्या-जेम/2026/बी/8113613 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम, प्रयागराज के लिए एक अद्द एवं उपखण्ड अधिकारी प्रथम, प्रयागराज के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन डीजल एवं वाहन चालक सहित 20 माह की अवधि हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 590.00 एवं धनरोहर धनराशि रु0 15500.00

जेम निविदा की अंतिम तिथि 14.10.2026 समय 16:00 बजे।

**2. जेम निविदा संख्या-जेम/2026/बी/8121050 :-** विद्युत प्रेषण मण्डल-प्रथम, प्रयागराज के अन्तर्गत विभिन्न 220/132 के0वी0 उपकेन्द्रों एंव स्टोरो की सुरक्षा हेतु 01 वर्ष के लिए सुरक्षा गार्ड को संविदा पर रखने हेतु। निविदा धनरोहर धनराशि 460000.00

जेम निविदा की अंतिम तिथि 14.10.2026 समय 14:00 बजे।

**शुद्धि पत्र**

**पूर्व में प्रकाशित जेम-निविदा संख्या-जेम/2026/बी/8106749** के स्थान पर **जेम/2026/बी/8112637** पढ़ा जायें।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया वेबसाइट "https://gem.gov.in" से प्राप्त करें। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

पत्रांक:-1703-वि0प्रे0मं0प्र0 |प्रया0 |/टेण्डर नोटिस
दिनांक-07/10/2026

"राष्ट्रहित मे बिजली बचायें

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

## सीएम आवास के पीछे सेज स्पोर्ट्स अकादमी में भरा पानी

# लगातार बढ़ रहा जल स्तर, लखनऊ में त्राहिमाम

### बैकुंठ धाम में घुसा पानी, फीनिक्स पॉलिसियो तक पहुंचा





**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बुधवार गोमती नदी का रूप और अधिक विकराल हो गया। सीएम आवास के पीछे और लामार्टिनियर कॉलेज के पास मौजूद सेज स्पोर्ट अकादमी में पानी भर गया। यही नहीं फीनिक्स प्लासियो माल तक यह पानी पहुंच गया। इसके साथ ही रिवर फ्रंट और बैकुंठ धाम में भी गोमती का जलस्तर 9वें दिन भी बढ़ रहा है। शहर के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल डूब गए हैं। फैजुल्लागंज सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां 40 हजार घरों में 5-6 फीट तक पानी भरा है।

तीन लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। कई परिवार घरों में ताला लगाकर सुरक्षित जगहों पर जाने को मजबूर हैं। जानकारी के मुताबिक गोमती का लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे लखनऊ का जीवन अस्त-व्यस्त होता नजर आ रहा है। बुधवार शहर में प्रसिद्ध हनुमंत धाम मंदिर का परिसर बाढ़ के पानी से लबालब भरा हुआ नजर आया। शनिदेव मंदिर के गर्भगृह तक पानी पहुंच गया। गोमती रिवर फ्रंट के दोनों तरफ के पाथ-वे डूब गए हैं। ऐसे में वहां पर लोगों की एंट्री पर इस समय रोक लगा दी गई है। बैकुंठ धाम में शव रखने वाले चबूतरे पानी में डूब गए हैं।

पूजा करवाने वाले सनी ने बताया कि ज्यादातर लकड़ियां भी भीग गई हैं। मंगलवार को पानी तेजी से बढ़ा है। जहां एक साथ 15 से 20 शवों का अंतिम संस्कार होता था, वह पूरा इलाका डूब गया है। अब सिर्फ एक चबूतरा बचा है, जहां करीब 20 शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बैकुंठ धाम में पूजा करवाने वाले शनि ने बताया कि कल से पानी बहुत ज्यादा भर गया है, जो बड़ा इलाका था। वहां एक साथ 15 से 20 शव जलाए जाते थे। उस जगह पूरा पानी भर गया है। अब हम लोगों के पास चिता जलाने के लिए सिर्फ एक चबूतरे की जगह बची है। वहीं पर सभी शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

अगर यही हालत रही तो कल से, अग्नि देने का और सब जलाने का काम सड़क पर करना पड़ेगा। पानी लगातार बढ़ रहा है स्थिति खराब हो रही है गोमती का पानी सेज क्रिकेट स्टेडियम के अंदर पहुंच गया है। मैदान लबालब रहा। इस कारण सेज क्रिकेट एकेडमी को फिलहाल बंद कर दिया गया है। मैदान पर पानी भरा होने से खिलाड़ी अभ्यास भी नहीं कर पाए। अगले कुछ दिनों तक यहां क्रिकेट के मुकाबले नहीं होंगे। स्टेडियम से पानी निकालने के लिए तीन पंपिंग सेट लगाए गए हैं। पानी भरने कि वजह से मैदान के खराब होने की भी आशंका है।

रिवरफ्रंट पूरी तरीके से जलमग्न है। लगातार बढ़ रहा पानी संकेत दे रहा है कि आगे आने वाले कई दिनों तक स्थिति सामान्य नहीं होगी। रिवरफ्रंट की स्थिति यह हो गई है कि अब जो सीढ़ियां हैं वहां तक पानी पहुंच चुका है। पहले सीडीओ से करीब 2 फीट पानी दूर था। पार्क में लगे सुरक्षा कर्मचारियों का कहना है कि पानी तेजी से बढ़ रहा है इसलिए फ्रंट के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है।



विभूति खंड टीआई के क्षेत्र में बेखौफ डग्गामार बसों का संचालन, डीसीपी ट्रैफिक की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहा सिलसिला। सवाल–आखिर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं? छाया: तरुणमित्र

## सहकारी समितियों के कर्मचारियों को 8 साल से नहीं मिला वेतन



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि प्रदेश में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों के कर्मचारियों के पिछले 8 वर्षों से वेतन नहीं मिला। आप सहकारी समिति कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए इस मुद्दे को सड़क से संसद तक उठाएगी। साथ ही वोट चोरी और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में 9 अक्टूबर को लखनऊ में प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। गोमती नगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में कुल 7,266 पैक्स सहकारी समितियां हैं, जिनमें से लगभग 5,127 समितियों के कर्मचारियों- सचिवों, अकाउंटेंट और चौकीदारों को पिछले 8 साल से ये सरकार वेतन नहीं दे पा रही है। जबकि राज्य सरकार का बजट 9 लाख करोड़ रुपये के करीब है, लेकिन इन कर्मचारियों के वेतन के लिए महज 313 करोड़ का बजट सरकार नहीं निकाल पा रही है। इन सभी कर्मचारियों का पूरा बकाया वेतन तुरंत जारी किया जाए, अन्यथा पाटी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

चुनाव आते ही भाजपा 80-20 की नौटंकी शुरू कर देती है। जिन कर्मचारियों के घरों में चुल्हा नहीं जल रहा है. बच्चों की फीस नहीं भरी जा रही है और परिवार इलाज के अभाव में तड़प रहे हैं, वे सब बाबा के हिसाब से '80 वाले' ही हैं। कर्मचारी प्रतिनिधि शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रदेश के 2,002 कैडर सचिवों में से 1,223 को नियमित वेतन नहीं मिल रहा है। सहकारिता मंत्री के गृह जनपद तक में 1.80 करोड़ का वेतन बकाया है। न्यायालय के आदेशों के बावजूद कर्मचारियों को उनका हक नहीं दिया जा रहा और 9 साल की सेवा के बाद भी कैडर सचिव से एडीओ पद पर होने वाली पदोन्नति को सरकार ने रोक रखा है। संजय सिंह ने कहा कि देश में एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ से अधिक वोटरों के नाम काटे जाने का खेल हुआ है।

## बाढ़ पीड़ितों के लिये सहारा बना सेवा संस्थान



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** फैजुल्लागंज क्षेत्र इस समय गोमती नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण बाढ़ से प्रभावित है, इसी बीच नव ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमन कटियार व उपाध्यक्ष पूजा अवस्थी और उनकी टीम अंश अवस्थी, अदिति अवस्थी एवं प्रांजल अवस्थी बाढ़ क्षेत्र में फंसे परिवारों के लिए मदद लेकर पहुंचे, वैसे तो प्रशासन अपनी पूरी कोशिश कर रही है बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक अपना सहयोग पहुंचाने के लिए लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां तक अभी प्रशासन नहीं पहुंच पाई है। उसी में से एक क्षेत्र है कच्ची ढाल जहां अभी प्रशासन नहीं पहुंच पाई थी।

नवज्योति सेवा संस्थान और उनकी टीम वहां पहुंचकर लोगों की मदद करने के लिए आगे आई और उन्हें पानी की बोतल, खाने-पीने की सामग्री, सैनिटरी पैड और छोटे बच्चों के लिए डायपर उपलब्ध कराएं।

## सप्तक्रांति एक्सप्रेस से चार करोड़ की चरस बरामद, दो गिरफ्तार

### आरपीएफ और डीआरआई की संयुक्त कार्रवाई, नेपाल से बिहार के रास्ते दिल्ली ले जाने का दावा



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की संयुक्त टीम ने सप्तक्रांति एक्सप्रेस से करीब चार किलोग्राम चरस बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 4 करोड़ रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं।

मुजफ्फरपुर से आनंद विहार जा रही ट्रेन संख्या 12557 सप्तक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार रात करीब 11:37 बजे चारबाग स्टेशन पहुंची। डीआरआई से मिले इनपुट के आधार पर आरपीएफ प्रभारी भूपेंद्र सिंह डागर के नेतृत्व में टीम ने ट्रेन की तलाशी शुरू की। इंजन से पीछे तीसरी बोगी में दो संदिग्ध यात्रियों को बैग के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के बैग से करीब चार किलोग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय, निवासी पूर्वी चंपारण और अभिषेक, निवासी पश्चिमी चंपारण, बिहार के रूप में हुई है।

बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई गई है। पूछताछ में सामने आया कि चरस की यह खेप नेपाल से बिहार के रास्ते दिल्ली ले जाई जा रही थी। आरोपियों ने पूछताछ में इसे दिल्ली के क्लबों में सप्लाई किए जाने की जानकारी दी। टीम अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। आरपीएफ और डीआरआई ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। पूछताछ पूरी होने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर जीपीओ स्थित पटेल पार्क में सेवा ज्योति यात्रा विकसित भारत संकल्प सभा में सम्मिलित हुए सीएम योगी आदित्यनाथ। छाया: तरुणमित्र

## नगर आयुक्त से महिला बोली-आंखें निकाल लूंगी..राजपूत हूँ, वीडियो वायरल



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** बुधवार फैजुल्लागंज में गोमती के बढ़े जलस्तर से प्रभावित क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो चर्चा का विषय बन गया है। राहत कार्य के दौरान नगर आयुक्त भारी पुलिस बल और नगर निगम की टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। इस दौरान किसी बात को लेकर नगर आयुक्त महिला पर भड़क गए। बीते कई दिनों से पानी की समस्या झेल रही महिला का पारा भी चढ़ गया। महिला ने नगर आयुक्त से गुस्से में बोल दिया आँखे मत दिखाओ ...आंखे निकाल लूंगी। जिसके बाद पुलिसकर्मी महिला को शांत कराते नजर आते हैं। दरअसल, फैजुल्लागंज में बीते नौ दिनों से गोमती के बढ़े जलस्तर के कारण लोगों का जीवन अस्त -व्यस्त है।

फैजुल्लागंज क्षेत्र में मौजूद लगभग 40 हजार घरों में पिछले 5-6 फीट तक पानी भरा है। वहीं, नगर निगम की टीम भी लगातार क्षेत्र में बनी हुई है। नगर निगम का दावा है कि क्षेत्र में लोगों को हर सम्भव सहायता पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर फैजुल्लागंज में फैली अव्यवस्थाओं की तस्वीरें भी तेजी से वायरल है। इस बीच बुधवार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है,जिसमें नगर आयुक्त थाना प्रभारी जानकीपुरम के साथ नजर आ रहे हैं। वह पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रहे हैं। इस दौरान नगर आयुक्त और एक स्थानीय महिला के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो जाती है। नगर आयुक्त वीडियो में महिला को आंख दिखाते नजर आ रहे हैं। इससे महिला का सब्र का बांध टूट जाता है और वह गुस्से में बोल देती है कि आंखे मत दिखाओ ..आंखे निकाल लूंगी ..राजपूत हूं। सुरक्षा में तैनात थाना प्रभारी जानकीपुरम ने बताया कि महिला एक नांव की मांग कर रही थी।

## कुलपति प्रो. अजय तनेजा को मिला अवध रत्न सम्मान

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा शैक्षणिक नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित 'अवध रत्न सम्मानइ से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया कैफी आजमी अकादमी में संगम फाउंडेशन की ओर से आयोजित भव्य सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, नवाचार, एआई, स्टार्टअप और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर नई पहल कर रहा है। उन्होंने सम्मान के लिए संगम फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

## लखनऊ में जुटेगा देश भर के विशेषज्ञों का महाकुंभ

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** डायबिटीज एसोसिएशन की रजत जयंती,25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आगामी 9 से 11 अक्टूबर को राजधानी के होटल ताज पैलेस में तीन दिवसीय भव्य वार्षिक महासम्मेलन यूपीडाकॉन-2026 का आयोजन होने जा रहा है। ये जानकारी डॉ अजय तिवारी ने दी। उन्होंने बताया पिछले 25 सालो से मधुमेह की रोकथाम व उपचार में अग्रणी भूमिका निभा रही इस संस्था का यह सम्मेलन आधुनिक चिकित्सा जगत में मील का पत्थर साबित होगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम डायबिटीज 360 डिग्रीरू बियॉन्ड नंबर्स, बियॉन्ड टारगेट्स, बियॉन्ड बाउंड्रीज रखी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य मधुमेह प्रबंधन को केवल ब्लड शुगर के आंकड़ों और लक्ष्यों तक सीमित न रखकर मरीज के संपूर्ण स्वास्थ्य, जीवनशैली, मानसिक स्थिति और आधुनिक चिकित्सीय तकनीकों के समग्र दृष्टिकोण पर केंद्रित करना है।

## लखनऊ में ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन का सम्मेलन नौ से



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** ऑन्कोलॉजी एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम नौ से ग्यारह अक्टूबर तक आयोजित होने वाली, इंडियन एसोसिएशन ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 39वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस होगी। ये जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर विवेक गर्ग ने दी।

उन्होंने बताया इसमें देश–विदेश के एक हजार से अधिक कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ होगें। यह कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में होगा। अध्यक्ष डॉ विवेक के गर्ग ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन इसलिए भी खास है कि इंडियन एसोसिएशन आफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी अपने 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती बना रहा है। सम्मेलन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसके अलावा 20 से अधिक आईएसओ फैलोशिप पुरस्कार और 50 से अधिक गोल्डन जुबली पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सम्मेलन में कैंसर की विभिन्न प्रकार की सर्जरी पर चर्चा होगी।

इसमें स्तन कैंसर, सिर और गर्दन, के कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, लिवर और पित्त की सर्जरी, यूरोलॉजी, ऊपरी पहचान तंत्र, छाती,स्त्री रोग और साकोर्मा की सर्जरी शामिल हैं। इसके अलावा पेट की सतह से जुड़े कैंसर और शरीर के दूसरे हिस्सों में सीमित रूप से फैल चुके कैंसर के इलाज पर भी विशेष सत्र होंगे।

## बहनों की पिटाई के आठ आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**मोहनलालगंज, लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनवारा गांव में पुरानी रंजिश को दबंगों ने दो सगी बहनों की पिटाई कर घायल कर दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपियो पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है। मोहनलालगंज के धनवारा गांव निवासी अर्चना ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया 21 सितंबर की सुबह सात बजे के करीब पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी अर्जुन, उमाकान्त, रमाकान्त, राजेश, कमलेश, विमलेश, मंशा और पूरम निवासी धनवारा घर में घुस आये ओर उसकी व बहन की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आठ आरोपियो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## समय पर स्वयं खुल जाते हैं बंद द्वार : सागर

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** याहियागंज दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा में पूज्य विहसंत सागर ने कहा कि समय से पहले और भाग्य से अधिक कभी कुछ नहीं मिलता है। ऋतु के बिना बाग में कोई फूल भी नहीं खिलता। मनुष्य को निरंतर पुरुषार्थ करते हुए मन में अटूट धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि समय आने पर बंद द्वार भी स्वयं खुल जाते हैं। महराज ने कहा कि मनुष्य प्रयास करना छोड़ दे अथवा सब कुछ केवल भाग्य पर छोड़ दे। वास्तव में संसार की प्रत्येक उपलब्धि और प्रत्येक परिणाम का एक निश्चित समय होता है। जिस प्रकार बीज को कितना भी पानी दिया जाए, वह अपनी ऋतु आने पर ही वृक्ष बनता है, उसी प्रकार जीवन में सफलता भी उचित समय पर ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि अधीरता मन को अशांत करती है, जबकि धैर्य व्यक्ति को परिपक्व बनाता है। समय कभी किसी के लिए रुकता नहीं, लेकिन सही समय आने पर बंद द्वार भी खुल जाते हैं। इस अवसर पर समीर जैन, कैलाशचंद जैन कागजी, आदिश जैन, वीर कुमार जैन, गुड्डू जैन, सुमित जैन, चंद्रप्रकाश जैन, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि पूज्य महाराज कल चारबाग होते हुए आशियाना दिगंबर जैन मंदिर तथा 9 अक्टूबर को आशियाना पहुंचेंगे।

## केजीएमयू में जन्म के साथ ही नवजात के लिये मुसीबत शुरू!

### जन्म प्रमाण पत्र की कलर कॉपी उपलब्ध न होने से अभिभावकों की परेशानी बढ़ी



**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** केजीएमयू में जन्म लेने वाले बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की कलर कॉपी उपलब्ध न होने से अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई सरकारी व अन्य जरूरी कार्यों, विशेषकर आधार कार्ड बनवाने जैसे मामलों में दस्तावेज की स्पष्ट/कलर कॉपी मांगे जाने के कारण अभिभावकों को इसकी जरूरत पड़ती है। अभिभावकों का कहना है कि जब वे जन्म प्रमाण पत्र की कलर कॉपी लेने के लिए दोबारा केजीएमयू पहुंचते हैं, तो उन्हें एक आवेदन पत्र भरने और आधार कार्ड की प्रति संलग्न कर दोबारा आवेदन करने के लिए कहा जाता है। अस्पताल में इसके लिए बाकायदा एक आवेदन पत्र भी उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें जन्म प्रमाण पत्र की दूसरी कलर कॉपी ई-मेल के माध्यम से भेजने का अनुरोध किया जाता है।

परिजनों का कहना है कि बच्चे के जन्म के समय जारी जन्म प्रमाण पत्र की कॉपी मिलने के बावजूद बाद में उसकी कलर कॉपी की जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से आवेदन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इससे समय और मेहनत दोनों खर्च होते हैं, खासकर उन अभिभावकों को अधिक दिक्कत होती है जो दूसरे जिलों से इलाज या प्रसव के लिए केजीएमयू आए थे। आवेदन पत्र में बच्चे का नाम, जन्म की तारीख, पंजीकरण संख्या और आवेदक का नाम-पता, मोबाइल नंबर आदि जानकारी मांगी जाती है।

इसके साथ पहचान संबंधी दस्तावेज लगाने की प्रक्रिया भी बताई गई है। लोगों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज की डिजिटल और कलर कॉपी आसानी से उपलब्ध कराने की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी सरकारी कार्यों के लिए लोगों को दोबारा अस्पताल के चक्कर न लगाने पड़ें। अभिभावकों ने केजीएमयू प्रशासन से मांग की है कि जन्म प्रमाण पत्र की कलर कॉपी प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और ऑनलाइन किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। सवाल यह है कि जब जन्म प्रमाण पत्र केजीएमयू के रिकॉर्ड में दर्ज है, तो उसकी प्रमाणित कलर कॉपी पाने के लिए अभिभावकों को दोबारा आवेदन और दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया से क्यों गुजरना पड़ रहा है।

## चिनहट व बीकेटी में आठ अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ।** बुधवार एलडीए ने चिनहट व बीकेटी क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 45 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 08 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 एवं जोन-4 की टीम ने यह कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि चिनहट के ग्राम-मेहोरा में कार्रवाई की गयी। जिसमें मोहन, राज, धर्मवीर, राजवीर, विजय कुमार, ओमप्रकाश व अन्य द्वारा लगभग 35 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 06 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि बीकेटी के ग्राम-इंदौराबाग व ग्राम-रामपुर देवरई में अभियान चलाया गया।

## नवरात्रि व दशहरा पर्वों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



**मोहनलालगंज, लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** आगामी नवरात्रि,दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिये बुद्धवार को मोहनलालगंज कोतवाली में एसीपी आर.के.सिंह की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुयी।बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत लोगो समेत रामलीला व दुर्गा पूजा कमेटियो के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसीपी आर.के.सिंह ने बैठक में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा दुगार्पूजा व रामलीला को लेकर कोई भी नयी परम्परा ना डाले,अनुमति लेकर ही आयोजन करें।किसी भी समस्या के समाधान के लिये 24घंटे पुलिस उपलब्ध है।उन्होने रामलीला व दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये।पंडालों में प्रवेश व निकास द्वारा अलग अलग बनायें।धार्मिक आयोजन में किसी भी तरह का अश्लील डांस ना हो जिससे किसी की भावना आहत न हो इसका भी विशेष ख्याल रखे।

धार्मिक आयोजन में ध्वनि के सम्बंध में उच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइड लाइन का खायाल रखें। दुगार्पूजा के समापन पर मूर्तियो का चिन्हित स्थानों पर ही विसर्जन करे। विसर्जन के दौरान नाबालिगों को वाहन चलाने के लिये बिल्कुल ना दें।

दशहरा के कार्यक्रमों का आयोजन भी चिन्हित स्थानों पर ही करे।दहन के लिये बनने वाले पुतलों की ऊचाई का भी ध्यान रखे। प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह ने कहा त्यौहारों को आपस में मिलजुल कर मनाने की अपील किया।

## निकायों में 275 पिंक टॉयलेट का निर्माण तेज

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों में पिंक टॉयलेट विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश के नगरीय निकायों में अब तक करीब 950 पिंक टॉयलेट बनाए जा चुके हैं। साथ ही 189 नगरीय निकायों में करीब 275 पिंक टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण कार्य में तेजी लायी जा रही है। इन ब्लॉक्स में कुल 1,100 सीटें होंगी। पिंक टॉयलेट्स को विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं पर विकसित किया जा रहा है। शहरों के बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अलग, सुरक्षित और सुविधाजनक स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए बेहतर स्वच्छता सुविधाएं शहरी जीवन की आवश्यक जरूरतों में शामिल हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों को जेंडर-फ्रेंडली स्वच्छता सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ मौजूदा स्वच्छता परिसंपत्तियों के बेहतर रखरखाव को बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेसी नेताओं ने बाढ़ प्रभावितों को मदद का दिलाया भरोसा

**लखनऊ, 07 अक्टूबर (तरुणमित्र)।** लखनऊ के फैजुल्लागंज क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को फैजुल्लागंज पहुंचा। इस अवसर पार्टी द्वारा राहत सामग्री वितरित करने के साथ मदद का भरोसा दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के निदेशार्नुसार पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज बाढ़ प्रभावित फैजुल्लागंज के बाढ़ पीड़ित इलाकों में पहुंचा और राहत सामग्री का वितरण किया। प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण करते हुए प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों को समुचित सहायता एवं इलाके में चिकित्सा कैम्प लगाये जाने की मांग की है।